



THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com
Vaartha Hindi
@Vaartha_Hindi
Vaartha official
www.hindi.vaartha.com

वर्ष-30 अंक : 120 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) श्रावण शु.2 2082 शनिवार, 26 जुलाई-2025

प्रधान संपादक – डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ✻ पृष्ठ : 14 मूल्य : 8 रुपये

## मणिपुर में राष्ट्रपति शासन छह महीने और बढ़ा

नई दिल्ली, 25 जुलाई (एजेंसियां)। मणिपुर में जारी राजनीतिक अस्थिरता के बीच केंद्र सरकार ने राज्य में राष्ट्रपति शासन की अवधि को छह महीने के लिए बढ़ा दिया है। यह विस्तार 13 अगस्त 2025 से प्रभावी होगा। इस संबंध में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा प्रस्तुत सांविधिक प्रस्ताव को राज्यसभा में स्वीकार कर लिया गया है। राज्यसभा में प्रस्तुत प्रस्ताव में कहा गया है कि यह सदन मणिपुर राज्य के संबंध में संविधान के अनुच्छेद 356 के तहत राष्ट्रपति द्वारा 13 फरवरी 2025 को जारी की गई उद्घोषणा को 13 अगस्त 2025 से छह महीने की अवधि तक जारी रखने को मंजूरी देता है। इस प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के साथ ही मणिपुर में राष्ट्रपति शासन की दूसरी अवधि औपचारिक रूप से शुरू हो जाएगी।

# पीएम मोदी और मुइज्जू की द्विपक्षीय मीटिंग

> पीएम को गार्ड ऑफ ऑनर मिला > भारतीय समुदाय ने डांस से स्वागत किया



माले, 25 जुलाई (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिन के दौरे पर मालदीव पहुंच गए हैं। उनका स्वागत करने के लिए राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू लेने एयरपोर्ट पर पहुंचे। दोनों नेताओं ने एक दूसरे को गले भी लगाया।

एयरपोर्ट पर पीएम मोदी के स्वागत में स्थानीय कलाकारों ने पारंपरिक नृत्य भी किया। मोदी ने यहां भारतीय समुदाय के लोगों से मुलाकात की और भारतीय मूल के बच्चों की डांस परफॉर्मेंस भी देखी। इसके बाद दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय मीटिंग भी की। भारत-मालदीव संबंधों के 60 साल पूरे होने पर पीएम मोदी गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। भारतीय पीएम की यह तीसरी मालदीव यात्रा है। वे यहां मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के न्योते पर आए हैं।

**स्वतंत्रता दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे :**

मोदी 26 जुलाई को मालदीव के 60वें स्वतंत्रता समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस दौरान भारत और मालदीव के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना के 60 साल पूरे होने का जश्न भी मनाया जाएगा। मोहम्मद मुइज्जू नवंबर 2023 में राष्ट्रपति बने थे, उसके बाद से किसी विदेशी नेता की पहली आधिकारिक यात्रा है। इस दौरान डिफेंस और रणनीतिक क्षेत्रों में कई समझौतों (एमओयू) पर हस्ताक्षर होंगे। यह समझौते भारत की "नेबरहुड फर्स्ट" पॉलिसी के तहत मालदीव के साथ विकास साझेदारी को और मजबूत करेंगे। मोदी इस यात्रा के दौरान मोदी भारत के सहयोग से तैयार कुछ प्रोजेक्ट का उद्घाटन भी कर सकते हैं।

## मोदी ने इंदिरा का रिकॉर्ड तोड़ा

### प्रधानमंत्री पद पर लगातार 4078वां दिन

नई दिल्ली, 25 जुलाई (एजेंसियां)। नरेंद्र मोदी भारत के लगातार सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री रहने वाले दूसरे पीएम बन गए हैं। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के 4077 दिनों (24 जनवरी 1966 से 24 मार्च 1977) का रिकॉर्ड तोड़ा है। पीएम मोदी ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री पद पर 4078 दिन पूरे कर लिए हैं।


सबसे लंबे समय तक लगातार प्रधानमंत्री रहने का रिकॉर्ड जवाहरलाल नेहरू के नाम है। वो 15 अगस्त 1947 से 27 मई 1964 तक यानी लगातार कुल 6126 दिन तक इस पद पर रहे। पीएम मोदी नेहरू के रिकॉर्ड से 2048 दिन पीछे हैं।

*सीडीएस जनरल अनिल चौहान का बड़ा बयान*

# ऑपरेशन सिंदूर अभी भी जारी

नई दिल्ली, 25 जुलाई (एजेंसियां)। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने ऑपरेशन सिंदूर पर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा, ऑपरेशन सिंदूर अभी भी जारी है। देश की सैन्य तैयारियों के पहलू पर उन्होंने कहा कि हमारी तैयारी का स्तर बहुत ऊंचा होना चाहिए।

तैयारियां ऐसी हों जिसमें हम चौबीसों घंटे और 365 दिन मुस्तैद रहें। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आयोजित एक रक्षा संगोष्ठी के दौरान सीडीएस जनरल चौहान ने कहा कि युद्ध के उभरते परिदृश्य में, भविष्य के सैनिक को सूचना और तकनीक के साथ-साथ युद्ध कौशल के ऐसे मिश्रण से लैस होना चाहिए जो वॉरियर की तरह हो। उन्होंने कहा कि सेना के लिए 'शस्त्र' (युद्ध) और 'शास्त्र' (ज्ञान) दोनों सीखना आवश्यक है। चीफ ऑफ डिफेंस




स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने आधुनिक युद्ध की बदलती रणनीतियों पर भी कई बाते कही। उन्होंने कहा कि आज की लड़ाइयां पारंपरिक सीमाओं में नहीं सिमटी हैं, बल्कि वे पारदर्शी, तीव्र, बहु-क्षेत्रीय और तकनीकी रूप से बेहद जटिल हो गई हैं। उन्होंने इसे तीसरी सैन्य क्रांति करार दिया और कहा कि आज का युद्ध केवल बंदूक और टैंक तक सीमित नहीं रह गया है। सीडीएस चौहान के मुताबिक, आज के योद्धा को सामरिक, परिचालन और रणनीतिक स्तरों पर एक साथ दक्ष होना होगा। उन्हें थल, जल, वायु के साथ-साथ साइबर और कॉग्निटिव वॉरफेयर जैसे नए युद्धक्षेत्रों में भी सक्षम होना पड़ेगा। यह एक ऐसा युग है जहां एक ड्रोन हमला, साइबर अटैक, नैरेटिव वॉर और अंतरिक्ष में बाधा एक-दूसरे से जुड़ सकते हैं।

## लोकसभा में शुरू होगी जस्टिस वर्मा को हटाने की प्रक्रिया, सभी दल सहमत



नई दिल्ली, 25 जुलाई (एजेंसियां)। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने शुक्रवार को घोषणा की कि कथित भ्रष्टाचार के मामले में फंसे इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज यशवंत वर्मा को हटाने की कार्यवाही लोकसभा में शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी दल एकजुट होकर न्यायपालिका में कथित भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करने पर सहमत हुए हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि विपक्ष के नोटिस को राज्यसभा में स्वीकार नहीं किया गया है, जिससे लोकसभा में अब यह प्रक्रिया शुरू करने का रास्ता साफ हो गया है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला जल्द ही तीन सदस्यीय जांच समिति की घोषणा कर सकते हैं, जो जस्टिस वर्मा के खिलाफ लगाए गए आरोपों की जांच करेगी। रिजिजू ने कहा, हमें कोई संदेह नहीं होना चाहिए, जस्टिस यशवंत वर्मा को हटाने की कार्यवाही लोकसभा में शुरू होगी। न्यायाधीश (जांच) अधिनियम के अनुसार, लोकसभा में प्रक्रिया पूरी होने के बाद यह मामला राज्यसभा में जाएगा। इस नोटिस पर सत्तारूढ़ गठबंधन और विपक्ष के 150 से अधिक सांसदों ने हस्ताक्षर किए हैं।

## पुंछ के कृष्णा घाटी सेक्टर में बारूदी सुरंग विस्फोट एक जवान शहीद

पुंछ, 25 जुलाई (एजेंसियां)। पुंछ जिले के कृष्णा घाटी उपजिला में बारूदी सुरंग के धमाके से एक जवान बलिदान और दो गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा तब हुआ जब भारतीय सेना की 7वीं रेजिमेंट के नायब सूबेदार हरि राम, हवलदार गजेंद्र सिंह और सिपाही ललित कुमार अपनी अग्रीम चोकी के पास नियमित गश्त कर रहे थे।

इसी दौरान वे क्षेत्र में दबी एम-16 माइन के विस्फोट की चपेट में आ गए। धमाके में नायब सूबेदार हरि राम बलिदान हो गए, जबकि हवलदार गजेंद्र सिंह और सिपाही ललित कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए।

# सर्वदलीय बैठक में सदन चलाने पर बनी सहमति

> लोकसभा में सोमवार से नियमित होगी कार्यवाही



नई दिल्ली, 25 जुलाई (एजेंसियां)। मानसून सत्र में विपक्षी सदस्यों की नारेबाजी और विरोध के बीच निचले सदन की कार्यवाही शुक्रवार को भी स्थगित कर दी गई। इसके बाद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सर्वदलीय बैठक बुलाई और सदस्यों से सदन को सुचारू रूप से चलने देने का आग्रह किया। बैठक के दौरान ऑपरेशन सिंदूर पर एक सत्र आयोजित करने पर भी चर्चा हुई। इससे पहले आज सुबह राज्यसभा और लोकसभा दोनों सदनों की कार्यवाही स्थगित कर दी गई। उच्च सदन की बैठक अब सोमवार सुबह 11 बजे होगी, जबकि लोकसभा दोपहर 2 बजे फिर से शुरू होगी। सोमवार से (28 जुलाई) से सदन सुचारू रूप से चलाने पर सहमति बन गई है। इसी दिन ऑपरेशन सिंदूर पर भी चर्चा होगी। बिहार में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर चर्चा की मांग कर रहे विपक्षी सदस्यों के विरोध के बीच अध्यक्ष ओम बिरला ने संसद में प्रश्नकाल, चर्चा और संवाद को जारी रखने की अपील की और कहा कि सभी सांसदों को संसदीय मर्यादा का पालन करते हुए जनहित के मुद्दों पर बहस करनी चाहिए।

## कांग्रेस शासनकाल में जाति जनगणना न कराना मेरी गलती है, इसे ठीक करूंगा : राहुल गांधी



नई दिल्ली, 25 जुलाई (एजेंसियां)। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने जाति जनगणना को लेकर अहम बयान दिया है। राहुल गांधी ने माना कि अपनी पार्टी की सरकार के शासनकाल में जाति जनगणना न कराना बड़ी गलती थी। मै अब इसे सुधारना चाहता हूं। कांग्रेस द्वारा दिल्ली में आयोजित किया गए भागीदारी न्याय महासम्मेलन को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि मुझे राजनीति करते हुए 21 साल हो गए हैं। जब मैं पीछे देखता हूं और खुद का आत्मनिरिक्षण करता हूं..... मैंने कहां-कहां सही काम किया और कहां कमी रही, तो दो तीन बड़े मुद्दे दिखते हैं। मैंने जमीन अधिग्रहण कानून बनाया, मनरेगा लेकर आया और नियमगिरी की लड़ाई लड़ी। ये काम मैंने ठीक किए। चाहे वह आदिवासियों, दलितों और अल्पसंख्यकों की बात हो तो मुझे अच्छे नंबर मिलने चाहिए, महिलाओं के मुद्दे पर सही नंबर मिले। राहुल गांधी ने आगे कहा कि अगर में अपनी कमी की बात करता हूं तो मैंने एक गलती की है, जो ओबीसी वर्ग है उसकी जिस तरह से मुझे रक्षा करनी चाहिए थी, वह मैंने नहीं की।




## लाइटर चिट्टे का सेवन करते हुए पुलिस जवान का वीडियो वायरल

होशियारपुर, 25 जुलाई (एजेंसियां)। पंजाब में नशे के खिलाफ सरकार अभियान चला रही है। पंजाब पुलिस भी नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए ऐसे लोगों को सलाखों के पीछे पहुंचा रही है। यहां तक की नशा तस्करों के संपत्तियों को सील किया जा रहा है और घरों पर बुलडोजर कार्रवाई भी की जा रही है। इसी बीच एक वीडियो सोशल मीडिया पर बड़ी तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो पंजाब पुलिस के जवान का है। जिसमें वह नशा करते हुए कैद हुआ है। पुलिसकर्मी चिट्टे का सेवन कर रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस मुलाजिम के खिलाफ विभागीय कार्रवाई भी की गई है। होशियारपुर के एक पुलिसकर्मी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद कर्मचारी को लाइन हाजिर कर दिया गया है। बताया जाता है कि यह कर्मचारी एक नेता की सुरक्षा में तैनात था।

# करोड़ों नोटों की गड्डियां, सोने के बिस्किट मिले

## फॉरेस्ट रेंज के डिप्टी रेंजर रामचंद्र नेपक के ठिकानों ने रेड में उगला खजाना

**भुवनेश्वर, 25 जुलाई (एजेंसियां)।**

ओडिशा में भ्रष्टाचार के खिलाफ अभियान को तेज करते हुए राज्य सतर्कता विभाग ने शुक्रवार को जयपुर फॉरेस्ट रेंज के डिप्टी रेंजर रामचंद्र नेपक के छह ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। छापेमारी के दौरान 1.44 करोड़ नकद साथ में सोने के बिस्किट और सिक्के बरामद किए गए हैं। जयपुर के विशेष सतर्कता न्यायालय से प्राप्त सर्च वारंट के आधार पर की गई इस कार्रवाई में 6 डीएसपी, 5 इंस्पेक्टर, 9 एएसआई समेत एक बड़ी टीम तैनात की गई। छापेमारी की शुरुआत सुबह जयपुर और भुवनेश्वर स्थित नेपक के विभिन्न परिसरों पर की गई।

**कहां-कहां हुई छापेमारी?**

एनकेटी रोड, पीआर पेट्टा स्थित पुश्तैनी घर जयपुर टाउन, कोरापुट 2। फ्लैट



नंबर 510 गोल्डन हाइट्स, पीआर पेट्टा, जयपुर 3 फ्लैट नंबर 511 गोल्डन हाइट्स, पीआर पेट्टा, जयपुर 4 भाई का फ्लैट यूएमएस भगवती मैंशन, रघुनाथपुर, भुवनेश्वर 5 ससुराल सोमबार टोला, जयपुर टाउन 6 कार्यालय जयपुर फॉरेस्ट रेंज

**फ्लैट नंबर 510 से मिला 'खजाना'**

इन 6 जगह की छापेंमारी में फ्लैट नंबर 510 से में कुबेर का खजाना मिला, जहां एक गुप्त स्थान से 1.4 करोड़ नकद बरामद हुए। इस कैश को छुपाकर रखा गया था जिसे टीम ने खोज निकाला। बाद में गिनती में बरामद नकदी बढ़कर 1.44 करोड़ हो गई।

**सोने के बिस्किट और सिक्के भी बरामद**

इसी फ्लैट नंबर 510 से 4 सोने के बिस्किट और 10-10 ग्राम के 16 सोने के सिक्के भी बरामद हुए हैं। इनका कुल वजन और मूल्यांकन अभी जारी है। विजिलेंस टीम इन बेशकीमती वस्तुओं की वैधता की भी जांच में जुटा हुई है।

**जांच और पूछताछ जारी**

डिप्टी रेंजर रामचंद्र नेपक पर आय से अधिक संपत्ति रखने का आरोप है। उनकी वैतनिक आय की तुलना में बरामद संपत्ति कहीं अधिक पाई गई है। विजिलेंस विभाग बैंक खातों, संपत्ति दस्तावेजों और अन्य इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों की जांच कर रहा है। उन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ की संभावना भी जताई जा रही है।

**क्या बोले विजिलेंस अधिकारी?**

एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, यह छापेमारी भ्रष्टाचार के खिलाफ हमारी प्रतिबद्धता का हिस्सा है। अभी जांच चल रही है और विस्तृत रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पुलिस ने पकड़ी 100 करोड़ की एमडीएमए ड्रग्स, 5 नाइजीरियाई अरेस्ट

नई दिल्ली, 25 जुलाई (एजेंसियां)। दिल्ली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 100 करोड़ रुपये की एमडीएमए ड्रग्स जब्त की है। इस मामले में पुलिस ने 5 नाइजीरियाई नागरिकों को भी अरेस्ट किया है। इससे पहले दिल्ली पुलिस और एनसीबी ने 1 अप्रैल 2025 को कार्रवाई करते हुए तिलक नगर समेत कई इलाकों में ड्रग तस्करी की साजिश का पर्दाफाश किया था।

इसमें 27.5 करोड़ रुपये की ड्रग्स जब्त की गई। इस कार्रवाई को लेकर गृह मंत्री अमित शाह ने तारीफ भी की थी। गृहमंत्री ने तारीफ करते हुए कहा कि ड्रग्स व्यापार के खिलाफ हमारी खोज जारी है। जीरो टॉलरेंस नीति के तहत दिल्ली-एनसीआर में बड़े नार्को नेटवर्क का भंडोफोड़ किया गया। पुलिस 27.4 करोड़ की ड्रग्स के साथ 5 लोगों को अरेस्ट किया है। पुलिस ने बताया कि इस कार्रवाई के दौरान 5 आरोपियों को अरेस्ट किया गया। इसमें एक विदेशी नागरिक भी शामिल था।

दिल्ली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार यह ड्रग्स पश्चिमी दिल्ली के तिलक नगर से बरामद की गई। इसके अलावा नोएडा और ग्रेटर नोएडा के अर्पाटमेंट की तलाशी में हेरोइन और कोकीन पकड़ी गई थी। जांच में सामने आया कि यह गिरोह युवाओं को ड्रग्स और नशीले पदार्थों की तस्करी में मदद करता था।

# बरसात में पाकिस्तान से घुसपैठ की आशंका, चौकसी बढ़ी

जम्मू, 25 जुलाई (एजेंसियां)। बरसात में पाकिस्तान से घुसपैठ की आशंका के बीच बीएसएफ ने अंतरराष्ट्रीय सीमा पर चौकसी बढ़ा दी है। जम्मू, सांबा और कठुआ जिले के करीब 200 नदी-नालों का बहाव पाकिस्तान की ओर है, इसलिए बीएसएफ इन जिलों में खास सतर्कता बरत रही है। खराब मौसम की आड़ में आतंकी नदी-नालों के जरिये घुसपैठ का प्रयास करते हैं।

इस पर नजर रखने के लिए बीएसएफ ने नाव से गश्त शुरू कर दी है। बीएसएफ के जवान जम्मू में तवी, चिनाब, बसंतर, उज्ज जैसी प्रमुख नदियों में गश्त कर रहे हैं। तवी और चिनाब नदी जम्मू जिले से, बसंतर सांबा और उज्ज नदी कठुआ से पाकिस्तान की ओर बहती है। पाकिस्तान की सीमा से लेकर करीब पांच किलोमीटर के दायरे में नावों में 24 घंटे में तीन से चार बार गश्त की जा रही है। इस गश्त में बीएसएफ के वाटर विंग के जवान शामिल हैं, जो नदियों में गश्त के लिए विशेष रूप से प्रशिक्षित हैं। बता दें कि बरसात के मौसम में सीमा पर तारबंदी (फेंसिंग) को नुकसान भी पहुंचता है।

उपकरण भी सही से काम नहीं करते। इसका फायदा उठाकर आतंकी घुसपैठ का प्रयास करते हैं। फेंसिंग को कहीं नुकसान तो नहीं पहुंचा है, बीएसएफ इसकी भी जांच कर रही है।

## 'लव जिहाद' फंडिंग मामले में फरार कांग्रेस पार्षद अनवर कादरी पर इनाम की रकम दोगुनी

इंदौर, 25 जुलाई (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के इंदौर में 'लव जिहाद' के कथित वित्तपोषण मामले में फरार चल रहे कांग्रेस पार्षद अनवर कादरी उर्फ डकैत पर घोषित इनाम की राशि बढ़ा दी गई है। पहले इस पर 10,000 का इनाम था, जिसे अब दोगुना कर 20,000 कर दिया गया है। पुलिस ने शुक्रवार (25 जुलाई) को जानकारी देते हुए बताया कि अगर जल्द ही पार्षद की गिरफ्तारी नहीं होती है तो उसकी संपत्तियों की कुर्की की कार्रवाई की जाएगी।

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राजेश दंडोतिया के अनुसार, इनाम की रकम पुलिस उपायुक्त ने 10,000 घोषित की थी, जिसे अब एक अतिरिक्त आयुक्त ने बढ़ाकर 20,000 कर दिया है। कादरी के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत गिरफ्तारी का आदेश पहले ही जिला प्रशासन द्वारा जारी किया जा चुका है।

# तिरुवनंतपुरम में मनाया जाएगा नौसेना दिवस



तिरुवनंतपुरम, 25 जुलाई (एजेंसियां)। भारतीय नौसेना इस वर्ष 4 दिसंबर को नौसेना दिवस 2025 तिरुवनंतपुरम में मनाएगी। अरब सागर के किनारे स्थित इस शहर को लंबे विचार-विमर्श के बाद चुना गया है। यह निर्णय सरकार की उस पहल के अनुरूप लिया गया है जिसके तहत देश के विभिन्न हिस्सों में महत्वपूर्ण दिवसों का आयोजन किया जा रहा है। हर साल 4 दिसंबर को नौसेना दिवस मनाया जाता है ताकि ऑपरेशन ट्राइडेंट के दौरान भारतीय नौसेना की भूमिका को याद किया जा सके। यह ऑपरेशन अपनी सटीकता, साहसिक क्रियान्वयन और युद्ध के परिणाम पर पड़ने वाले शक्तिशाली प्रभाव के लिए जाना जाता है। इस वर्ष के आयोजन में तिरुवनंतपुरम के मनोरम तट पर व्यापक परिचालन प्रदर्शन और तमाम जन-संपर्क गतिविधियां शामिल होने की उम्मीद है। ये कार्यक्रम जनता को भारत की समुद्री सेनाओं की शक्ति और मिशन की बेहतर समझ प्रदान करेंगे और साथ ही भारतीय नौसेना की परिचालन क्षमताओं और तत्परता का भी प्रदर्शन करेंगे। इस ऑपरेशन में भारतीय नौसेना ने पाकिस्तान के चार जहाज डुबोए थे, जिनमें पीएनएस खैबर भी शामिल था। ऑपरेशन सिंदूर के बाद यह भारतीय नौसेना का एक बड़ा सार्वजनिक आयोजन होगा, जब नौसेना अरब सागर में पाकिस्तान के खिलाफ आक्रामक अभियान के लिए पूरी तरह तैयार थी। नौसेना दिवस 2024 ओडिशा के पुरी में मनाया गया था।

# गुजरात में 875 करोड़ रुपये का ड्रग्स जलाकर खाक

## राज्यमंत्री की मौजूदगी में वैज्ञानिक विधि से हुआ काम

भचाऊ, 25 जुलाई (एजेंसियां)। कच्छ के भचाऊ तालुका के लाकड़िया स्थित सौराष्ट्र एन्वायरो प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी की उपस्थिति में 875 करोड़ रुपये मूल्य के ड्रग्स के बड़े जखीरे को वैज्ञानिक ढंग से नष्ट किया गया। पूर्व कच्छ (गांधीधाम), पश्चिम कच्छ (भुज) और मोरबी जिले के विभिन्न पुलिस थानों में एनडीपीएस एक्ट के तहत जब्त 28 केसों के कुल 391.625 किलो और 8,986 लीटर मादक पदार्थ का नाश किया गया है। ड्रग्स के बड़े जखीरे को नष्ट करने की इस पूरी प्रक्रिया को राज्यस्तरीय उच्च स्तरीय ड्रग्स डिस्पोजल कमिटी व संबंधित जिलों की स्थानीय ड्रग्स डिस्पोजल कमिटियों की निगरानी में वैज्ञानिक विधि, यानि कंपनी के इन्सिनरेशन प्लांट (भट्टी) में सम्पन्न किया गया।



अरबों रुपये के ड्रग्स को नष्ट किए जाने के इस अवसर पर गृह राज्य मंत्री श्री हर्ष संघवी ने कहा कि युवाओं को नशे के जाल से बचाने के लिए गुजरात सरकार प्रतिबद्ध है, और यह कार्रवाई इसी संकल्प को दर्शाती है।

उन्होंने कहा कि पुलिस की प्रतिबद्धता और सतर्कता से आज करोड़ों के ड्रग्स को नष्ट कर समाज को सकारात्मक संदेश दिया गया है। इस दौरान, गांधीधाम बी डिवीजन पुलिस थाना में जब्त किए गए 82.616 किलोग्राम कोकीन जिसकी कीमत लगभग 826 करोड़ 16 लाख रुपये है, मंडवी पुलिस थाना से 105.428 किलोग्राम चरस (लगभग 44 करोड़ 57 लाख रुपये) और मोरबी थाना में जब्त 8,986 लीटर कोडीन युक्त सिरप (लगभग 1 करोड़ 84 लाख रुपये) सहित अन्य मादक पदार्थों को भी वैज्ञानिक तरीके से नष्ट किया गया। इसके अलावा, अन्य 25 अलग-अलग मामलों में जब्त गांजा, कोकीन, चरस, मेफेड्रोन, पोस्तादाना आदि कुल मिलाकर पश्चिम कच्छ का 129.368 किलोग्राम और पूर्व कच्छ गांधीधाम का 74.213 किलोग्राम मादक पदार्थ भी नष्ट किया गया।

# हाईकोर्ट ने सांसद इंजीनियर राशिद की याचिका पर एनआईए को जारी किया नोटिस



नई दिल्ली, 25 जुलाई (एजेंसियां)। दिल्ली उच्च न्यायालय ने बारामूला के सांसद इंजीनियर राशिद की अंतरिम जमानत याचिका पर राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को नोटिस जारी किया है। उच्च न्यायालय ने मामले में सुनवाई के लिए 29 जुलाई की तारीख तय की है।

दरअसल, सांसद इंजीनियर राशिद ने संसद सत्र में भाग लेने के लिए अंतरिम जमानत मांगी है। विशेष एनआईए अदालत ने उनकी अंतरिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। इससे पहले पटियाला हाउस कोर्ट ने मंगलवार को जेल में बंद लोकसभा सांसद इंजीनियर राशिद को संसद के मानसून सत्र में शामिल होने के लिए 24 जुलाई से 4 अगस्त तक हिरासत में पैरोल दे दी।

राशिद 2017 के आतंकी फंडिंग मामले में गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम के तहत राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की तरफ से गिरफ्तार किए जाने के बाद से 2019 से तिहाड़ जेल में बंद हैं। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश चंदर जीत सिंह ने हिरासत में पैरोल मंजूर की थी।

# उद्धव ठाकरे के 'सामना' में बड़ा दावा, 'जल्द बदलेंगे महाराष्ट्र सरकार के 8 मंत्री'



मुंबई, 25 जुलाई (एजेंसियां)। महाराष्ट्र की राजनीति में एक बार फिर हलचल तेज हो गई है। शिवसेना (यूबीटी) के मुखपत्र 'सामना' ने महागठबंधन सरकार में बड़े फेरबदल की भविष्यवाणी की है। सामना ने दावा किया है कि सरकार के आठ मंत्री जल्द ही बदले जा सकते हैं। यह दावा ऐसे समय में आया है जब मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के 100 दिन के कामकाज की समीक्षा चल रही है, और कई मंत्रियों का प्रदर्शन संतोषजनक नहीं माना जा रहा है। 'सामना' में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार, कुछ मंत्रियों पर पुराने विवादों का साया है, जबकि कुछ की कार्यशैली को लेकर लगातार सवाल उठते रहे हैं। मंत्रियों की निष्क्रियता और कमजोर प्रदर्शन की वजह से पार्टी और गठबंधन की छवि पर असर पड़ रहा है। यही वजह है कि मुख्यमंत्री की टीम में बड़ा बदलाव संभव है। सामना की जारी 'हिट लिस्ट' में जिन 8 मंत्रियों के नाम शामिल हैं, माणिकराव कोकाटे, संजय शिरसाट, योगेश कदम, नरहरि जिरवाल, नितेश राणे, जयकुमार गोरे, भरत गोगावले और दादा भुसे। इनमें से कुछ नेताओं पर व्यक्तिगत विवाद, जमीन घोटालों और प्रशासनिक लापरवाही के आरोप हैं, जबकि कुछ का जनता से जुड़ाव और क्षेत्रीय कामकाज बेहद कमजोर रहा है। इस बीच यह भी अटकलें लगाई जा रही हैं कि सुधीर मुनगंटीवार को फिर से कैबिनेट में मौका दिया जा सकता है। वे पूर्व में वन मंत्री रह चुके हैं और प्रशासनिक अनुभव के साथ-साथ सांगठनिक पकड़ भी रखते हैं। शिवसेना (यूबीटी) द्वारा यह मुद्दा ऐसे समय उठाया गया है। जब मराठी-हिंदी को लेकर विवाद बढ़ता जा रहा है। इसे लेकर यह सवाल उठ रहा है कि क्या सामना की यह रिपोर्ट एक राजनीतिक दबाव की रणनीति है या वाकई में सरकार के भीतर कोई बड़ा फेरबदल होने जा रहा है।

## तीन लोगों ने नाबालिग का महीनों तक किया रेप गर्भवती होने पर की जिंदा दफनाने की कोशिश

भुवनेश्वर, 25 जुलाई (एजेंसियां)। ओडिशा के जगतसिंहपुर जिले से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जिसने पूरे इलाके में गुस्सा भर दिया है। यहां एक नाबालिग लड़की के साथ कथित तौर पर बार-बार बलात्कार किया गया। जब वह गर्भवती हो गई, तो उसे जिंदा दफनाने की कोशिश की गई। यह चौंकाने वाला अपराध कुजंग पुलिस थाना क्षेत्र में रिपोर्ट किया गया है। दरअसल, बनशबरा गांव के रहने वाले भागीरथ दास और पंचानन दास नाम के दो भाइयों पर आरोप है कि उन्होंने टुलु बाबू नाम के तीसरे साथी के साथ मिलकर एक नाबालिग लड़की का कई बार बलात्कार किया। इस दरिंदगी का नतीजा यह हुआ कि लड़की पांच महीने की गर्भवती हो गई। जैसे ही आरोपियों को लड़की की गर्भावस्था के बारे में पता चला, उन्होंने अपने घिनौने अपराध को छिपाने के लिए एक और दरिंदगी भरी कोशिश की। आरोप है कि उन्होंने लड़की को जिंदा दफनाने का प्रयास किया। हालांकि सही समय पर पीड़िता को बचा लिया गया। पीड़िता को जिला मुख्यालय अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी मेडिकल जांच की गई। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों भागीरथ दास और पंचानन दास को गिरफ्तार कर लिया है,

## सौम्या रेप केस का आरोपी कन्नूर सेंट्रल जेल से फरार, कुछ ही घंटों में पुलिस ने किया गिरफ्तार

कन्नूर, 25 जुलाई (एजेंसियां)। केरल पुलिस की बड़ी लापरवाही सामने आ रही है। केरल का चर्चित सौम्या रेप और हत्याकांड का आरोपी गोविंदाचामी शुक्रवार को पुलिस को चकमा देकर कन्नूर सेंट्रल जेल से फरार हो गया। कन्नूर टाउन पुलिस ने बताया कि आरोपी के जेल से भागने की घटना की जांच की जा रही है। पुलिस ने तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। गोविंदाचामी तमिलनाडु का रहने वाला है। वह आदतन अपराधी बताया जा रहा है।

साल 2004 से 2008 के बीच वह 8 मामलों में दोषी साबित हो चुका है। हालांकि कुछ ही घंटों की मशक्कत के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। 23 साल की सौम्या कोच्चि के एक सुपरमार्केट में असिस्टेंट थी। अपनी सगाई के लिए 1 फरवरी 2011 को सौम्या पैसेंजर ट्रेन से कोच्चि से शोरनुर जा रही थी। सौम्या लेडीज डिब्बे में अकेली थी। गोविंदाचामी ने वहां आकर सौम्या के साथ लूटपाट की कोशिश की।

आरोप है कि जब सौम्या ने विरोध किया तो आरोपी ने उसे ट्रेन से फेंक दिया। फिर खुद भी ट्रेन से कूद गया और सौम्या के साथ रेप किया। अगले दिन रेलवे ट्रैक के किनारे सौम्या घायल हालत में मिली। इलाज के दौरान त्रिशूर के एक हॉस्पिटल में 6 फरवरी को सौम्या की मौत हो गई।

# 512 करोड़ का बैंक धोखाधड़ी मामला पूर्व विधायक की संपत्ति होगी नीलाम

मुंबई, 25 जुलाई (एजेंसियां)। एक विशेष धन-शोधन निरोधक अदालत (एंटी मनी लॉनड्रिंग कोर्ट) ने महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले के पनवेल स्थित एक सहकारी बैंक में हुए 512 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी मामले में पूर्व विधायक विवेकानंद शंकर पाटिल से जुड़ी संपत्तियों की नीलामी का आदेश दिया है। कर्नाला नगरी सहकारी बैंक में 512 करोड़ रुपये से अधिक की कथित धोखाधड़ी के मामले में जांच एजेंसियों ने पनवेल में पूर्व विधायक की कई एकड़ में फैली खेल अकादमी और एक जमीन सहित कई संपत्तियां जब्त की थीं। इस मामले के मुख्य आरोपी पूर्व विधायक पाटिल ने तीन बार पीपुल एंड वर्कर्स पार्टी ऑफ़ इंडिया से पनवेल से विधायक रहे और एक बार उरण से भी विधायक रहे। नवी मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने कानून के तहत पाटिल की कुछ पैतृक संपत्तियों सहित कुल 87 संपत्तियों को जब्त किया था।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) भी इस धोखाधड़ी से जुड़े एक धन शोधन मामले की जांच कर रहा है। विशेष पीएमएलए न्यायाधीश सत्यनारायण नवंदर ने मंगलवार को बैंक की याचिका स्वीकार करते हुए जब्त संपत्तियों की नीलामी का आदेश दिया। इस पर आरोपियों सहित सभी पक्षों ने इन संपत्तियों की नीलामी के लिए अपनी अनापत्ति दी थी। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने कहा कि 2006 के मुंबई ट्रेन धमाकों के मामले में राजनीतिक दबाव में किसी को भी नहीं बचाया जाएगा।

उनकी यह टिप्पणी सुप्रीम कोर्ट द्वारा बॉम्बे हाईकोर्ट के उस आदेश पर रोक लगाने के बाद आई है जिसमें 2006 के मुंबई ट्रेन धमाकों के 12 आरोपियों को बरी किया गया था। पवार ने कहा कि राज्य को मामले की गहन जांच करने और जरूरत पड़ने पर महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) लगाने का निर्देश दिया गया है।

# दिल्ली के इन 2 झुग्गियों पर चलने वाला है बुलडोजर, आतिशी का बड़ा दावा

नई दिल्ली, 25 जुलाई (एजेंसियां)। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बुलडोजर एक्शन पर आम आदमी पार्टी (आप) ने बीजेपी पर निशाना साधा है। पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने कहा कि दिल्ली में बीजेपी सरकार दो और झुग्गियों पर बुलडोजर चलाने जा रही है। उन्होंने दिल्ली में शुक्रवार (25 जुलाई) को कहा कि शालीमार बाग और रोहतास नगर में बुलडोजर चलाने की तैयारी शुरू हो गई है। लोगों को नोटिस मिले हैं। आतिशी ने कहा, "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनाव के समय में वादा किया कि दिल्ली में रहने वाले हर झुग्गी वाले को मकान मिलेगा। पूरी दिल्ली में गरीब को कार्ड दिए गए,



जहां झुग्गी वहीं मकान। पीएम मोदी ने खुद वादा किया कि जब तक मकान नहीं मिलेगा, एक भी झुग्गी नहीं तोड़ा जाएगा।" उन्होंने कहा, "बीजेपी की जब से चार इंजन की सरकार बनी है, एक के बाद एक दिल्ली के गरीबों के घरों पर बुलडोजर चलाया जा रहा है। बीजेपी की सच्चाई सामने आ गई। दरअसल, वो कह रहे थे कि जहां झुग्गी है, उसको मैदान बना देंगे।" उन्होंने कहा, "पिछले कुछ समय में मद्रासी कैंप, भूमिहीन कैंप, वजीरपुर, जेलरवाला बाग, गोकुलपुर, मादीपुर में बुलडोजर चला। अब दो और झुग्गियों शालीमार बाग और रोहतास नगर में बुलडोजर चलाने की तैयारी शुरू हो गई है।" आतिशी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में नोटिस दिखाते हुए कहा, "सीएम रेखा गुप्ता के शालीमार बाग में इंदिरा कैंप में नोटिस लगाया गया है। 15 दिन के अंदर इस झुग्गी पर बुलडोजर चला दिया जाएगा।

## हिट एंड रन का मामला बेकाबू कार ने कई लोगों को कुचला; 4 की मौत

गांधीनगर, 25 जुलाई (एजेंसियां)। गुजरात की राजधानी गांधीनगर में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। यहां एक भीषण सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। वहीं मृतकों की संख्या बढ़ने की भी आशंका जताई जा रही है। इस घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें बेकाबू कार को देखा जा सकता है। यहां एक बेकाबू कार ने सड़क पर कई लोगों को टक्कर मारी और आगे जाकर खुद भी दुर्घटनाग्रस्त हो गई। स्कूटी सवार और कई पैदल यात्री कार की चपेट में आ गए। स्थानीय लोगों का मानना है कि कार चालक नशे में था, जिस वजह से ये हादसा हुआ है। दरअसल, गांधीनगर के रांदेसण के पास हिट एंड रन की एक घटना में चार लोगों की मौत हो गई।

# 'तेजस्वी सीएम बनेंगे तो मुझे मरवा देंगे', पप्पू यादव का बड़ा बयान



पटना, 25 जुलाई (एजेंसियां)। बिहार के पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने आरजेडी नेता तेजस्वी यादव को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि अगर तेजस्वी यादव मुख्यमंत्री बने तो या तो वे मुझे मरवा देंगे या मैं बिहार छोड़कर भाग जाऊंगा। यह बयान बिहार विधानसभा सत्र के दौरान तेजस्वी यादव के बढ़ते प्रभाव और महागठबंधन की एकजुटता पर सवाल उठाते हुए दिया गया है। वहीं इस बयान ने आरजेडी और कांग्रेस के बीच तनाव को और बढ़ा दिया, क्योंकि पप्पू यादव का यह महागठबंधन की एकता पर सवाल उठाता है।

बता दें कि बिहार विधानसभा सत्र 2025 में नल जल योजना को लेकर विपक्ष ने विरोध प्रदर्शन और नारेबाजी की। विवाद में कूदते हुए पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव (राजेश रंजन) ने तेजस्वी यादव और राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) पर कई तीखे बयान दिए। यह बयान बिहार विधानसभा चुनाव 2025 से पहले इंडिया गठबंधन में आंतरिक कलह की ओर इशारा कर रहा है। पप्पू यादव ने तेजस्वी यादव को महागठबंधन का मुख्यमंत्री उम्मीदवार मानने से भी इनकार कर दिया है।

## एमएनएस कार्यकर्ताओं ने दिखाई दबंगई, मुंबई-अहमदाबाद हाईवे पर होटलों से उतारे गुजराती साइनबोर्ड

मुंबई, 25 जुलाई (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में भाषाई विवाद एक बार फिर सुर्खियों में है। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के कार्यकर्ताओं द्वारा मुंबई-अहमदाबाद नेशनल हाईवे पर स्थित होटलों और ढाबों से गुजराती भाषा के साइनबोर्ड हटाने की खबरें सामने आ रही हैं। एमएनएस ने मांग की है कि महाराष्ट्र में सभी साइनबोर्ड मराठी भाषा में लगाए जाएं। पालघर जिला अध्यक्ष अविनाश जाधव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया और चेतावनी दी कि यदि गुजराती साइनबोर्ड नहीं हटाए गए, तो आगे भी ऐसी कार्रवाइयां जारी रहेंगी। बता दें कि मुंबई-अहमदाबाद हाईवे के किनारे कई ढाबों और होटलों पर गुजराती भाषा के साइनबोर्ड लगे थे,

सु वि चा र

इस जगत में कुछ टूटे या ना टूटे लेकिन सबका घमंड एक दिन जरूर टूटता है यही मनुष्य जीवन का सत्य है..!!

## चोरी करने वाली महिला गिरफ्तार, आभूषण बरामद






हैदराबाद, 25 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। जगदगिरिगुट्टा पुलिस ने घर में चोरी करने वाले महिला अपराधी को गिरफ्तारी किया। पुलिस ने इस मामले में बेबी उर्फ आरोही, निवासी (मधुरानगर, सनतनगर, हैदराबाद, मूल निवासी) पिपरोली गांव, गोरखपुर जिला, उत्तर प्रदेश को पकडा है। सहायक पुलिस आयुक्त, बालानगर संभाग, साइबराबाद के. सुरेश कुमार ने बताया कि बीते 18 जुलाई को शिकायतकर्ता विपार्थी, निवासी ऑल्विन कॉलोनी, जगदगिरिगुट्टा ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई।

उसने बताय कि के घर में घुसकर, जूते के स्टैंड पर हेलमेट के नीचे रखी चाबी से मुख्य द्वार का ताला खोलकर अलमारी से 22.3 तेला सोने के आभूषण और 5 तोला चांदी की पायलें चुरा लीं। संपत्ति की कुल कीमत 2,21,000 रुपये है। जिसके आधार पर जगदगिरिगुट्टा थाने में अपराध संख्या 745/2025 धारा 305 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच की गई। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में, जगद्गिरिगुट्टा पुलिस थाने की अपराध टीम और सीसीएस बालानगर ने एसओसी के पास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की और पाया कि एक महिला बैग लेकर संदिग्ध रूप से घूम रही थी।

सीसीटीवी से महिला की तस्वीर ली गई और उसे आसपास के पुलिस थानों में प्रसारित किया गया। बाद में पता चला कि इस महिला को पहले बोराबंडा पुलिस थाने ने गिरफ्तार कर रिमांड पर लिया था और महिला का विवरण एकत्र कर उसे मधुरानगर, सनत नगर स्थित उसके घर से गिरफ्तार किया गया।

महिला से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम बेबी उर्फ आरोही बताया और बताया कि वह पहले घर-घर जाकर सामान बेचने का काम करती थी। उस समय उसने देखा कि घर की चाबियां जूतों की रैक, बाल्टियों, फूलों के पौधों और बाथरूम में रखी जाती थीं। तीन साल पहले, फेसबुक के माध्यम से उसकी जान-पहचान कर्नाटक के बेलगावी निवासी बचलकर फ्रैंकलिन उर्फ चिंटू से हुई और वह उससे परिचित हो गई। विलासितापूर्ण जीवन जीने की लत और उसकी कमाई कम होने के कारण, उसने घरों में चोरी करना शुरू कर दिया। वह ऑल्विन कॉलोनी आई और घर की तलाश की। शिकायतकर्ता का घर बंद पाया गया और चाबी जूते की रैक पर हेलमेट के नीचे मिली। मुख्य द्वार खोलकर वह बेडरूम में गई और अलमारी की चाबी अलमारी में मिली। अलमारी खोलकर उसने आभूषण चुरा लिया और भाग गई। शुक्रवार को आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। आरोपी महिला बोराबंडा पुलिस थाने के (2) मामलों में संलिप्त थी और चंचलगुडा जेल गया थी। बीते 28 जून को उसे जमानत मिली थी।

## हथकरघा संघों की समस्याओं के समाधान को लेकर एमएलए से मिलें संघ के पदाधिकारी

हैदराबाद, 25 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। नलगोंडा और महबूबनगर जिलों के संघों के नेताओं ने मुनुगोड़े विधायक कोमटिरेड्डी राज गोपाल रेड्डी के ध्यान में हथकरघा संघों की विभिन्न समस्याओं को लाया। शुक्रवार को, उन्होंने हैदराबाद में राज गोपाल रेड्डी से उनके आवास पर मुलाकात की और विभिन्न समस्याओं के बारे में जानकारी दी। संघ के लोगों ने बताया कि वे विशेष रूप से यह सुनिश्चित करना चाहते थे कि प्रत्येक हथकरघा के लिए कुल तीन जियो-टैग्ड श्रमिक हों (पहले तीन जियो-टैग्ड श्रमिक थे, अब उन्हें घटाकर दो कर दिया गया है)। उन्होंने 350 संघों से संबंधित 50 करोड़ के ऋण माफ करने, नए ऋण स्वीकृत करने और हथकरघा संघों के चुनाव कराने की मांग की। उन्होंने याद दिलाया कि उनके राजनीतिक जीवन की शुरूआत हथकरघा संघों की समस्याओं के समाधान से हुई थी। वे निश्चित रूप से जियो-टैग्ड श्रमिकों की संख्या बढ़ाना, ऋण माफ़ी, नए ऋण स्वीकृत करना और हथकरघा संघों का गठन चाहते थे। उन्होंने संघों को आश्वासन दिया कि वे चुनावी मुद्दों को सरकार के ध्यान में लाएंगे और उनका समाधान करेंगे।

## कांग्रेस द्वारा पिछड़े वर्गों के लिए 42 प्रतिशत आरक्षण का वादा धोखा : किशन रेड्डी



नई दिल्ली / हैदराबाद, 25 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी ने दिल्ली में आयोजित मीडिया सम्मेलन में कहा कि कांग्रेस पिछड़े वर्गों के लिए 42 प्रतिशत आरक्षण का वादा करके पिछड़े वर्गों को धोखा देने की कोशिश कर रही है। जब राजशेखर रेड्डी मुख्यमंत्री थे, तब पिछड़े वर्ग-ई के नाम पर मुसलमानों को 4 प्रतिशत आरक्षण दिया गया था।

उच्च न्यायालय ने दो बार फैसला सुनाया है कि आरक्षण असंवैधानिक है और ऐसे आरक्षण अमान्य हैं। हालाँकि, वे सर्वोच्च न्यायालय गए हैं और इसे ज़रूरत से ज़्यादा लागू कर रहे हैं और स्थगन प्राप्त कर रहे हैं। अब, मुसलमानों के लिए आरक्षण को 4 से बढ़ाकर 10 प्रतिशत करके, कांग्रेस पार्टी पिछड़े वर्गों के साथ अन्याय कर रही है। उसने जाति जनगणना के नाम पर पिछड़े वर्गों की आबादी को तेज़ी से कम करने की कोशिश की है।

उसने कहा है कि 56 प्रतिशत पिछड़े वर्ग हैं, लेकिन उनमें से 10 प्रतिशत मुसलमानों को दिखाया है। वह यह कहकर पिछड़े वर्गों को धोखा देने की कोशिश कर रही है कि केवल 46 प्रतिशत ही असली पिछड़े वर्ग हैं। कांग्रेस पार्टी को जवाब देना होगा कि स्थानीय निकायों में उसके द्वारा दिए जा रहे 42 प्रतिशत आरक्षण का लाभ उठाने के लिए कौन निर्णय ले रहा है। पहले आरक्षण केवल शारीरिक श्रम करने वाली जातियों को ही दिया जाता था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लाए गए 10 प्रतिशत अति पिछड़ा वर्ग आरक्षण का लाभ मुस्लिम समुदायों को भी मिलने की संभावना है। रेवंत रेड्डी और राहुल गांधी संविधान के विरुद्ध पिछड़ा वर्ग आरक्षण के साथ-साथ मुसलमानों को भी 10 प्रतिशत आरक्षण देने की कोशिश कर रहे हैं। यह सर्वविदित है कि पिछले दिनों जीएचएमसी चुनावों में 34 प्रतिशत पिछड़ा वर्ग आरक्षण के नाम पर एक षड्यंत्र रचा गया था।

150 नगरपालिका प्रभागों में से 50 सीटें पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित थीं। उन 50 पिछड़ा वर्ग सीटों में से केवल गैर-पिछड़ा वर्ग मजलिस पार्टी के लोग ही जीते थे। उन्होंने कहा कि असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी को फ़ायदा पहुँचाने के अलावा, पिछड़े वर्गों के लिए कोई फ़ायदा नहीं है। क्या मध्यम वर्गीय पिछड़े वर्गों और ग़रीब जातियों के नेता ओवैसी जैसे लोगों के साथ चुनाव लड़ सकते हैं जिन्होंने हज़ारों करोड़ रुपये जुटाए हैं? कई सालों तक राज करने वाली कांग्रेस पार्टी ने कभी भी पिछड़े वर्गों की जनगणना पर सहमति नहीं जताई। संसद में चर्चा की माँग करने के बाद भी पिछड़े वर्गों की आवाज़ नहीं सुनी गई। हम आपकी तरह पिछड़े वर्गों के साथ अन्याय करने वाले चुनाव सर्वेक्षण नहीं करेंगे। हम अपनी जातिगत जनगणना को संवैधानिक बनाएँगे और भविष्य में पिछड़े वर्गों के साथ न्याय करेंगे। आज़ादी के बाद से एक भी पिछड़ा वर्ग का व्यक्ति मुख्यमंत्री नहीं बना। कांग्रेस के सत्ता में रहते हुए एक भी पिछड़ा वर्ग का व्यक्ति प्रधानमंत्री नहीं बना।

भाजपा ने केंद्रीय मंत्रिमंडल में कई पिछड़े वर्गों को नियुक्त किया है। भाजपा ने ही पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया था। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि कांग्रेस पार्टी देश के कई राज्यों में सत्ता खो रही है। लगातार तीसरी बार देश की जनता ने राहुल गांधी को नकारकर नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाया है। इसी हताशा के चलते राहुल गांधी और रेवंत रेड्डी ऐसी बातें कर रहे हैं। अगर अभी चुनाव भी हो जाएँ, तो कांग्रेस उन राज्यों में हारेगी जहाँ वह सत्ता में है। दूसरों को नैतिकता सिखाने से पहले रेवंत रेड्डी को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देकर पिछड़े वर्ग को मुख्यमंत्री बनाना चाहिए।

## ओवैसी ने जीएचएमसी से मैकेनिकल स्वीपिंग का काम फिर शुरू करने का आग्रह किया

हैदराबाद, 25 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के अध्यक्ष और हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने मांग की कि ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम तुरंत मैकेनिकल स्वीपिंग फिर से शुरू करे, जो 30 जून से बंद है। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी को संबोधित एक पत्र में, हैदराबाद के सांसद ने कहा कि जीएचएमसी को स्वीपिंग मशीनें किराए पर देने वाली सभी एजेंसियों ने सफाई करना बंद कर दिया है।

उन्होंने कहा कि आगे की जांच में पता चला है कि काम रुकने का कारण जीएचएमसी में बजट या प्रशासनिक मंजूरी का अभाव है।

## जवाहर नगर में दर्ज की गई सबसे अधिक बारिश

हैदराबाद, 25 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना विकास योजना सोसाइटी द्वारा अपने पोर्टल पर अपलोड किए गए आंकड़ों के अनुसार, मुशीराबाद के जवाहर नगर सामुदायिक हॉल में शाम 7 बजे तक 18 मिमी बारिश हुई, जिससे यह आज शहर में सबसे अधिक वर्षा वाला क्षेत्र बन गया। दोपहर के समय मूसलाधार बारिश हुई और शाम तक जारी रही, जिससे यातायात में भारी बाधा उत्पन्न हुई। वर्षा के आंकड़ों के अनुसार, हिमायतनगर में टीएसआरटीसी कर्मचारी भवन में 16 मिमी बारिश दर्ज की गई, इसके बाद मुशीराबाद में बारिश हुई। इसके बाद, रामनातपुर वार्ड कार्यालय में 15 मिमी, जीएचएमसी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 14.8 मिमी, मूसारामबाग वार्ड कार्यालय में 13.5 मिमी, बरकस ईएसएस चंद्रयानगुट्टा में 12.8 मिमी, गौतम नगर फंक्शन हॉल (फिल्म नगर) में 11.5 मिमी और आजमपुरा वार्ड कार्यालय में 10.8 मिमी बारिश दर्ज की गई।

## फैक्ट्री में करंट लगने से प्रवासी मजदूर की मौत

संगारेड्डी, 25 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। पटनचेरू के बंडलागुडा औद्योगिक क्षेत्र स्थित अग्रवाल रबर इंडस्ट्रीज में एक 34 वर्षीय औद्योगिक कर्मचारी की बिजली का करंट लगने से मौत हो गई। मृतक की पहचान बिहार के प्रवासी मजदूर सुरेश सिंह यादव के रूप में हुई है।

घटना के बाद, सहकर्मियों और पीड़ित परिवार के सदस्यों ने फैक्ट्री परिसर में विरोध प्रदर्शन किया और पीड़ित परिवार के लिए न्याय और मुआवजे की मांग की। परिजनों ने आरोप लगाया कि यह दुर्घटना प्रबंधन द्वारा बुनियादी सुरक्षा उपायों को लागू न करने के कारण हुई। लंबी बातचीत के बाद, प्रबंधन 55 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने पर सहमत हो गया। परिवार ने शुरूआत में एक करोड़ रुपये की मांग की थी।

## ओएमसी मामले में आईएएस अधिकारी श्रीलक्ष्मी की बरी करने की याचिका हाईकोर्ट ने खारिज की

हैदराबाद, 25 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। वरिष्ठ आईएएस अधिकारी श्रीलक्ष्मी को आज ओबुलापुरम खनन मामले में बड़ा झटका लगा। उन्होंने इस सनसनीखेज मामले में खुद को बरी करने की मांग करते हुए तेलंगाना हाईकोर्ट में एक पुनरीक्षण याचिका दायर की। शुक्रवार को हाईकोर्ट ने उनकी याचिका पर सुनवाई की। बाद में, उनकी याचिका खारिज कर दी गई। दालत ने फैसला सुनाया कि वह ओएमसी मामले में आरोपी नहीं हैं। सीबीआई और प्रतिवादियों की दलीलों पर विचार करते हुए, अदालत ने उनकी बरी करने की याचिका खारिज कर दी। अदालत ने स्पष्ट किया कि श्रीलक्ष्मी इस मामले में आरोपी नहीं हैं और उन्हें मुकदमे का सामना करना होगा। हाईकोर्ट के फैसले के साथ, श्रीलक्ष्मी मामले की सुनवाई सीबीआई अदालत में जारी रहेगी। एमसी खनन पट्टा मामला 2006 में श्रीलक्ष्मी के उद्योग विभाग के सचिव के रूप में कार्यभार संभालने के बाद शुरू हुआ था। सीबीआई ने आरोप लगाया कि श्रीलक्ष्मी ने लीज़ मामले में अपने अधिकारों का दुरूपयोग किया है और तर्क दिया कि लीज़ नियमों का उल्लंघन करके और अवैध रूप से दी गई थी। अदालत सीबीआई की दलीलों से सहमत हुई। 022 में, तेलंगाना उच्च न्यायालय ने श्रीलक्ष्मी को इस मामले से मुक्त कर दिया था। हालांकि, सीबीआई ने सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया और आरोप लगाया कि उच्च न्यायालय ने प्रतिवादियों की दलीलों पर विचार किए बिना अपना फैसला सुनाया। परिणामस्वरूप, सर्वोच्च न्यायालय ने तेलंगाना उच्च न्यायालय को मामले की पुनः सुनवाई करने का आदेश दिया और कहा कि आदेश जारी करना उचित नहीं है और उच्च न्यायालय को तीन महीने के भीतर मामले का निपटारा करने को कहा। बीआई के वकील ने अदालत में तर्क दिया कि श्रीलक्ष्मी ने ओएमसी को लीज़ आवंटित करने की पहल की थी। अदालत के ध्यान में लाया गया कि श्रीलक्ष्मी ने कई आवेदनों के बावजूद ओएमसी को लीज़ दिलाना सुनिश्चित किया था और उन्होंने यह भी कहा कि इस आशय के सबूत मौजूद हैं। नों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद, उच्च न्यायालय ने पाया कि श्रीलक्ष्मी ने अपने पद का दुरूपयोग किया और खनन पट्टों के आवंटन में अनियमितताएं कीं, जैसा कि सीबीआई ने आरोप लगाया है। उच्च न्यायालय ने श्रीलक्ष्मी को मामले में दोषी पाया और उनकी आरोपमुक्ति याचिका खारिज कर दी।

## मंत्री सीतक्का ने नए सीडीपीओ को नियुक्ति पत्र सौंपे



हैदराबाद, 25 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। पंचायत राज, महिला एवं बाल कल्याण मंत्री सीतक्का ने शुक्रवार को सचिवालय में नवनियुक्त बाल विकास परियोजना अधिकारियों (सीडीपीओ) को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। तेलंगाना राज्य लोक सेवा आयोग (टीजीपीएससी) ने इन पदों के लिए कुल 23 उम्मीदवारों का चयन किया। अपने संबोधन के दौरान, मंत्री ने सभी नियुक्त अधिकारियों को बधाई दी और इस बात पर ज़ोर दिया कि महिला एवं बाल कल्याण विभाग में सीडीपीओ की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा, यह विभाग सेवा और करुणा के प्रति प्रतिबद्धता के साथ कार्य करता है। यह जरूरी है कि सभी लोग अपनी जिम्मेदारियों को पूरी लगन से निभाएं। आपके पास छह साल तक के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डालने का अवसर है। उन्होंने कहा, आंगनवाड़ी सेवाएं गरीब समुदायों के लिए आवश्यक हैं और आंगनवाड़ी लाभार्थियों में कुपोषण को कम करने में मदद करना आपका कर्तव्य है। आपको इन लाभार्थियों तक सभी सरकारी सेवाएं पहुंचाने का दायित्व सौंपा गया है। मुख्यमंत्री के दृष्टिकोण के अनुरूप, हमारा लक्ष्य आंगनवाड़ी को राष्ट्र के लिए एक आदर्श बनाना है। मंत्री ने बताया कि राज्य सरकार आंगनवाड़ी केंद्रों को 57 प्रकार के खिलौने और सप्ताह में दो बार अंडा बिरयानी उपलब्ध करा रही है।

सीतक्का ने कहा, हम पोषण संबंधी कमियों को दूर करने के लिए दूध और अंडे की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त, हम बच्चों के लिए यूनिफॉर्म भी उपलब्ध करा रहे हैं। यह जरूरी है कि सभी लोग प्रतिबद्धता के साथ काम करें। आपको अपने प्रयासों को केवल कार्यालय तक ही सीमित नहीं रखना चाहिए, बल्कि समुदाय के साथ भी जुड़ना चाहिए। किसी भी राजनीतिक प्रभाव के आगे झुकने की जरूरत नहीं है। सभी को स्वतंत्र रूप से काम करना चाहिए।

## स्वास्थ्य कर्मियों के लिए योग सत्र के साथ मनाया आत्म-देखभाल दिवस

हैदराबाद, 25 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। अंतर्राष्ट्रीय स्व-देखभाल दिवस के अवसर पर, केआईएमएस-सनशाइन अस्पताल, बेगमपेट ने अपने डॉक्टरों, नर्सों और कर्मचारियों के लिए एक इंटरैक्टिव वेलनेस सत्र 'सभी के लिए योग' का आयोजन किया। प्रमाणित योग पंडित कार्त्यिनी अंकुश के नेतृत्व में एक घंटे के सत्र में सरल कुर्सी-आधारित योग आसन, प्राणायाम, ध्यान तकनीक और दैनिक आत्म-देखभाल और विश्राम के लिए व्यावहारिक सुझावों पर ध्यान केंद्रित किया गया।

केआईएमएस-सनशाइन अस्पताल के प्रबंध निदेशक डॉ. एवी गुरुवा रेड्डी ने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने में योग और ध्यान की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया, विशेष रूप से अग्रिम पंक्ति के स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के लिए। इस सत्र का उद्देश्य अस्पताल के कर्मचारियों को अपनी दैनिक दिनचर्या के हिस्से के रूप में योग और माइंडफुलनेस प्रथाओं को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना था, जिससे समग्र कल्याण और निवारक स्वास्थ्य सेवा के प्रति अस्पताल की प्रतिबद्धता को बल मिले।

CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, Pooja , W/o, No.14671601H, NK,Raju Ravaloji, R/o, Belagavi Dist, Karnataka, changed my name from Pooja to Pooja Raju Ravaloji vide Affidavit dt 24.07.2025, before Medchal Court, Telangana.

सावधान

पाठकों को सूचित किया जाता है कि वर्गीकृत विज्ञापन का प्रतिवादन करने से पहले उसकी पूरी तरह से जाँच पड़ताल कर लें। विज्ञापनदाता ने दावा कर रहे हैं या कह रहे हैं, उन बातों से दैनिक समाचार पत्र (स्वतंत्र वार्ता) का किसी भी तरह का कोई सम्बन्ध नहीं है।

|| श्री हरिः || बैठक || श्री हरिः ||



स्व.श्री ढगलारामजी (फुटरमलजी) वरपा
सुपुत्र: स्व.श्री छत्रारामजी वरपा
मरुधर मे धनला, बेरा खारचिया। स्वर्गवास: 01.07.2025

बैठक, आज शनिवार 26.07.2025 प्रात: 10 बजे से 4 बजे तक श्री आईमाताजी बडेर पारसीगुट्टा पर होगी
: नोट : कार्यक्रम स्थल पर पला प्रथा बंद रहेगी

शोकाकुल : यशोदाबाई (धर्मपत्नी), किशोर (पुत्र), कमलादेवी-प्रकाशजी, ज्योतिदेवी-रमेशजी (पुत्री-दामाद), मांगीलाल, भीकाराम, पुसाराम (भाई), हंजाबाई-स्व.ढलारामजी चोयल, डगरीबाई-हकारामजी पंवार, कुकीबाई-पेमारामजी खण्डाला (बहन-बहनोई), पेपीबाई (बुआ), वेनाराम, कालुराम, देवाराम, चम्पालाल, अशोक, विनोद, महेन्द्र, प्रकाश, ललित, सुरेश, जगदीश, पूजा (भतीज, भतीजी), लुआश, पार्थ, आयुष, रक्षित, मंयन, सुनित, मायरा (पौत्र, पौत्री) एवं समस्त वरपा परिवार धनला

: फर्म : राजलक्ष्मी सेनेटरी रामन्तापुर 9849891557
श्री जगदम्बा ट्रेडर्स नाचाराम 9959996162

P.Solankey

## जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) के प्रतिनिधिमंडल ने एचएमडीए का दौरा किया



हैदराबाद, 25 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। आयुक्त आनंदी के नेतृत्व में जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) के एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को हैदराबाद महानगर विकास प्राधिकरण (एचएमडीए) कार्यालय का दौरा किया। प्रतिनिधिमंडल के साथ योजना निदेशक प्रीति गुप्ता, अतिरिक्त मुख्य नगर नियोजक अंकुर दाधीच, सहायक नगर नियोजक ऋषिकेश कोलते भी थे। इस दौरे का उद्देश्य एचएमडीए की योजना गतिविधियों और महानगर विकास में अपनाई गई सर्वोत्तम प्रथाओं का अध्ययन करना था। प्रतिनिधिमंडल का स्वागत महानगर आयुक्त सरफराज अहमद और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने अमीरपेट स्थित एचएमडीए मुख्यालय में आतिथ्य सत्कार के साथ किया। इस अवसर पर सरफराज अहमद ने एचएमडीए के विकास पर एक व्यापक समीक्षा प्रस्तुति दी। उन्होंने वर्तमान मास्टर प्लान, सड़क विकास योजनाओं, भूमि पूलिंग योजनाओं और हैदराबाद महानगर क्षेत्र-2050 के लिए तैयार किए गए व्यापक मास्टर प्लान के बारे में बताया। इसमें व्यापक गतिशीलता योजना, आर्थिक विकास योजना और ब्लू-ग्रीन इंफ्रास्ट्रक्चर योजना को एकीकृत किया गया है। उन्होंने कहा कि पूरे महानगरीय क्षेत्र को जीआईएस-आधारित बेस मैप द्वारा सेवा प्रदान की जा रही है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने बताया कि तेलंगाना के महत्वपूर्ण शहरी क्षेत्र के लिए 3डी डिजिटल ट्विन विकसित किया जा रहा है, साथ ही नए व्यापक भवन विनियम भी तैयार किए जा रहे हैं। सरफराज अहमद ने बताया कि ऐसे पारस्परिक संस्थानों के बीच आपसी ज्ञान का आदान-प्रदान, सफल मॉडलों का अनुसरण और जन-केंद्रित शहरी शासन को आगे बढ़ाना बहुत लाभकारी होगा। जेडीए प्रतिनिधिमंडल ने एचएमडीए की दूरदर्शी योजना और तकनीकी उपायों की सराहना की और प्रदान की गई विस्तृत जानकारी के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। बैठक में एचएमडीए सदस्य (योजनाकार) एस. देवेंद्र रेड्डी, योजना निदेशक के. विद्याधर और एम. राजेंद्र प्रसाद नायक सहित कई नगर नियोजन अधिकारियों ने भाग लिया।

## साइबराबाद पुलिस ने साइबर म्यूल नेटवर्क का किया भंडाफोड़

### ऑनलाइन धोखाधड़ी में मदद करने के आरोप में 9 गिरफ्तार

हैदराबाद, 25 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। मेडचल एसओटी ने साइबराबाद साइबर अपराध पुलिस के साथ मिलकर नौ लोगों को गिरफ्तार किया है जो धोखाधड़ी वाले वित्तीय लेनदेन के लिए साइबर अपराधियों को खच्चर खाते संचालित करने और उपलब्ध कराने में शामिल थे। गिरफ्तार किए गए लोगों में राजस्थान के सुमित राठौर, मानवेंद्र सिंह राठौर और हैदराबाद के मोहम्मद नदीम उर रहमान, एमडी नईम उर रहमान, मोहम्मद शफी, एस भरत, तेलुगू महेश, अब्दुल खालिद और जे महेश शामिल हैं।

पुलिस ने कहा कि संदिग्ध एक संगठित साइबर धोखाधड़ी नेटवर्क का हिस्सा पाए गए, जो कई चालू खातों के माध्यम से अवैध आय को सफेद बनाता था। अधिकारियों ने कहा, अनधिकृत मोबाइल एप्लिकेशन और सिम स्वैप के माध्यम से नियंत्रित इन खातों का उपयोग ऑनलाइन धोखाधड़ी, घोटालों और अन्य साइबर अपराध के माध्यम से प्राप्त बड़ी रकम को रूट करने के लिए किया गया था।

यह समूह 'जैक' नाम से टेलीग्राम का इस्तेमाल करने वाले एक अंतरराष्ट्रीय साइबर हैंडलर के निर्देशों पर काम करता था। वे खाताधारकों को डीएलएफ, गाच्चीबावली के पास के होटलों में ठहराते थे, उनके बैंक दस्तावेज़ इकट्ठा करते थे और खातों तक दूर से पहुंचने के लिए एक दुर्भावनापूर्ण एपीके फ़ाइल इंस्टॉल करते थे। साइबर अपराध अधिकारियों ने बताया, होटल एक हफ़्ते के लिए बुक किए गए थे और पकड़े जाने से बचने के लिए बार-बार जगह बदली जा रही थी। इस काम में मदद करने वाले एजेंट राजस्थान से आ रहे थे। पुलिस ने 16 मोबाइल फोन, 2 कारें, 1 लैपटॉप और 82,000 रुपये नकद जब्त किए। अन्य लाभार्थियों, डिजिटल फुटप्रिंट्स और मुख्य संचालक जैक का पता लगाने के प्रयास जारी हैं। साइबर अपराध की शिकायतों के लिए स्थानीय साइबर अपराध पुलिस स्टेशन से संपर्क करें या 1930 डायल करें।

पूर्व तट रेलवे

निविदा सं.30256333, दिनांक : 22.07.2025

कार्य का नाम : (1) मिडियम गेज के लिए IS : 1239 पार्ट-I/2004 विनिर्देश के अनुसार सॉकेट GI पाइप के साथ 100 mm डाया छिद्रित G.I पाइप की आपूर्ति होगी एवं टेढ़े-मेढ़े (Zig-zag) तरीके से लम्बाई के अनुसार 7mm डाया गर्त ड्रिलिंग द्वारा छिद्रित होगी। 300 mm दूरी पर स्टागर्ड (Staggered) होगा। मेक : TATA/JINDAL या तत्समान। मेक/ब्रांड : JINDAL या तत्समान। (वारंटी अवधि : वितरण होने की तारीख के बाद 30 महीने)। (2) मिडियम गेज के लिए IS : 1239 पार्ट-I/2004 विनिर्देश के अनुसार सॉकेट GI पाइप के साथ 100 mm डाया छिद्रित G.I पाइप की आपूर्ति होगी एवं टेढ़े-मेढ़े (Zig-zag) तरीके से लम्बाई के अनुसार 7mm डाया गर्त ड्रिलिंग द्वारा छिद्रित होगी। 300 mm दूरी पर स्टागर्ड (Staggered) होगा। मेक : TATA/JINDAL या तत्समान। (वारंटी अवधि : आपूर्ति होने की तारीख के बाद 30 महीने)। (वारंटी अवधि : वितरण होने की तारीख के बाद 30 महीने)। (3) मिडियम गेज के लिए IS : 1239 पार्ट-I/2004 विनिर्देश के अनुसार सॉकेट GI पाइप के साथ 100 mm डाया छिद्रित G.I पाइप की आपूर्ति होगी एवं टेढ़े-मेढ़े (Zig-zag) तरीके से लम्बाई के अनुसार 7mm डाया गर्त ड्रिलिंग द्वारा छिद्रित होगी। 300 mm दूरी पर स्टागर्ड (Staggered) होगा। मेक : TATA/JINDAL या तत्समान। (वारंटी अवधि : आपूर्ति होने की तारीख के बाद 30 महीने)। (वारंटी अवधि : वितरण होने की तारीख के बाद 30 महीने)। TPI एजेन्सी द्वारा निरीक्षण, कुल मात्रा : 3672 मीटर।

दृष्टव्य : सामग्री 60 दिन के भीतर आपूर्ति की जानी चाहिए।

निविदा खुलने की तिथि एवं समय : दिनांक 21.08.2025 को 1500 बजे।

संपूर्ण विस्तृत विवरण www.ireps.gov.in वेबसाइट पर

वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/वाल्टेयर

PR-397/Q/25-26

# बिहार सरकार ने कहां डाले 71 हजार करोड़?

## डिफॉल्टर लिस्ट के टॉप 5 मंत्रालय किसके पास, तेजस्वी के कार्यकाल से भी जुड़े तार

**पटना, 25 जुलाई (एजेंसियां)।**

आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी तापमान चढ़ा हुआ है। वोटर लिस्ट के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया चल रही है, जिस पर सियासी घमासान हो रहा है। इस बीच नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की वित्त पर साल 2023-24 की रिपोर्ट विधानसभा के मॉनसून सत्र में पेश हो गई, जिसमें बड़े सवाल खड़े किए हैं। कैग रिपोर्ट मे बताया गया है कि बिहार सरकार 70,877 करोड़ रुपए के कामों के उपयोगिता प्रमाणपत्र जमा नहीं कर पाई है।

उसने इसको लेकर नीतीश कुमार सरकार की खिंचाई की। अगर सरकार उपयोगिता प्रमाणपत्रों को जमा नहीं करती या फिर उन्हें लंबित रखती है तो गबन और धन के दुरुपयोग का खतरा बढ़ जाता है। जिन 70,877 करोड़ रुपए का जिक्र कैग की रिपोर्ट में किया गया है उनमें से 14,452.38 करोड़ रुपए वित्त वर्ष 2016-17 तक की अवधि के हैं। इसकी वजह से आरजेडी नेता तेजस्वी यादव के कार्यकाल से भी तार जुड़ रहे हैं। उस समय तेजस्वी यादव उपमुख्यमंत्री थे।



रिपोर्ट में बताया गया है कि डिफॉल्टर विभागों में पंचायती राज सबसे ऊपर है, जिसने 28,154.10 करोड़ रुपए के प्रमाणपत्र जमा नहीं किए हैं। इसके बाद शिक्षा (12,623.67 करोड़ रुपए), शहरी विकास (11,065.50 करोड़ रुपए), ग्रामीण विकास (7,800.48 करोड़ रुपए) और कृषि (2,107.63 करोड़ रुपए) शामिल हैं।

**2015 में किसके पास कौन सा था मंत्रालय**

जिस समय 2015 में नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव ने मिलकर महागठबंधन की सरकार बनाई थी उस समय पंचायती राज जेडीयू के कपिल देव कामत, शिक्षा मंत्रालय जेडीयू के अशोक चौधरी, शहरी विकास मंत्रालय जेडीयू के महेश्वर हजारी, ग्रामीण विकास मंत्रालय जेडीयू के श्रवण कुमार और कृषि मंत्रालय आरजेडी के राम विचार राय को दिया गया था। वहीं, तेजस्वी यादव तीन मंत्रालयों की जिम्मेंदारी संभाली थी। उन्होंने अपने पास सड़क निर्माण, भवन निर्माण, पिछड़ा वर्ग विकास मंत्रालय रखा था। इसके अलावा तेज प्रताप यादव के पास भी मंत्रालय का जिम्मा था, जिसमें स्वास्थ्य मंत्रालय, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्रालय शामिल था।

**अभी किसके पास कौन सा मंत्रालय**

बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए की मौजूदा सरकार में पंचायती राज मंत्रालय बीजेपी के केदार प्रसाद गुप्ता, शिक्षा मंत्रालय जेडीयू के सुनील कुमार, शहरी विकास मंत्रालय बीजेपी के जिबेश कुमार, ग्रामीण विकास मंत्रालय जेडीयू के श्रवण कुमार और कृषि मंत्रालय बीजेपी के विजय कुमार सिन्हा के पास। इन्हीं पांच मंत्रालयों ने सबसे ज्यादा निर्धारित समय सीमा के भीतर उपयोगिता प्रमाणपत्र जमा नहीं किए हैं।

**बिहार सरकार ने पिछले साल खर्च किए 2.60 लाख करोड़**

कैग की रिपोर्ट में बताया गया है कि निर्धारित समय सीमा 31 मार्च, 2024 तक की थी। साथ ही साथ ये भी कहा गया है कि उपयोगिता प्रमाणपत्रों के अभाव में इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि जो पैसा बांटा गया है वो किसी बेहतर उद्देश्य के लिए दिया गया होगा। नीतीश सरकार ने साल 2023-24 के लिए 3.26 लाख करोड़ रुपए का बजट रखा था, लेकिन वह 2.60 लाख करोड़ रुपए खर्च कर पाई। यही नहीं, राज्य सरकार अपनी बचत 65,512.05 करोड़ रुपए में से केवल 23,875.55 करोड़ रुपए ही लौटा पाई है।

# 'तेजस्वी को 4 बार मारने की कोशिश'

## नीतीश-राबड़ी में भारी भिड़ंत; 'नाली के कीड़े' तक पहुंची बात



पटना, 25 जुलाई (एजेंसियां)। शुक्रवार को बिहार विधान परिषद में मानसून सत्र के पांचवें दिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और विपक्ष की नेता राबड़ी देवी के बीच तीखी बहस हुई। विपक्ष ने नीतीश कुमार के खिलाफ नारे लगाए। नीतीश कुमार ने विपक्ष के काले कपड़े पहनने पर आपत्ति जताई। उन्होंने राबड़ी देवी की ओर इशारा करते हुए कहा कि हाय-हाय नहीं ये सब पूरा खाय-खाय है। ऐसा सब पहले पहनते थे। सब अनाप-शनाप पहनकर आते हो। राबड़ी देवी ने नीतीश कुमार को जनता के बीच जाकर जवाब देने को कहा।

दरअसल, विधान परिषद में बहस के दौरान तनाव बढ़ गया। नीतीश कुमार ने विपक्षी नेताओं से कहा कि वे अपनी बात रखें और दूसरों की सुनें। इस दौरान उन्होंने विपक्ष के कपड़ों पर भी टिप्पणी की। राबड़ी देवी ने नीतीश कुमार को जनता के बीच जाकर जवाब देने की चुनौती दी। इससे पहले, बिहार विधानसभा के पांचवें दिन भी हंगामा हुआ। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही नीतीश कुमार विपक्षी नेताओं पर भड़क गए। हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही 2 बजे तक स्थगित कर दी गई। इस बीच राबड़ी देवी ने राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार एसआईआर पर कोई जवाब नहीं दे रही है। उन्होंने नीतीश कुमार की चुप्पी पर सवाल उठाए। राबड़ी देवी ने तेजस्वी यादव की जान को खतरा बताया है। राबड़ी देवी ने जेडीयू और बीजेपी के लोगों पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि ये लोग तेजस्वी को मारने की साजिश रच रहे हैं। और उन्हें 'नाली के कीड़े' कहा।

**सदन का माहौल तनावपूर्ण**

बता दें कि मानसून सत्र के पहले दिन से ही सदन का माहौल तनावपूर्ण है। चौथे दिन गाली-गलौज और मारपीट भी हुई। एसआईआर और मतदाता पुनरीक्षण को लेकर पक्ष और विपक्ष में टकराव जारी है। गुरुवार को हुए विवाद के बाद शुक्रवार को भी सदन में हंगामे के आसार थे। यही कारण था कि सत्ता पक्ष के विधायक आज सदन में हेलमेट में नजर आ रहे थे। उनका कहना था कि डर है कि विपक्षी विधायक हमला कर सिर ना फोड़ दें।

# नितिन गडकरी से मिले अफजाल अंसारी सांसद ने केंद्रीय मंत्री से कर दी बड़ी मांग

गाजीपुर, 25 जुलाई (एजेंसियां)। समाजवादी पार्टी के गाजीपुर सांसद अफजाल अंसारी ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग-31 को गाजीपुर से हाजीपुर वाया मोहम्मदाबाद तक फोर लेन करने की मांग की। मानसून सत्र के दौरान दिल्ली में हुई इस मुलाकात की तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है।

सांसद अंसारी ने हाथ से लिखा पत्र मंत्री गडकरी को सौंपा है। इस पत्र को लेकर क्षेत्र में चर्चा जोरों पर है। हाथ से लिखे पत्र में सांसद अंसारी ने एनएच-31 के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने लिखा कि यह मार्ग गाजीपुर, बलिया, छपरा होते हुए बिहार के हाजीपुर तक जाता है। यह हाईवे उत्तर प्रदेश को बिहार से जोड़ता है। अंसारी ने पत्र में उल्लेख किया है कि पूर्वांचल एक्सप्रेस वे लखनऊ से पखनपुरा के सूरतापुर में एनएच-31 से मिलता है। यह पूर्व दिशा में बक्सर पटना और पश्चिम दिशा में सासाराम से जीटी रोड को जोड़ता है। इस मार्ग की मौजूदा स्थिति के कारण क्षेत्रवासियों को आवागमन में कठिनाई होती है।

जिसके समाधान के लिए इसे फोर लेन करना जरूरी है। मुलाकात के दौरान सांसद अंसारी ने संसद में भी मंत्री गडकरी के कार्यों की सराहना की। उन्होंने पत्र में लिखा है कि जिस तरह उन्होंने देश का कायाकल्प किया है। उसी तरह इस क्षेत्र का भी कल्याण करें। इस भावनात्मक अपील के साथ सौंपे गए पत्र ने क्षेत्र के लोगों में उम्मीद जगाई है।

# मुख्तार अंसारी की पत्नी अफ्शा के पार्टनर की 60 लाख की भूमि कुर्क



गाजीपुर, 25 जुलाई (एजेंसियां)। शहर कोतवाली पुलिस ने मुख्तार अंसारी की पत्नी व 50 हजार की इनामी अफ्शा अंसारी के पार्टनर रविंद्र नारायण सिंह की 60 लाख की भूमि को गुरुवार को कुर्क कर दिया। पुलिस यह कार्रवाई गैंगस्टर एक्ट के तहत जिलाधिकारी के आदेश पर की है। मेसर्स विकास कंस्ट्रक्शन में अफ्शा अंसारी के पार्टनर रविंद्र नारायण सिंह की संगठित अपराध से रविंद्र ने मुहम्मदाबाद के डोमनपुरा में 0.071 हेक्टेयर भूमि क्रय की थी।

जिसकी वर्तमान में कीमत 60 लाख रुपये है। शासन के एंटी माफिया अभियान के तहत एक जुलाई को शहर कोतवाल पुलिस अधीक्षक को आख्या प्रेषित की थी। एसपी की संस्तुति पर जिलाधिकारी ने गैंगस्टर एक्ट के तहत कुर्की का आदेश दिया था। डीएम का आदेश मिलने के बाद मुहम्मदाबाद तहसीलदार महेंद्र बहादुर के साथ शहर कोतवाल व स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। कोतवाली पुलिस ने मुनादी कराते हुए उक्त भूमि को कुर्क कर दिया।

# मोदी सरकार के मंत्री के इस वादे की मायावती ने की तारीफ, क्या बोलीं बीएसपी सुप्रीमो



लखनऊ, 25 जुलाई (एजेंसियां)। केंद्र सरकार की तरफ से सदन में साफ कर दिया है कि वो संविधान की प्रस्तावना से सोशलिज्म और सेक्युलरिज्म नहीं हटा रही है जिस पर बहुजन समाज पार्टी की मुखिया मायावती की प्रतिक्रिया आई हैं। उन्होंने इस बात का स्वागत किया है और कहा कि संविधान में इस तरह के अनुचित बदलाव गलत हैं, ये लोगों के लिए राहत की खबर है।

मायावती ने एक्स पर लिखा- देश के कानून मंत्री का कल संसद में दिया गया बयान कि संविधान की प्रस्तावना से 'सेक्युलरिज़्म' (धर्मनिरपेक्षता) आदि शब्द हटाने सम्बंधी सरकार की ना कोई नीयत है और ना ही ऐसा कुछ विचाराधीन है, यह उचित एवं सराहनीय है। खासकर हमारी पार्टी बीएसपी। सहित देश व दुनिया भर में उन सभी लोगों के लिए राहत की ख़बर है व अच्छा आश्वासन है जो परमपूज्य बाबा साहेब डा। भीमराव अम्बेडकर के संविधान में इस प्रकार के किसी भी अनुचित बदलाव या छेड़छाड़ के पूरी तरह विरुद्ध हैं तथा ऐसी उठने वाली गलत मांग को लेकर चिन्तित भी थे। वैसे भी यह सर्वविदित है कि अपना भारत देश हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, बौद्ध व पारसी आदि विभिन्न धर्मों के मानने वाले लोगों का विश्व की सबसे बड़ी आबादी वाला देश है तथा संविधान के ज़रिए विविधता में एकता की विशेषता इसकी बेमिसाल पहचान दुनिया भर में है। सभी धर्मों के मानने वाले लोगों को एक समान आदर-सम्मान देने व समतामूलक समाज व्यवस्था आदि की सोच को लेकर ही बाबा साहेब डा। भीमराव अम्बेडकर ने संविधान रचा और जिसकी झलक संविधान में हर कदम पर मिलती है। केन्द्र सरकार ने संविधान को लेकर ताज़ा विवाद के सम्बंध में संविधान की पवित्र मंशा के हिसाब से अपनी स्थिति स्पष्ट की है, यह अच्छी बात है तथा सरकार बिना किसी की परवाह व चिन्ता किये हुए अपने इस स्टैण्ड पर कायम रहेगी, ऐसी देश की चाहत व उम्मीद भी है। बता दें कि क़ानून मंत्री ने सदन में ये साफ कर दिया है कि संविधान की प्रस्तावना से सोशलिज्म और सेक्युलरिज्म शब्द नहीं हटाया जा रहा है, सरकार ऐसा कुछ नहीं कर रही है।

## घर में घुसकर युवती से रेप

कटिहार, 25 जुलाई (एजेंसियां)। कटिहार के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गांव से एक संवेदनशील मामला सामने आया है। यहां एक 20 वर्षीय युवती के साथ गांव के ही युवक पर रेप करने का आरोप है। पीड़िता ने मुफस्सिल थाना में लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता ने बताया कि 19 जुलाई को शनिवार के दिन वह घर में अकेली थी। इसी दौरान गांव का 22 वर्षीय युवक उसके कमरे में जबरन घुस आया। उसने युवती के साथ रेप किया। जब युवती चिल्लाने लगी तो उसकी आवाज सुनकर पड़ोस की महिलाएं मौके पर पहुंचीं। लेकिन तब तक आरोपी युवक भाग निकला।


# गुजरात की पांच महिलाएं उन्नाव में गिरफ्तार

उन्नाव, 25 जुलाई (एजेंसियां)। पुलिस ने गुजरात की अहमदाबाद की रहने वाली पांच महिलाओं को गिरफ्तार किया है। जिनकी उम्र 25 से 27 साल के बीच है। जो लखनऊ से सटे नवाबगंज में वाहनों से वसूली कर रही थी। जिसकी फोटो सोशल मीडिया पर वायरल की गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने पांचो महिलाओं से बातचीत की और उन्हें लेकर थाने चली आई। जिनके खिलाफ बीएनएसएस की धारा में मुकदमा दर्ज कर अदालत के माध्यम से जेल भेज दिया गया। क्षेत्राधिकारी अरविंद कुमार ने बताया कि गुजरात की रहने वाली महिलाओं ने लखनऊ में डेरा डाला है। वहां से उन्नाव पहुंची हैं। घटना अजगैन थाना क्षेत्र की है। उत्तर प्रदेश के उन्नाव में पुलिस ने 27 वर्षीय चंची वारो पत्नी आकाश, 25 काजल पत्नी भोमती, 25 वर्षीय सपना पत्नी श्याम, 22 वर्षीय खुशबू पत्नी कमल, 25 वर्षीय रीना पत्नी विनोद निवासीगण चार मलो बटवा अहमदाबाद गुजरात को गिरफ्तार किया है। सभी का टाइटल 'वारो' है। आज अजगैन थाना अंतर्गत नवाबगंज चौकी पुलिस को जानकारी मिली कि पांच महिलाएं जैतीपुर नवाबगंज संपर्क मार्ग पर चलने वाले ट्रक, डंपर से वसूली कर रही हैं। पैदल चलने वालों को भी नहीं छोड़ रही है। सूचना पाकर नवाबगंज चौकी प्रभारी मुकुल दुबे मौके पर पहुंच गए। जहां पांच महिलाएं वसूली करते पाई गई। जिन्हें गिरफ्तार कर थाने लाया गया। अजगैन थाना इंस्पेक्टर सुरेश सिंह ने बताया कि पकड़ी गई महिलाओं के ऊपर अवैध वसूली का आरोप लगा है। जिनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है पकड़ी गई सभी महिलाएं जेल भेज दी गई है। मुकदमा में दर्ज धाराओं के अनुसार अधिकतम 15 दिनों की सजा है।

# मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत युवाओं को उद्योग लगाने पर वित्तीय सहायता सहित मिलेगा प्रशिक्षण

गोंडा, 25 जुलाई (एजेंसियां)। जिले में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम युवा) के अंतर्गत एक दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला डीएम नेहा शर्मा एवं मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। कार्यशाला का उद्देश्य युवाओं को स्वरोजगार के प्रति प्रोत्साहित करना। उद्यमिता की बारीकियों से अवगत कराना तथा योजना से संबंधित प्रक्रियाओं की जानकारी देना था। डीएम नेहा शर्मा ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। जिसके माध्यम से युवाओं को उद्योग स्थापना के लिए वित्तीय सहायता के साथ-साथ आवश्यक प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन भी प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से आह्वान किया कि वे इस योजना का लाभ उठाएं। अपने उद्यम स्थापित कर न केवल स्वयं को, बल्कि अन्य लोगों को भी रोजगार दें।

सीडीओ अंकिता जैन ने योजना की जानकारी देते हुए बताया कि इच्छुक अभ्यर्थियों को योजना के अंतर्गत उद्यमिता विकास प्रशिक्षण, ऋण प्राप्त करने की प्रक्रिया, परियोजना रिपोर्ट तैयार करना तथा बाजार से जुड़ाव आदि विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि यह योजना समाज के प्रत्येक वर्ग के युवाओं के लिए समान रूप से लाभकारी है। विशेषकर महिलाओं, अनुसूचित जाति/जनजाति एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए यह योजना विशेष अवसर प्रदान करती है। कार्यशाला में विशेषज्ञों द्वारा व्यवसाय की



शुरुआत, ब्रांडिंग, मार्केटिंग, वित्तीय प्रबंधन एवं सरकारी योजनाओं के समन्वय पर विस्तार से व्याख्यान दिए गए। प्रतिभागियों ने भी कार्यशाला के दौरान अपने प्रश्न पूछे और उद्यमिता के क्षेत्र में मार्गदर्शन प्राप्त किया।



## लापरवाही के आरोप में एसडीएम सस्पेंड

लखनऊ, 25 जुलाई (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले की उपजिलाधिकारी (एसडीएम) और पीसीएस अधिकारी अर्चना अग्निहोत्री को सरकारी कार्य में लापरवाही के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई नियुक्ति एवं कार्मिक विभाग के प्रमुख सचिव आईएएस एम. देवराज ने गुरुवार देर रात की। अर्चना पर फतेहपुर के बरमतपुर गांव में नियमों के खिलाफ गलत तरीके से बेदखली की कार्रवाई का आरोप है। इस मामले में तहसील प्रशासन ने दिव्यांग अनिल कुमार का घर गिरा दिया था, जिसके बाद प्रशासनिक स्तर पर हंगामा मच गया।

आरोप है कि अर्चना अग्निहोत्री ने बेदखली की कार्रवाई से पहले मौके पर जाकर कोई निरीक्षण नहीं किया और अपने कर्तव्यों का पालन ढीला-ढाला तरीके से किया। प्रमुख सचिव कमी के नियुक्ति एम देवराज ने बताया कि शासन ने इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए उन्हें उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक (अनुशासन व अपील) नियमावली 1999 के तहत तत्काल निलंबित कर दिया। निलंबन के दौरान अर्चना राजस्व परिषद से संबद्ध रहेंगी और उनके खिलाफ लखनऊ कमिश्नर को जांच सौंपी गई है।

## आगरा में भीषण हादसा

**सास- बहू और मासूम की मौत, 2 घायल**

आगरा, 25 जुलाई (एजेंसियां)। फिरोजाबाद हाईवे पर शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। एत्मादपुर थाना क्षेत्र के सतौली कट के पास एक तेज रफ्तार वाहन ने ऑटो में टक्कर मार दी, जिससे ऑटो पलट गया। इस हादसे में ऑटो सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। फिरोजाबाद के कश्मीरी गेट इलाके की रहने वाली मुमताज अपने बेटे की पत्नी रुखसार और पोते-पोतियों के साथ राजस्थान के गंगापुर जा रही थीं। इसके लिए उन्होंने फिरोजाबाद से आगरा कैंट तक एक प्राइवेट ऑटो किराए पर लिया था।

लेकिन जैसे ही ऑटो सतौली कट के पास पहुंचा, तभी अचानक एक अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। मौके पर पहुंची पुलिस हादसे के तुरंत बाद वहां से गुजर रहे लोगों ने घायलों को बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल भेजा, जबकि शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया गया।

## इंस्टाग्राम पर हुई दोस्ती

**होटल में बुलाकर किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म**

पटना, 25 जुलाई (एजेंसियां)। इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर किशोरी के अपने जाल में फंसाया। उसी बहाने से होटल बुलाया और अवैध संबध बनाया। चोरी चुपके वीडियो बना लिया। वीडियो के जरिए किशोरी को ब्लैकमेल कर दोबारा उसे होटल में बुलाया, जहां उसने अपने दो दोस्तों के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। पीड़िता का वीडियो प्रसारित करने की धमकी देने लगे। आरोपियों ने वीडियो डिलीट करने के नाम पर पीड़िता से घर में रखे गहने और कैश की मांग की। पीड़िता से लिए गहनों को बेचने के बाद भी आरोपितों ने वीडियो डिलीट नहीं किया और उससे गहने व रुपये की मांग कर रहे थे। सिटी एसपी पश्चिमी भानू प्रताप सिंह ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पीड़िता की शिकायत पर 22 जुलाई को दानापुर थाने में दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए एसआईटी का गठन किया गया। 24 घंटे के भीतर घटना में संलिप्त तीनों आरोपितों को पकड़ लिया गया। तीनों नाबालिग हैं। तीनों ने जिस दुकान पर आभूषण बेचे थे, उस दुकानदार अरविंद कुमार पांडेय को आरपीएस मोड़ के पास गिरफ्तार कर लिया गया।

## सिक्योरिटी गार्ड ने भाजपा नेत्री और उनके बेटे पर किया हमला

गौतम बुद्ध नगर, 25 जुलाई (एजेंसियां)। ग्रेटर नोएडा की सूरजपुर स्थित मिग्सन ट्विन्स सोसाइटी में बैचलर्स को किराए पर फ्लैट देने के मुद्दे पर बड़ा बवाल हो गया। भाजपा नेत्री बीना भाटी और उनके बेटे शिवम पर सोसाइटी के सिक्योरिटी गार्ड ने डंडों से हमला कर दिया। पुलिस के मुताबिक बीना भाटी अपने बेटे के साथ अपने फ्लैट पर पहुंची थीं। वो अपने फ्लैट में बैचलर्स को रहने के लिए शिफ्ट कराना चाहती थीं। लेकिन सोसाइटी के नियमों के मुताबिक बैचलर्स को फ्लैट किराए पर नहीं दिया जा सकता।

जब गेट पर मौजूद सिक्योरिटी गार्ड ने इस नियम की बात कही, तो बीना भाटी के बेटे शिवम और गार्ड के बीच बहस हो गई। मामला इतना बढ़ गया कि गार्ड ने डंडा उठाकर शिवम की पिटाई कर दी। जब बीना भाटी अपने बेटे को बचाने के लिए आगे आईं तो गार्ड ने उन पर भी हमला कर दिया। डंडा मारकर उन्हें भी घायल कर दिया गया। एक आरोपी गिरफ्तार इस पूरे झगड़े का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

## योगी सरकार की मंत्री का अपनी ही पुलिस के खिलाफ धरना

**अखिलेश ने साधा निशाना**



कानपुर, 25 जुलाई (एजेंसियां)। जिले के अकबरपुर थाने में पुलिस के खिलाफ यूपी सरकार की मंत्री प्रतिभा शुक्ला धरने पर बैठ गई। हालांकि अब उन्होंने अपना धरना समाप्त कर दिया है। इसके बावजूद उनका धरना सुर्खियों में बना हुआ है। दरअसल, मंत्री प्रतिभा शुक्ला अपने कार्यकर्ताओं पर दर्ज एससी-एसटी एक्ट के मुकदमे की जांच के साथ ही कोतवाल और चौकी इंचार्ज को हटाने की मांग को लेकर धरने पर बैठी थीं। वह अकबरपुर थाने में छह घंटे तक धरने पर बैठी रहीं। वहीं देर शाम जिले के अधिकारियों की जांच के आश्वासन पर प्रतिभा शुक्ला ने धरना खत्म किया। इधर योगी सरकार की मंत्री के अपनी ही पुलिस के खिलाफ धरने पर समाजवादी पार्टी प्रमुख खिलेश यादव ने तंज कसा है।

दरअसल, अकबरपुर क्षेत्र के बदलापुर में पुलिस लाइन के पीछे विधायक फंड से सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। इसे स्थानीय सभासद ने रुकवा दिया। सूचना सूचना मिलने पर मौके पर राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला पहुंची और सड़क बनवाना फिर से शुरू कराया। इधर ठेकेदार ने सभासद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया तो अगले दिन सभासद के समर्थक ने राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला के पांच कार्यकर्ताओं पर भी क्रॉस एफआईआर दर्ज करा दी। इसी बात से राज्यमंत्री नाराज थीं। मंत्री ने आरोप लगाया कि थानेदार ने बदतमीज़ी की और उनके कार्यकर्ताओं पर झूठा मामला दर्ज किया।

## ससुराल में दामाद का तांडव

**दो एंबुलेंस में 20 लोगों को लेकर पहुंचा गांववालों पर बोला हमला, 10 घायल**

बाराबंकी, 25 जुलाई (एजेंसियां)। उत्तरप्रदेश के बाराबंकी के रसौली गांव में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब लखनऊ से आई दो एंबुलेंस और एक निजी वैन में सवार होकर करीब 20 से 25 युवक गांव में उतर पड़े और जमकर तांडव मचाया। बताया जा रहा है कि हमला करने वालों का नेतृत्व गांव का एक दामाद कर रहा था। जो शादी के महज एक महीने बाद ससुराल में गुंडई करने पहुंचा था। हमले का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है,

जिसमें एंबुलेंस गांव के भीतर खड़ी दिख रही हैं और दोनों पक्षों के बीच जबरदस्त मारपीट होती नज़र आ रही है। गांव के चश्मदीदों के अनुसार एंबुलेंस और वैन जैसे वाहन देखकर पहले तो लोग समझ नहीं पाए कि क्या हुआ है। कुछ ही देर में इन गाड़ियों से उतरे युवकों ने लाठी-डंडों, लोहे की चैन और धारदार हथियारों से हमला बोल दिया। दोनों पक्षों से करीब 10 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। इनमें 6 की हालत नाजुक बनी हुई है।

## डिलीवरी बॉय बनकर बदमाशों ने ज्वेलरी शॉप लूटी

गाजियाबाद, 25 जुलाई (एजेंसियां)। गाजियाबाद में बदमाशों ने सुल्तानपुर की तरह ज्वेलरी शॉप में लूटपाट की। स्विगी और ब्लिंकिट डिलीवरी बॉय की ड्रेस में बाइक से 2 बदमाश पहुंचे। दोनों दुकान में घुसे और कर्मचारी को धमकाने लगे, तभी दुकान मालिक का बेटा पहुंच गया। बदमाशों ने दोनों की कनपटी पर पिस्टल लगा दी। दुकान से 20 किलो चांदी,125 ग्राम सोना और 20 हजार नकदी दो बैग में भर लिया।

पिस्टल लगाकर दुकान मालिक के बेटे और कर्मचारी को दुकान के बाहर लाए और फिर बाइक पर बैठकर फरार हो गए। सोने और चांदी की कीमत करीब 35 लाख बताई जा रही है। घटना दोपहर साढ़े तीन बजे लिंक रोड थाना क्षेत्र के बृज विहार की है। पुलिस ने सराफा कारोबारी की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया।

## मुजफ्फरपुर जंक्शन पर पकड़ा गया फर्जी टीटीई

मुजफ्फरपुर, 25 जुलाई (एजेंसियां)। मुजफ्फरपुर जंक्शन से वाणिज्य विभाग ने आरपीएफ के सहयोग से फर्जी टीटीई को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति उत्तर प्रदेश के देवरिया निवासी रविन्द्र कुमार बताया गया है। इसके पास से चौंकाने वाले सामान बरामद किए गए हैं। आरपीएफ पोस्ट पर जब उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से फर्जी टर्मिनल मोबाइल, जिसमें रेलवे कर्मचारी जैसा ऐप लोड किया था। रेलवे का फर्जी परिचय पत्र, आधार कार्ड की फोटो कॉपी, भारतीय रेलवे का फर्जी मेडिकल कार्ड, 4980 रुपये तथा फर्जी ज्वाइनिंग लेटर की फोटो कॉपी जब्त की गई है। आरोपी से पूछताछ कर जीआरपी को सौंप दिया है। इसकी गिरफ्तारी से रेलवे में फर्जी भर्ती कराने वाले एक और रैकेट का पता चल सकता है। विदित हो कि सोनपुर जीआरपी में पिछले साल कांड अंकित किया गया था। सोनपुर थानाध्यक्ष फर्जी टीटीई को शीघ्र रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी।

# 150 साल में मालदीव बौद्ध से इस्लामी देश बना

## 2500 साल पुराना इतिहास, 1200 द्वीपों पर फैला, 25 साल में 80% डूबने का खतरा

माले, 25 जुलाई (एजेंसियां)। भारत के दक्षिण में हिंद महासागर में स्थित मालदीव साउथ एशिया का सबसे छोटा देश है। 1200 द्वीपों में फैले इस देश का क्षेत्रफल 298 वर्ग किलोमीटर है, जो दिल्ली से भी पांच गुना कम है। पीएम मोदी आज दो दिन के दौरे पर मालदीव पहुंचे हैं।

इस देश का इतिहास लगभग 2500 साल पुराना है। 5 लाख की आबादी वाले मालदीव में 98% लोग मुस्लिम हैं, लेकिन लगभग 900 साल पहले यह बौद्ध और उससे पहले हिंदू धर्म का प्रमुख केंद्र था।

12 सदी में इस देश के राजा ने इस्लाम धर्म अपना लिया था, जिसके बाद 150 सालों में यह पूरी तरह मुस्लिम देश बन गया। वैज्ञानिक रिपोर्ट्स के मुताबिक जलवायु परिवर्तन की वजह से 25 साल में मालदीव का 80% हिस्सा डूब सकता है।

**बौद्ध 1000 साल तक मालदीव का प्रमुख धर्म रहा**

करीब ढाई हजार साल पहले मालदीव में पहली बार लोगों ने बसना शुरू किया। कुछ ऐतिहासिक कहानियां बताती हैं कि मालदीव में प्राचीन राजतंत्र की नींव भारत के उड़ीसा (प्राचीन काल में कलिंग) के राजा ब्रह्मदित्य के पुत्र, बौद्ध राजा श्री सूरुदासरुण आदित्य ने रखी थी।

ऐसा माना जाता है कि उन्हीं के शासनकाल में बौद्ध धर्म मालदीव पहुंचा। इतिहासकारों का मानना है कि बौद्ध धर्म 1000 सालों से ज्यादा समय तक मालदीव का प्रमुख धर्म रहा। इस दौरान मालदीव की संस्कृति, भाषा और प्राचीन धिवेही लिपि का विकास हुआ।


मालदीव में कई द्वीपों पर आज भी बौद्ध मठों और संरचनाओं के अवशेष मौजूद हैं। इन्हें लोकल भाषा में 'हवित्ता' या 'उस्तुबु' कहा जाता है।

**मालदीव पर 6 इस्लामी राजवंश ने शासन किया**

मालदीव में इस्लाम का प्रवेश 9वीं और 10वीं शताब्दी में अरब व्यापारियों के जरिए से हुआ था। मालदीव के अंतिम बौद्ध राजा धोवेमी ने साल 1153 में इस्लाम धर्म स्वीकार कर लिया था।

प्राचीन दस्तावेजों के मुताबिक, माघरेबी (उत्तरी अफ्रीकी) के इस्लामी विद्वान अबु अल-बरकात यूसुफ अल-बरबरी ने राजा को इस्लाम में कन्वर्ट किया था।

धोवेमी को सुल्तान सुल्तान मुहम्मद इब्न अब्दुल्लाह का नाम दिया गया था। इसके साथ ही मालदीव में इस्लामिक शासन की शुरुआत हुई। मालदीव को बौद्ध देश से इस्लामी राष्ट्र बनने में करीब 150 साल का वक्त लगा था। इस्लामिक शासन के तहत मालदीव में 6 राजवंशों का शासन रहा, जो 1968 तक चला। 2008 में मालदीव के नए संविधान ने इस्लाम को आधिकारिक धर्म घोषित कर दिया गया और नागरिकता के लिए इस्लाम को अनिवार्य बना दिया गया।




मालदीव की लोककथाओं के मुताबिक राजा राजा धोवेमी के वक्त मालदीव में एक समुद्री राक्षस रन्नामारी का आतंक था। इस राक्षस को शांत करने के लिए हर महीने एक कुंवारी कन्या की बलि दी जाती थी।

राजा हर महीने एक लॉटरी के जरिए एक लड़की को चुनता था। इसके बाद उस लड़की को रन्नामारी के लिए एक मीनार में रखा जाता था, और अगले दिन वह मरी हुई मिलती थी।

एक बार जब एक परिवार की इकलौती बेटी की बलि के लिए चुना गया, तो परिवार बहुत दुखी हुआ। अबु अल-बरकात उस परिवार के घर ठहरे हुए थे। उन्होंने उस लड़की की जगह खुद मीनार में रात बिताने की पेशकश की। उस रात उन्होंने मीनार में कुरान की आयतें पढ़ीं। जब रन्नामारी आया, तो कुरान की आयतें सुनकर वह भाग गया। सुबह अबु अल-बरकात जीवित और सुरक्षित मिले। राजा धोवेमी ने अबु अल-बरकात से पूछा कि क्या वे रन्नामारी को हमेशा के लिए भगा सकते हैं। राजा ने वादा किया कि अगर राक्षस हमेशा के लिए भाग गया, तो वे पूरे देश को इस्लाम में कन्वर्ट कर देंगे। इसके बाद रन्नामारी फिर कभी नहीं लौटा। अपने वादे के मुताबिक, राजा धोवेमी ने इस्लाम स्वीकार कर लिया और देश में इस्लाम का प्रचार प्रसार करने लगे।

मालदीव पर अलग-अलग समय पर कई विदेशी शक्तियों का प्रभाव रहा है। 1558 में पुर्तगालियों ने मालदीव पर कब्जा कर लिया और लगभग 15 सालों तक राजधानी माले पर कंट्रोल रखा। 1573 में इसे पुर्तगाल से आजादी मिल गई।

# फिलिस्तीन को आजाद देश की मान्यता देगा फ्रांस

## सितंबर में राष्ट्रपति मैक्रों यूएन में ऐलान करेंगे
## इजराइल ने कहा– आतंकवाद को इनाम दे रहे

पेरिस/तेल अवीव, 25 जुलाई (एजेंसियां)। फ्रांस जल्द ही फिलिस्तीन को एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में मान्यता देगा। राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने गुरुवार को इसका ऐलान किया। उन्होंने कहा कि वह सितंबर में संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान इस मान्यता को औपचारिक रूप से घोषित करेंगे। मैक्रों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर लिखा, मिडिल ईस्ट में स्थायी शांति की दिशा में फ्रांस की प्रतिबद्धता के तहत मैंने यह फैसला लिया है। शांति संभव है।

आज सबसे जरूरी है कि गाजा में जंग रुके और नागरिकों की जान बचे।

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इस फैसले की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा, यह फैसला आतंकवाद को इनाम देने जैसा है और यह गाजा जैसे एक और ईरानी समर्थित प्रॉक्सी को जन्म देगा। ऐसी स्थिति में एक फिलिस्तीनी राष्ट्र, इजराइल के साथ शांति से नहीं, बल्कि उसे मिटाने के लिए इस्तेमाल होगा।



फ्रांस फिलिस्तीन को आधिकारिक मान्यता देने वाला सबसे बड़ा पश्चिमी देश है। अब तक 140 से अधिक देश फिलिस्तीन को एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में मान्यता दे चुके हैं। इनमें कई यूरोपीय देश भी शामिल हैं।

फिलिस्तीनी लोग एक स्वतंत्र राज्य की मांग कर रहे हैं। इसमें वेस्ट बैंक, पूर्वी यरुशलम और गाजा पट्टी का क्षेत्र शामिल है। इन पर इजराइल ने 1967 की मिडिल ईस्ट वॉर के दौरान कब्जा कर लिया था।

ब्रिटेन और जर्मनी के साथ आपात बैठक करेगा फ्रांस

फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों शुक्रवार को ब्रिटेन और जर्मनी के नेताओं के साथ गाजा के हालात, भूख से जूझ रहे लोगों तक मदद पहुंचाने और युद्ध को रोकने पर आपात बैठक वाले हैं। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने कहा, राज्य का दर्जा फिलिस्तीनी जनता का जन्मसिद्ध अधिकार है। संघर्षविराम हमें एक फिलिस्तीनी राष्ट्र की मान्यता और दो-राष्ट्र समाधान की दिशा में ले जाएगा, जो इजराइल और फिलिस्तीन दोनों के लिए शांति और सुरक्षा की गारंटी है।

मैक्रों ने 7 अक्टूबर को हमास के इजराइल पर हमले के बाद इजराइल के समर्थन में बयान दिया था। लेकिन अब गाजा में इजराइल की कार्रवाई को लेकर वे खुले तौर पर नाराजगी जता रहे हैं। फ्रांस और सऊदी अरब अगले सप्ताह संयुक्त राष्ट्र में टू-स्टेट सॉल्यूशन पर एक कॉन्फ्रेंस का आयोजन करने जा रहे हैं।

# ब्रिटिश पीएम की स्पीच का अनुवाद करने में अटकीं ट्रांसलेटर


## मोदी बोले– कोई बात नहीं, बीच–बीच में हिंदी के साथ अंग्रेजी भी चलेगी

लंदन, 25 जुलाई (एजेंसियां)। पीएम नरेंद्र मोदी और ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर की मौजूदगी में गुरुवार को दोनों देशों के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) हो गया। इसे लेकर भारत-ब्रिटेन के बीच 3 साल से बातचीत चल रही थी।

समझौते के बाद नेताओं ने एक साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान एक वाक्या हुआ। जब दोनों नेता प्रेस को संबोधित कर रहे थे, तब ट्रांसलेटर स्टार्मर की बातों को हिंदी में ट्रांसलेट करते वक्त अटक गईं।

उनकी परेशानी देखकर पीएम मोदी ने तुरंत कहा- कोई बात नहीं, बीच-बीच में अंग्रेजी के शब्द का इस्तेमाल कर सकते हैं। चिंता मत कीजिए।

इसके बाद ट्रांसलेटर ने राहत की सांस लेते हुए उन्हें धन्यवाद दिया और माफी मांगी। इस पर दोनों नेता मुस्कुराए। पीएम मोदी ने कहा, हां, कोई दिक्कत नहीं,



जबकि स्टार्मर ने हंसते हुए कहा- मुझे लगता है हम एक-दूसरे को अच्छी तरह समझते हैं।

**मोदी ने ब्रिटिश पीएम को भारत आने का न्योता दिया**

मोदी ने ब्रिटिश पीएम से कहा कि यूके में रहने वाले भारतीय मूल के लोग हमारे संबंधों में एक लिविंग ब्रिज का काम करते हैं। मोदी ने स्टार्मर को भारत आने का न्योता दिया। इसके साथ ही उन्होंने ब्रिटिश पीएम से कहा कि जो लोग लोकतंत्र को कमजोर करने के लिए लोकतांत्रिक आजादी का गलत इस्तेमाल करते हैं, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। मोदी ने कहा कि आजादी के नाम पर लोकतंत्र को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करने वालों को जिम्मेदार ठहराना जरूरी है।

इस समझौते से भारत से ब्रिटेन को होने वाले 99% निर्यात पर टैरिफ यानी आयात शुल्क में राहत मिलेगी।

इसका मतलब है कि भारत से जो सामान ब्रिटेन भेजा जाएगा, उस पर लगने वाला टैक्स या तो बहुत कम हो जाएगा या पूरी तरह खत्म कर दिया जाएगा।

वहीं, ब्रिटेन की कंपनियों के लिए भी यह समझौता फायदेमंद होगा। अब उन्हें भारत में व्हिस्की, कार और दूसरे उत्पाद बेचने में पहले से ज्यादा आसानी होगी।

भारत इन प्रोडक्ट्स पर टैरिफ को घटाकर 15% से 3% करेगा। समझौते से दोनों देशों के बीच व्यापार हर साल करीब 3 लाख करोड़ रुपए तक बढ़ सकता है।

**5 साल में व्यापार दोगुना करना मकसद**

एफटीए का मतलब है फ्री ट्रेड एग्रीमेंट, जिसे हिंदी में 'मुक्त व्यापार समझौता' कहा जाता है। यह ऐसा समझौता होता है जो दो या अधिक देशों के बीच होता है, ताकि वे आपस में सामान और सेवाओं का व्यापार आसानी से कर सकें और उस पर कम टैक्स (ड्यूटी) लगाएं या बिल्कुल टैक्स न लगाएं।

इससे दोनों देशों की कंपनियों को फायदा होता है, क्योंकि उनका सामान सस्ता हो जाता है जिससे लोग ज्यादा खरीदारी करते हैं।

# 1000 साल पुराने 2 शिव मंदिरों पर थाईलैंड-कंबोडिया में जंग

## अब तक 16 की मौत, थाईलैंड ने बॉर्डर इलाकों से 1 लाख लोगों को हटाया

बैंकॉक, 25 जुलाई (एजेंसियां)। थाईलैंड और कंबोडिया के बीच 1000 हजार साल पुराने दो शिव मंदिरों को लेकर शुरू हुआ संघर्ष दूसरे दिन भी जारी है। शुक्रवार सुबह दोनों देशों के सैनिकों ने बॉर्डर पर फायरिंग की। थाई सरकार ने आज बताया कि 1 लाख से ज्यादा लोग घर छोड़ने के लिए मजबूर हो चुके हैं। अब तक थाईलैंड के 15 लोगों की मौत हुई है। जिसमें 1 सैनिक और 14 आम लोग हैं। 46 लोग घायल हुए हैं।

अभी तक कंबोडिया की तरफ से मृतकों या घायलों की कोई आधिकारिक संख्या नहीं बताई गई है। हालांकि कई मीडिया रिपोर्ट्स में 1 शख्स के मारे जाने का दावा किया जा रहा है। थाईलैंड और कंबोडिया का इतिहास लंबे समय तक खमेर साम्राज्य (कंबोडिया) और सियामी साम्राज्य (थाईलैंड) के बीच टकरावों से जुड़ा रहा है।

फ्रांस और ब्रिटिश शासन के दौरान भी दोनों देशों की सीमाओं को तनाव था, जिसकी वजह से प्रीह विहियर (प्रिय विहार) और



ता मुएन थॉम मंदिरों के आसपास की जमीन पर अधिकार को लेकर कानूनी और राजनीतिक विवाद लगातार चलता रहा था।

1907 में जब कंबोडिया फ्रांस के अधीन था तब दोनों देशों के बीच 817 किमी की लंबी सीमा खींची गई थी।

थाईलैंड ने इसका विरोध किया, क्योंकि नक्शे में प्रीह विहियर (प्रिय विहार) मंदिर कंबोडिया के हिस्से में दिखाया गया था। वहीं, ता मुएन थॉम मंदिर को थाईलैंड में दिखाया गया, जबकि कंबोडिया इसे अपना मानता है।

प्रीह विहियर मंदिर पर दोनों देशों में विवाद ज्यादा है। थाईलैंड इस मंदिर पर कंट्रोल करने की कोशिश में लगातार लगा रहा जिसके बाद 1959 में कंबोडिया यह मामला अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में लेकर गया। साल 1962 में अदालत ने फैसला दिया कि मंदिर कंबोडिया का है। कोर्ट ने थाईलैंड को अपने सैनिक हटाने का आदेश दिया। तब थाईलैंड ने इसे स्वीकार किया, लेकिन आसपास की जमीन को लेकर विवाद जारी रखा।

2008 में यह विवाद तब और बढ़ गया जब कंबोडिया ने इस मंदिर को यूनेस्को की वर्ल्ड हेरिटेज साइट में शामिल कराने की कोशिश की। मंदिर को मान्यता मिलने के बाद दोनों देशों की सेनाओं में फिर झड़पें शुरू हो गईं और 2011 में तो हालात इतने बिगड़ गए कि हजारों लोग अपने घर छोड़ने पर मजबूर हो गए।

साल 2013 में कोर्ट ने अपने पुराने फैसले को साफ करते हुए कहा कि मंदिर ही नहीं, उसके आसपास का क्षेत्र भी कंबोडिया का है। साथ ही थाईलैंड को अपनी सेना वहां से पूरी तरह हटाने को कहा गया। हालांकि सीमा का मुद्दा अब तक पूरी तरह हल नहीं हो पाया है। दोनों देशों के बीच विवाद बढ़ने के बाद 15 जून को थाईलैंड की पीएम पाइतोंग्तार्न शिनवात्रा ने कंबोडिया के नेता हुन सेन से फोन पर बातचीत की थी।

# सीरिया में इदलिब शहर के बारूद डिपो में विस्फोट

## 2 की मौत, 71 से ज्यादा घायल, धमाके की वजह साफ नही



धमाके के बाद आसमान में उठता धुएं का गुबार

दमिश्क, 25 जुलाई (एजेंसियां)। सीरिया के उत्तर-पश्चिमी शहर इदलिब में गुरुवार को एक गोला-बारूद डिपो में विस्फोट की वजह से 2 लोग मारे गए हैं, जबकि 71 घायल हुए हैं। पीड़ितों की गिनती अभी भी जारी है। लोकल लोगों ने मीडिया को बताया कि इदलिब के उत्तर में मरात मिसरिन कस्बे में यह धमाका हुआ। इमरजेंसी टीम ने भी इसकी पुष्टि की है। कई लोग अभी भी मलबे में फंसे हुए हैं, रेस्क्यू टीम बचाव कार्य में जुटी है। अभी तक विस्फोट की वजह का पता नहीं चल सका है। वहीं, कुछ मीडिया रिपोर्ट्स ने अनुमान लगाया है कि यह धमाका इजराइली एयरस्ट्राइक की वजह से हुआ है। इदलिब सीरिया के उत्तर-पश्चिम में है। यह हमा, अलेप्पो और लताकिया राज्य से घिरा है। इदलिब, अलेप्पो और दमिश्क को जोड़ने वाली सड़क पर स्थित है, जिस वजह से यह मिलिट्री और व्यापारिक नजरिए से खास है। इदलिब में लगभग 45 लाख लोग रहते हैं, जिनमें से 19 लाख रिफ्यूजी कैंप्स में रहते हैं। गृहयुद्ध और 2023 के भूकंप की वजह से इस इलाके में गरीबी और बुनियादी सुविधाओं की कमी है।

इदलिब लंबे वक्त से आतंरिक अशांति से जूझ रहा है। पिछले साल विद्रोही गुट में हयात तहरीर अल-शम (एचटीएस) और उसके सहयोगी ने सीरिया की तत्कालीन बशर अल असद की सरकार को हटाकर इस शहर पर कब्जा कर लिया था।

# वियतनाम में भीषण बस दुर्घटना

## नौ लोगों की मौत, मृतकों में कई मासूम बच्चे भी

हनोई, 25 जुलाई (एजेंसियां)। दुर्घटना हा-तिन्ह प्रांत में लगभग 1:45 बजे (स्थानीय समयानुसार) हुई। यहां एक बस राजधानी हनोई से दानंग जा रही थी। तभी वाहन अचानक सड़क से नीचे उतर गया और कई ट्रैफिक साइनबोर्ड से टकराया। इसके बाद अनियंत्रित बस पलट गई।

दुर्घटना में जान गंवाने वालों की उम्र 4 से 49 वर्ष के बीच थी। सभी घायल यात्रियों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पतालों में ले जाया गया। अल अरबिया ने एक सरकारी बयान का हवाला देते हुए बताया कि कई लोगों को गंभीर चोटें आई हैं। वियतनाम में सड़क दुर्घटनाएं



अक्सर होती रहती हैं।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, इस वर्ष के पहले छह महीनों में सड़क दुर्घटनाओं में 5,024 लोगों की मौत हुई है। अल अरबिया की रिपोर्ट के अनुसार, यह संख्या 2024 में इसी अवधि में दर्ज 5,343 मौतों से थोड़ी कम है।

# पाकिस्तान में बारिश ने मचाई तबाही

## अब तक 266 लोगों की मौत, 600 से अधिक घायल

इस्लामाबाद, 25 जुलाई (एजेंसियां)। पाकिस्तान में जारी भारी मानसून की बारिश का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीते 24 घंटों में देशभर में बारिश से जुड़ी घटनाओं में 14 लोगों की मौत हुई है और 17 लोग घायल हुए हैं। अब तक की कुल मौतों की संख्या 266 हो गई है। यह जानकारी पाकिस्तान की राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) की ताजा रिपोर्ट में दी गई है।

रिपोर्ट के अनुसार, हालिया आठ मौतों में से तीन खैबर पख्तूनख्वा में हुईं, जहां पांच लोग घायल भी हुए हैं। वहीं, इस्लामाबाद और पाकिस्तान अधिकृत गिलगित-बाल्टिस्तान में दो-दो मौतें हुईं, जबकि सिंध में एक व्यक्ति की जान गई।

मौसम विभाग के अनुसार, मानसून सीजन की शुरुआत जून के अंत में हुई थी, तब से अब तक देशभर में 94 पुरुष, 46 महिलाएं और 126 बच्चों सहित कुल 266 लोगों की जान जा चुकी है। वहीं, 628 लोग बारिश और उससे संबंधित हादसों में घायल हुए हैं। पंजाब प्रांत इस समय सबसे अधिक प्रभावित है, जहां सबसे ज्यादा 144 मौतें और 488 घायल दर्ज किए गए हैं।

हाल ही में रावलपिंडी में आई बाढ़ के बाद जिला प्रशासन ने शहर के 19 शहरी इलाकों को संभावित फ्लैश फ्लड (अचानक बाढ़) के लिहाज से अति संवेदनशील घोषित किया है।

डिप्टी कमिश्नर हसन वकार चीमा ने संबंधित क्षेत्रों में सहायक आयुक्तों, तहसीलदारों और विभागीय अधिकारियों को निगरानी अधिकारी नियुक्त किया है।

नए खतरे वाले क्षेत्रों में न्यू कतारियां, लाई ब्रिज, बंगश कॉलोनी, जियाउल हक कॉलोनी, बोरिंग रोड, पीरवधाई ब्रिज, ढोक नाजू, ढोक दलाल, ढोक हसू ब्रिज, हजारा कॉलोनी, ढोक रत्ता, ग्वालमंडी, ढोक इलाही बख्श, सादिकाबाद, जावेद कॉलोनी, नदीम कॉलोनी, ताहली मोहरी, जान कॉलोनी, टेंच भट्टा लास्ट स्टॉप, बनारस कॉलोनी और शेरॉन कॉलोनी शामिल हैं।

# फिलीपींस में तूफान 'को-मे' का कोहराम, 25 की मौत

## 2.78 लाख लोगों को सुरक्षित निकाला गया

मनीला, 25 जुलाई (एजेंसियां)। फिलीपींस में पिछले एक हफ्ते से जारी मूसलधार बारिश और भूस्खलन के बीच अब ट्रॉपिकल तूफान 'को-मे' ने हालात और बिगाड़ दिए हैं। प्राकृतिक आपदाओं से जूझ रहे फिलीपींस के लिए यह तूफान एक और बड़ा झटका साबित हुआ है। ऐसे में सरकार और अंतरराष्ट्रीय सहयोग की भूमिका अहम बन जाती है ताकि लाखों लोगों को सुरक्षित और आवश्यक मदद मिल सके।

इस खतरनाक तूफान के कारण अब तक कम से कम 25 लोगों की जान जा चुकी है और लगभग 2.78 लाख लोगों को अपने घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों की ओर जाना पड़ा है। तूफान शुक्रवार को देश के उत्तरी पहाड़ी इलाकों से गुजरा।

'को-मे' नाम का यह तूफान गुरुवार की रात पांगासिनान प्रांत के अग्नो कस्बे में 120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से टकराया। इसके झोंकों की गति 165 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच गई थी। शुक्रवार सुबह तक इसकी ताकत थोड़ी कम हुई और यह 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से पूर्वोत्तर दिशा की ओर बढ़ता दिखा। तूफान ने देश में पहले से ही चल रही मौसमी बारिश को और ज्यादा तीव्र बना दिया। पिछले एक हफ्ते से लगातार हो रही बारिश से कई इलाकों में बाढ़, पेड़ों के गिरने, भूस्खलन और बिजली के झटकों से लोगों की जान गई है। फिलहाल आठ लोग लापता हैं। हालांकि, तूफान 'को-मे' से सीधे मौत की कोई पुष्टि अब तक नहीं हुई है। सरकार ने राजधानी मनीला में शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन स्कूल बंद रखने का आदेश दिया है। लुजोन के मुख्य उत्तरी इलाके के 35 प्रांतों में कक्षाएं स्थगित कर दी गई हैं। कम से कम 77 शहरों और कस्बों में 'आपातकाल' घोषित किया गया है, जिससे राहत फंड जल्दी मिल सके और जरूरी सामान जैसे चावल की कीमतें न बढ़ें। सरकारी आपदा प्रबंधन एजेंसी के अनुसार, 2.78 लाख से ज्यादा लोग बाढ़ और तूफान के कारण अपने घरों को छोड़ चुके हैं। इनमें से अधिकांश को आपातकालीन शेल्टर या रिश्तेदारों के घरों में शरण लेनी पड़ी। अब तक लगभग 3,000 घर क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। राहत और बचाव के लिए सेना, पुलिस, कोस्ट गार्ड, दमकल कर्मियों और स्थानीय वॉलंटियरों को तैनात किया गया है।

राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने व्हाइट हाउस यात्रा से लौटने के बाद राहत शिविरों का दौरा किया और लोगों को खाद्य सामग्री वितरित की। उन्होंने एक आपात बैठक में कहा कि अब जलवायु परिवर्तन के कारण ऐसी आपदाएं और ज्यादा और अनिश्चित होंगी।

# उपराष्ट्रपति के खिलाफ महाभियोग को सुप्रीम कोर्ट ने बताया असंवैधानिक

## कई मुकदमों से मिलेगी राहत

मनीला, 25 जुलाई (एजेंसियां)। फिलीपींस सुप्रीम कोर्ट ने उपराष्ट्रपति सारा दुतेर्ते के खिलाफ लाए गए महाभियोग को असंवैधानिक करार दिया है। कोर्ट ने शुक्रवार को फैसले में कहा कि उपराष्ट्रपति के खिलाफ दायर महाभियोग मामले में तकनीकी कारणों से देश के संविधान का उल्लंघन हुआ है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद उपराष्ट्रपति दुतेर्ते को राष्ट्रपति को हत्या की धमकी देने समेत कई मुकदमों से राहत मिलेगी।

पांच फरवरी को राष्ट्रपति फर्डिनांड मार्कोस जूनियर की हत्या की साजिश रचने, बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार में शामिल रहने और विवादित दक्षिण चीन सागर में फिलीपींस की सेना के



खिलाफ चीन की आक्रामक कार्रवाई की निंदा करने में विफल रहने के आरोप में प्रतिनिधि सभा के सांसदों ने महाभियोग लगाया था।

सांसदों ने मामले को सुनवाई के लिए सीनेट के पास भेजा था। न्यायालय की प्रवक्ता केमिली टिंग ने कहा प्रतिनिधि सभा ने महाभियोग मामले में एक नियम का उल्लंघन किया है। नियम यह है कि निचले सदन द्वारा एक वर्ष में केवल एक ही महाभियोग मामले पर कार्रवाई की जा सकती है।

प्रतिनिधि सभा के फैसले के खिलाफ दुतेर्ते ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। इस मामले में अदालत ने कहा कि यह फैसला तुरंत लागू करने योग्य है।

कोर्ट ने कहा कि किसी भी राजनीतिक नतीजे का पक्ष लेना हमारा कर्तव्य नहीं है। हमने आरोपों की श्रृंखला पर कोई फैसला नहीं सुनाया है। हमारा काम यह सुनिश्चित करना है कि राजनीति न्यायपूर्ण कानून के दायरे में हो।

अगर सुप्रीम कोर्ट का फैसला अंतिम हो जाता है तो उपराष्ट्रपति के विरोधी एक साल बाद एक और महाभियोग का मुकदमा दायर कर सकते हैं।

सारा दुतेर्ते पर आरोप

उपराष्ट्रपति सारा दुतेर्ते पर भ्रष्टाचार और हत्या की धमकी देने जैसे गंभीर आरोप लगे हैं। उन्होंने नवंबर में एक ऑनलाइन प्रेस कॉन्फ्रेंस में राष्ट्रपति, उनकी पत्नी और हाउस स्पीकर मार्टिन रोमुआल्देज को कथित तौर पर जान से मारने की धमकी दी थी। बाद में उन्होंने इन आरोपों से इनकार किया था।

# विश्व पटल पर भारतीय रंगमंच को स्थापित कर गये रतन


ओंकारेश्वर पांडेय

रतन थियम चले गए। दादा 23 जुलाई, 2025 को गए। मणिपुर रो रहा है। शांति की बात उन्होंने की। उनका रंगमंच चमका। वे कहते थे - "रंगमंच हमारी आत्मा है।" रचनात्मकता के हथियारों से युद्ध के खिलाफ युद्ध लड़ने वाला योद्धा नहीं रहा। अशांत मणिपुर को शांति का संदेश देते देते खामोश हो गये रतन थियम। रतन थियम भारतीय रंगमंच के एक विशाल पर्वत थे।उन्होंने मणिपुरी परंपराओं को विश्व के साथ जोड़ा। उनकी रचनाएँ—महाभारत त्रयी(उरुभंगम, चक्रव्यूह, कर्णभरम)और लैरेंबीगी ईशेई—युद्ध, पहचान और शांति पर गहरी सोच रखती थीं। मणिपुर के मैतेई-कुकी झगड़े से वे दुखी थे और शांति की आवाज बने। रतन एक रंगकर्मी या निर्देशक भर नहीं, वह रंग वैज्ञानिक थे जिसने मणिपुर की आत्मा को वैश्विक कैनवास पर उकेरा। उनकी कला आज भी एकता की मिसाल है। उनका जाना भारत और दुनिया को झकझोर रहा है। 23 जुलाई, 2025 को रंगमंच की दुनिया एक अनमोल सितारे के बुझने से शोकाकुल हो उठी। रतन थियाम, वह दूरदर्शी नाटककार, निर्देशक और सांस्कृतिक दीपक जिन्होंने 77 वर्ष की आयु में इम्फाल के रिम्स अस्पताल में अंतिम प्रणाम लिया। उनका निधन केवल भारतीय रंगमंच के लिए ही नहीं, अपितु वैश्विक मंच के लिए भी एक युग का अंत है, जहां उनके कार्य ने सीमाओं, भाषाओं और संस्कृतियों को लाँघकर मानव आत्मा की सार्वभौमिक पुकार को स्वर दिया। उन्हें केवल रंग कलाकार या निर्देशक कहना उनके अपार प्रतिभा को कमतर आंकना होगा; मैं कहूंगा कि वे एक रंग वैज्ञानिक थे—एक ऐसे महान रसायनज्ञ, जिन्होंने प्राचीन और समकालीन, स्थानीय और सार्वभौमिक, आध्यात्मिक और राजनैतिक तत्वों को सानंदित कर रंगमंच को एक अनुपम प्रयोगशाला बनाया। उनका मंच वह पवित्र स्थल था, जहाँ मणिपुर की परंपराएं, वैश्विक सौंदर्यबोध और मानवीय अनुभवों का कच्चा स्पंदन एक अनुपम सत्य और सौंदर्य के रूप में सानंदित हुआ।

**रंगमंच को समर्पित जीवन**

20 जनवरी, 1948 को मणिपुर के इम्फाल में जन्मे रतन थियाम एक बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे, जिनकी रचनात्मक यात्रा चित्रकला और लेखन से प्रारंभ होकर रंगमंच में अपनी पराकाष्ठा तक पहुँची। राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (एनएसडी) से 1974 में स्नातक होने के पश्चात, उन्होंने 1976 में इम्फाल के निकट कोरस रिपर्टरी थिएटर की स्थापना की, जो मणिपुर की सानंदित संस्कृति और विश्व के साथ संवाद का एक पवित्र मंदिर बन गया। उनकी रंगमंचीय प्रस्तुतियाँ केवल नाटक नहीं थीं, अपितु युद्ध, पहचान और मानवता की अनंत खोज पर गहन चिंतन थीं।रतन थियम की महाभारत त्रयी—उरुभंगम (1981), चक्रव्यूह (1984), और कर्णभरम (1989)—तथा उत्तर प्रियदर्शी और लैरेंबीगी ईशेई जैसे कार्य युद्ध, पहचान और मानवता की अनंत खोज पर गहन चिंतन थे। यह त्रयी, जो भास के संस्कृत क्लासिक्स और थियम के मूल चक्रव्यूह पर आधारित थी, प्रतीकात्मक रूप से एक व्यक्ति के संरचित हिंसा के विरुद्ध संघर्ष और उसकी अनिवार्य पराजय को चित्रित करती थी। उरुभंग में दुर्योधन का टूटा शरीर और आत्मा, चक्रव्यूह में अभिमन्यु का करुणाजनक फँसना और कर्णभरम में कर्ण का अस्तित्वगत संकट विश्व के युद्धों के बीच उभरकर सामने आया। जैसा कि समीक्षक समिक बंद्योपाध्याय ने, डॉ. पिनाक शंकर भट्टाचार्य, बनेश्वर सरथीबाला महाविद्यालय के अंग्रेजी के सहायक प्रोफेसर, के हवाले से कहा, "1981 में भास के उरुभंगम से शुरूआत कर, 1984 में अपने चक्रव्यूह के साथ और 1989 में भास के कर्णभरम के साथ समापन करते हुए, रतन ने एक महाभारत त्रयी पूर्ण की, जो एक व्यक्ति के हिंसा के विश्वव्यापी प्रवाह के सामने अपनी पहचान पर प्रश्न उठाने की यात्रा से जुड़ी थी।"थियम का 2014 का मैकबेथ, जिसे मैतेई संदर्भ में मणिपुरी संगीत और थांग-टा के साथ पुनर्रचित किया गया, ने शेक्सपियर के त्रासदी को एक सार्वभौमिक, और विशिष्ट रूप से स्थानीय महत्वाकांक्षा और विनाश की खोज में बदल दिया। भारत में, थियम का रंगमंच बेजोड़ था, जो मणिपुर की परंपराओं को आधुनिक संवेदनाओं के साथ इस तरह मिश्रित करता था, जैसा कि बादल सरकार के शहरी यथार्थवाद या हबीब तनवीर के लोक प्रयोगों में भी नहीं दिखता। थियम का मंच वह स्थान था जहाँ मणिपुर का सौंदर्यशास्त्र विश्व की रंगमंचीय परंपराओं से मिला, जिसने उनकी विरासत को बेजोड़ दूरदर्शी के रूप में स्थापित किया। उनके नाटक मणिपुर के अशांत सामाजिक-राजनैतिक परिदृश्य का दर्पण थे, जो जातीय संघर्षों, विद्रोहों और युद्ध के दागों को प्रतिबिंबित करते थे। जैसा कि उन्होंने स्वयं कहा था, "युद्ध बच्चों को प्रभावित करता है। युद्ध महिलाओं को प्रभावित करता है; यह उन्हें वेश्या बना देता है। यह सब सामान्य नहीं है।" उनका रंगमंच युद्ध के खिलाफ एक युद्ध था, जो कला, सहानुभूति और अथक रचनात्मकता के हथियारों से लड़ा गया। वैश्विक स्तर पर, उनकी रस्मी तीव्रता ने जेर्जी ग्रोटोव्स्की के आध्यात्मिक न्यूनतमवाद, पीटर ब्रूक के अंतर सांस्कृतिक दायरे और तदाशी सुजुकी की शारीरिक सटीकता के साथ समानताएँ खींचीं, फिर भी उनका कार्य मणिपुर की सानंदित संस्कृति में अनूठा रहा। उनकी प्रस्तुतियाँ, जैसे कि नॉर्वे के इब्सन उत्सव में व्हेन वी डेड अवेकन, ने अपनी अतियथार्थवादी सार्वभौमिकता से वैश्विक दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनका कार्य प्राचीन नाट्य शास्त्र, मणिपुरी मार्शल आर्ट थांग-टा और जापानी नोह व ग्रीक त्रासदियों जैसे वैश्विक रंगमंचीय रूपों के बीच एक सेतु था, जिसने उन्हें ग्रोटोव्स्की और ब्रूक जैसे महानायकों की तुलना में ला खड़ा किया। थियम का रंगमंच औपनिवेशिक प्रभावों के खिलाफ एक विद्रोह था, जो भारत में उसके जड़ों को मिटाने का प्रयास करता था। "रंगमंच की जड़ों" के आंदोलन के अग्रणी व्यक्तित्व के रूप में, बी.वी. कारंत और के.एन. पाणिकर जैसे दिग्गजों के साथ, उन्होंने मणिपुर की परंपराओं—इसके नृत्य, संगीत और कथावाचन—को पुनर्जन्म देकर ऐसी कथाएँ बुनीं, जो सत्ता संरचनाओं और सामाजिक मानदंडों को चुनौती देती थीं। जीन एनौइल के एंटिगोने का उनका रूपांतरण लेंगशोन्नेई मणिपुर के राजनैतिक विफलताओं की आलोचना करता था, जबकि 2014 का मैकबेथ, मैतेई संदर्भ में, मानव महत्वाकांक्षा और त्रासदी की शाश्वतता को उजागर करता था। उनके नाटक मणिपुर के अशांत सामाजिक-राजनैतिक परिदृश्य का दर्पण थे, जो जातीय संघर्षों, विद्रोहों और युद्ध के दागों को प्रतिबिंबित करते थे। जैसा कि उन्होंने स्वयं कहा था, "युद्ध बच्चों को प्रभावित करता है। युद्ध महिलाओं को प्रभावित करता है; यह उन्हें वेश्या बना देता है। यह सब सामान्य नहीं है।" उनका रंगमंच युद्ध के खिलाफ एक युद्ध था, जो कला, सहानुभूति और अथक रचनात्मकता के हथियारों से लड़ा गया।

रतन थियम का कार्य वैश्विक प्रभावों का एक ताना-बाना था, फिर भी यह मणिपुर की मिट्टी में गहरे जड़ा हुआ था। समीक्षकों ने उन्हें ग्रोटोव्स्की के साथ रखा, जिनके न्यूनतम, रस्मी रंगमंच ने आध्यात्मिक उत्कर्ष की खोज की, और ब्रूक के साथ, जिनके अंतरसांस्कृतिक प्रयोगों ने आधुनिक प्रदर्शन को पुनर्परिभाषित किया। ग्रोटोव्स्की की तरह, थियम ने रंगमंच को इसकी भावनात्मक और आध्यात्मिक गहराई तक खंगाला, अनुशासित कोरियोग्राफी और मंत्रमुग्ध करने वाले सामूहिक संगीत का उपयोग कर प्राचीन सत्य को उजागर किया। ब्रूक की तरह, उन्होंने नाट्य शास्त्र, नोह, काबुकी और ग्रीक नाटकों से प्रेरणा लेकर एक ऐसी रंगमंचीय भाषा रची, जो ओस्लो के इब्सन उत्सव से लेकर सियोल के थिएटर ओलंपियाड तक विश्व भर के दर्शकों से संवाद करती थी। उनकी व्हेन वी डेड अवेकन (2010), इब्सन की मणिपुरी व्याख्या, ने अपनी अतियथार्थवादी सौंदर्यता और सामूहिक संगीत की तीव्रता से नॉर्वे के दर्शकों को स्तब्ध कर दिया, यह सिद्ध करते हुए कि थियम की दृष्टि किसी भी सांस्कृतिक संदर्भ में गूंज सकती थी। थियम की स्थानीय और सार्वभौमिक को मिश्रित करने की क्षमता जापान के तदाशी सुजुकी के कार्य के समान थी, जिनके सुजुकी मेथड ने शारीरिकता और सांस्कृतिक स्मृति पर जोर दिया, ठीक वैसे ही जैसे थियाम ने थांग-टा और मैतेई रीति-रिवाजों का उपयोग किया।

## विपक्ष का खेला बिगाड़ गए धनखड़

पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने इस्तीफा क्या दिया, विपक्षी दलों की तो जैसे बांछें खिल गईं। उन्हें मोदी सरकार को घेरने का एक जो मौका मिल गया था। लेकिन शुरुआती कोशिशों के बाद विपक्ष की खुशी उस समय काफूर हो गई जब उन्हें पता चला कि उनका इस्तीफा इंडिया ब्लॉक में दरार को और चौड़ी कर गया है। पिछले साल दिसंबर में जो विपक्ष धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को लेकर एकजुट था, वह उनके इस्तीफे को लेकर पूरी तरह से बिखरा-बिखरा नजर आ रहा है। जब मॉनसून सत्र शुरू हुआ था, तब लग रहा था कि इंडिया ब्लॉक पहलगाम हमले, बिहार में चुनावी रोल में बदलाव (एसआईआर) को लेकर सरकार पर दबाव बनाने में कामयाब रहेगा, लेकिन अब उसके सामने उपराष्ट्रपति पद के लिए विपक्षी उम्मीदवार पर आम सहमति बनाने की जबरदस्त चुनौती बनने लगी है। जो कांग्रेस उपराष्ट्रपति रहते जगदप धनखड़ की आलोचना करते नहीं थकती थी, उनपर सरकार के हक में पक्षपात का आरोप लगाती रहती थी, उसी के मुख्य प्रवक्ता जयराम रमेश ने ही उनके इस्तीफे के बाद उनसे अपने फैसले पर 'राष्ट्रहित' में फिर से विचार करने तक की अपील कर डाली थी। उन्होंने इसके लिए उनके किसान परिवार से होने की भी दलील दी थी। लेकिन, कांग्रेस में ही कुछ ऐसे लोग भी हैं, जो उनकी इस दलील से किनारा करते नजर आए। इसे जयराम रमेश का निजी विचार बताकर इस विषय से पल्ला झाड़ लिया। वहीं कांग्रेस की सहयोगी शिवसेना (यूबीटी) ने तो रमेश के विचारों को सिरे से नकार दिया। यहा तक कि पार्टी सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने यह बात सामने भी रखी है कि रमेश को ऐसे विचारों से परहेज करना चाहिए था। पूर्व उपराष्ट्रपति धनखड़ से सहानुभूति जताने वालों में समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव भी जयराम की राह पर चल पड़े हैं। धनखड़ के इस्तीफे पर वह बीजेपी की चुप्पी पर सवाल उठा रहे हैं और शक जता रहे हैं कि बहुत कुछ छिपाया जा रहा है। यह वही सपा है, जो पहले राज्यसभा के सभापति की सख्त विरोधी थी उनपर बीजेपी के हक में पक्षपात करने का आरोप लगाती थी। लेकिन, इंडिया ब्लॉक में भी सपा की बेहद करीबी दिखाई देने वाली ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस ने भी इस मामले ऐसी चुप्पी साध रखी है कि मुंह तक नहीं खोल रही है। रही बात आम आदमी पार्टी की तो वह पहले से ही इंडिया गठबंधन से अलग हो चुकी है। इस मामले ताज्जुब की बात ये है कि कांग्रेस की बड़ी सहयोगी डीएमके भी उससे कन्नी काटने को आतुर दिखाई दे रही है। जहां तक सीपीएम की बात है तो वह इस मामले में न तो खुलकर कांग्रेस के साथ दिख रही है और न ही बीजेपी की आलोचना का कोई मौका छोड़ रही है। ऐसे में इस बंटे हुए विपक्ष के लिए उपराष्ट्रपति पद का संयुक्त उम्मीदवार दे पाना बहुत बड़ी टेढ़ी खीर साबित हो सकता है। अगले साल पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव है, इसलिए टीएमसी कांग्रेस और लेफ्ट के साथ अभी नहीं भी दिखना चाहती।

# कुशल कूटनीति के चलते मालदीव पहुंचे पीएम मोदी


अशोक भाटिया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय दौरे पर मालदीव पहुंच गए हैं। यह उनकी तीसरी मालदीव यात्रा होगी। यहां वे मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के न्योते पर गये हैं।मोदी 26 जुलाई यानी आज मालदीव के 60वें स्वतंत्रता समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हो रहे हैं । इस दौरान भारत और मालदीव के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना के 60 साल पूरे होने का जश्न भी मनाया जाएगा।मोहम्मद मुइज्जू नवंबर 2023 में राष्ट्रपति बने थे, उसके बाद से किसी विदेशी नेता की पहली आधिकारिक यात्रा है। इस दौरान डिफेंस और रणनीतिक क्षेत्रों में कई समझौतों पर हस्ताक्षर होंगे।यह समझौते भारत की नेबरहुड फर्स्ट पॉलिसी के तहत मालदीव के साथ विकास साझेदारी को और मजबूत करेंगे। मोदी इस यात्रा के दौरान मोदी भारत के सहयोग से तैयार कुछ प्रोजेक्ट का उद्घाटन भी कर सकते हैं।

ज्ञात हो कि जब मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज़जू दो साल पहले 'इंडिया आउट' के खुले अभियान के साथ सत्ता में आए, तो कई लोगों ने भविष्यवाणी की थी कि भारत अपने भू-राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों के लिए अपने निकटतम समुद्री भागीदारों में से एक को खो देगा। भारत की कुछ प्रमुख समाचार एजेंसियों ने लगभग पुष्टि की थी कि भारत ने मालदीव में अपना विश्वसनीय आधार खो दिया है। मालदीव और भारत के बीच साझेदारी के भविष्य के बारे में चिंताएं थीं। इसे 'अप कॉल' कहते हुए, इसने कहा कि भारत को अपना दृष्टिकोण बदलने की जरूरत है। विदेशी प्रकाशन बहुत पीछे नहीं थे। उन्होंने कहा कि यह भारत के रणनीतिक आत्म-संदेह का प्रतिबिंब था। हालांकि, भारत दृढ़ रहा और उसने वही किया जो महत्वपूर्ण था। जल्दबाजी में कोई निर्णय नहीं। स्थिर। संयमित कदम उठाए। यह वह नहीं था जो लोग सोचते थे। पीएम मोदी मुइज्जू को बधाई देने वाले पहले विश्व नेता थे। समय के साथ, दोनों देशों के बीच संबंध मजबूत और मजबूत होते गए। इस हफ्ते, प्रधान मंत्री मोदी राष्ट्रपति मुइज़्ज़ू के नेतृत्व में मालदीव का दौरा करने वाले पहले विदेशी नेता बन जाएंगे। यह तथ्य कि उन्हें मालदीव के 60 वें स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है, प्रतीकात्मक है। इससे पता चलता है कि 'इंडिया आउट' घोषणा के बाद से दोनों देशों के बीच संबंध कितने आगे बढ़ गए हैं। राष्ट्रपति मुइज्जू के पदभार संभालने के बाद से भारत ने मालदीव को दिखा दिया है कि वह एक मित्र है जो जरूरत के समय उपयोगी हो सकता है, चाहे वह वित्तीय सहायता हो, क्षमता विकास सहायता हो या ऐसे अन्य प्रयास। भारत हमेशा मालदीव के साथ खड़ा रहा है। भारत ने आपातकालीन वित्तीय सहायता और मुद्रा स्वैप में 400 मिलियन डॉलर के हिस्से के रूप में 3,000 करोड़ रुपये प्रदान किए। मालदीव में नौका सेवाओं का विस्तार करने के लिए तेरह नए समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए। • रक्षा, समुद्री और क्षमता विकास के क्षेत्रों में निरंतर सहयोग। मजबूत व्यापार और निवेश ने 548 मिलियन डॉलर का आंकड़ा पार कर लिया है और भारतीय व्यवसाय और पर्यटक मालदीव के तटों को व्यस्त रख रहे हैं। समावेशी आर्थिक और समुद्री सुरक्षा साझेदारी की संयुक्त दृष्टि के साथ, भारत ने भारतीय रक्षा अकादमियों में मालदीव के तट रक्षक और रक्षा बल के अधिकारियों को विशेष प्रशिक्षण प्रदान करने का अवसर प्रदान किया है। प्रधान मंत्री की यात्रा से पहले, राष्ट्रपति मुइज़जू ने पिछले साल अक्टूबर में भारत का दौरा किया था, जो नवंबर 2023 में पद संभालने के बाद उनकी पहली विदेश यात्रा थी।भारत मालदीव के सामाजिक-आर्थिक और बुनियादी ढांचे के विकास में एक महत्वपूर्ण भागीदार है और जरूरत के समय मालदीव के साथ खड़ा रहा है। यह भारत की कुशल कूटनीति की एकमात्र कहानी नहीं है। श्रीलंका को देखिए। जब राष्ट्रपति अनुराकुमार दिसानायके ने पदभार संभाला, तो कई आलोचकों को डर था कि भारत-श्रीलंका संबंध भी बिगड़ जाएंगे। कई रिपोर्टों में दावा किया गया है कि भारत को श्रीलंका के बाएं मोड़ के बारे में चिंतित होना चाहिए। विदेशी प्रकाशनों ने दावा किया कि श्रीलंका के निर्वाचित राष्ट्रपति भारत से दूरी बना लेंगे। समय पर समर्थन और रणनीतिक संयम ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि यह दृष्टिकोण सकारात्मक परिणाम पैदा करता है। विश्वास के एक शक्तिशाली प्रतीक के रूप में, प्रधान मंत्री मोदी ने इस वर्ष की शुरुआत में श्रीलंका की राजनीतिक यात्रा की और नए नेतृत्व के तहत स्वागत किए जाने वाले पहले विदेशी राज्य प्रमुख बने। सद्भावना के अभूतपूर्व प्रतीक के रूप में, राष्ट्रपति दिसानायके, प्रधान मंत्री मोदी की पूरी यात्रा के दौरान, उन्होंने व्यक्तिगत रूप से औपचारिक स्वागत से लेकर संयुक्त सार्वजनिक कार्यक्रमों और प्रतिष्ठित सांस्कृतिक स्थलों तक भाग लिया। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को एक विदेशी नागरिक के लिए श्रीलंका के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'मित्र विभूषण' से सम्मानित किया गया। इस यात्रा के दौरान, राष्ट्रपति दिसानायके ने सार्वजनिक रूप से भारत को श्रीलंका के पहले उत्तरदाता और दोनों देशों के बीच मजबूत पारस्परिक पारस्परिकता के रूप में संदर्भित किया। रेखांकित विश्वास। चाहे वह संकट का सबसे पहले जवाब देना हो, दूसरों के पीछे हटने पर एक विश्वसनीय पड़ोसी के रूप में खड़ा होना हो, हिंद महासागर में भारत की कार्रवाई खुद को साबित करती है।

भारत का व्यवहार अपनी आंतरिक नीतियों में बदलाव के बाद भी अपनी साझेदारी को लचीला रखता है। यह प्रधान मंत्री की विदेश नीति की गतिशील और अनुकूली प्रकृति पर प्रकाश डालता है। यह वैश्विक कूटनीति के बदलते रुझानों के अनुरूप है। प्रधान मंत्री रणनीति और उद्देश्य की स्पष्ट भावना के साथ काम करते हैं। जबकि कई लोगों का मानना है कि वे उनके दृष्टिकोण को समझते हैं, उनकी नेतृत्व शैली के कुछ गहरे और अधिक सूक्ष्म स्तर हैं जो अक्सर जनता द्वारा ध्यान नहीं दिए जाते हैं। प्रधान मंत्री मोदी की विदेश नीति की एक अनूठी विशेषता यह है कि जब अन्य देश विफल होते हैं या प्रतिक्रिया देने से इनकार करते हैं, तो रणनीतिक संयम और मापा विचारशील दृष्टिकोण। मोदी अक्सर किसी भी देश की मदद के लिए दौड़ते हैं। चाहे वह टीके हों, मानवीय सहायता हो, क्षमता विकास हो या वित्तीय सहायता हो, मोदी एक ऐसे नेता हैं जो जरूरतमंद देशों के साथ खड़े रहते हैं। यह निरंतरता सुनिश्चित करती है कि भारत के द्विपक्षीय संबंध स्थिर और रचनात्मक बने रहेंगे, भले ही विदेशों में राजनीतिक नेतृत्व में बदलाव हो। परिणामस्वरूप, सिद्धांत और व्यावहारिकता को संतुलित करने वाली विदेश नीति के कारण भारत की ताकत विश्व स्तर पर लगातार बढ़ रही है।

# कारगिल युद्ध के नायकों के शौर्य और वीरता को नमन


योगेश कुमार गोयल

26 जुलाई को देश कारगिल विजय दिवस की 26वीं वर्षगांठ मनाएगा। भारतीय सेना ने 26 जुलाई 1999 को कारगिल युद्ध में पाकिस्तानी फौज को बुरी तरह धूल चटाई थी। भारत-पाकिस्तान के बीच जम्मू कश्मीर के कारगिल जिले में हुआ वह युद्ध 60 दिनों तक चला था और पाकिस्तान फौज की करारी शिकस्त के बाद 26 जुलाई 1999 को समाप्त हुआ था। पाकिस्तान पर भारत की इस जीत को याद करते हुए 26 जुलाई को 'कारगिल विजय दिवस' के रूप में मनाया जाता है। पाकिस्तानी सैनिकों और भाड़े के आतंकवादियों को मारकर या खदेड़कर कारगिल की चोटियों पर कब्जा करने के लिए चलाए गए 'ऑपरेशन विजय' के तहत तमाम बाधाओं को पार करते हुए हमारे वीर जांबाजों ने उन्हें कारगिल से खदेड़कर दुर्गम चोटियों पर जीत का परचम लहराया था लेकिन देश को इसकी बहुत भारी कीमत भी चुकानी पड़ी थी। दरअसल उस युद्ध में भारत को विजय दिलाने में भारतीय सेना के सैंकड़ों जवान शहीद हुए थे। कारगिल युद्ध में न केवल भारतीय सेना के 527 सैनिक शहीद हुए थे बल्कि दो महीने तक चले उस युद्ध के दौरान 453 आम नागरिक भी मारे गए थे। इसीलिए भारतीय सेना की उस विजय के बाद सरकार द्वारा प्रतिवर्ष 26 जुलाई को भारतीय सेना के शौर्य दिवस के रूप में कारगिल विजय दिवस मनाए जाने का फैसला लिया गया। सही मायनों में कारगिल विजय दिवस भारतीय सैनिकों के साहस और बलिदान को स्मरण करने तथा उनके बलिदान को सम्मान देने का दिन है और 26 जुलाई का दिन विशेष रूप से देश के इन्हीं वीर सपूतों को समर्पित है। देश के जन-जन तक कारगिल युद्ध के इन्हीं नायकों के शौर्य और पराक्रम की गाथा पहुंचाने के लिए ही यह दिवस मनाया जाता है।

1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के बाद पहली बार कारगिल युद्ध हुआ था, जब दोनों देश सीधे तौर पर सैन्य संघर्ष में शामिल हुए थे। कारगिल युद्ध भारतीय सीमा क्षेत्र में पाकिस्तानी सैनिकों और कश्मीरी आतंकवादियों की घुसपैठ का ही परिणाम था। उस भीषण युद्ध में वायु शक्ति, तोपखाने और पैदल सेना के संचालन का व्यापक उपयोग किया गया था। युद्ध की खास बात यह थी कि वह युद्ध काफी ऊंचाई पर लड़ा गया था, जिसमें कुछ सैन्य चौकियां तो 18 हजार फुट से भी ज्यादा ऊंचाई पर स्थित थी। ऐसे में भारतीय सैनिकों के लिए वह लड़ाई बेहद चुनौतीपूर्ण थी लेकिन हमारे जांबाजों ने देश की आन-बान और शान के लिए अपने प्राणों की आहूति देकर न केवल पाकिस्तान को उसकी असली औकात दिखाई बल्कि 700 से भी ज्यादा पाकिस्तानी सैनिकों को मौत के घाट भी उतारा। दुश्मन को रणनीतिक स्थानों से हटाने के लिए महत्वपूर्ण हवाई हमले करते हुए भारतीय वायुसेना ने उस युद्ध के दौरान बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। भारतीय सेना ने युद्ध के दौरान टोलोलिंग, टाइगर हिल, प्वाइंट 4875 सहित अन्य रणनीतिक चोटियों पर फिर से कब्जा कर लिया था।


कारगिल युद्ध की शुरूआत 26 मई 1999 को भारतीय सेना के हवाई हमले के साथ हुई थी। दरअसल भारतीय सेना को 3 मई 1999 को कारगिल में स्थानीय चरवाहों द्वारा पाकिस्तानी सैनिकों और आतंकवादियों के बारे में सतर्क किया गया था और उसके दो ही दिन बाद 5 मई 1999 को पाकिस्तानी सैनिकों ने भारतीय सेना के कम से कम 5 जवानों को मार डाला था। उसके बाद 10 मई 1999 को भारतीय सेना द्वारा 'ऑपरेशन विजय' की शुरूआत की गई। उस दौरान कारगिल में पाकिस्तानी सेना ने भारतीय सेना के गोला-बारूद भंडार को निशाना बनाया। 26 मई को भारतीय सेना ने पाकिस्तानी सैनिकों पर हवाई हमला किया। 27 मई को भारतीय वायुसेना का एक मिग-27 गिर गया, जिसमें चार क्रू सदस्यों की मौत हो गई लेकिन विमान से बाहर निकलने वाले पायलट को पाकिस्तानी सैनिकों ने युद्धबंदी के रूप में पकड़ लिया। तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने 31 मई 1999 को घोषणा की कि कारगिल में युद्ध जैसी स्थिति है, जिसके बाद अमेरिका, फ्रांस सहित कुछ देशों ने अगले ही दिन भारत के खिलाफ सैन्य कार्रवाई के लिए पाकिस्तान को जिम्मेदार ठहराया। भारतीय सेना ने 5 जून 1999 को कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज जारी किए, जिनसे पूरी दुनिया के समक्ष पाकिस्तान की करतूत का खुलासा हुआ। भारतीय सेना ने 9 जून 1999 को कारगिल के बटालिक सेक्टर में दो महत्वपूर्ण ठिकानों पर कब्जा कर लिया। अगले ही दिन पाकिस्तान ने जाट रेजिमेंट के 6 सैनिकों के शव क्षत-विक्षत हालत में भारत को लौटाए। 13 जून 1999 को भारत ने युद्ध की दिशा बदलते हुए महत्वपूर्ण टोलोलिंग चोटी पर भी कब्जा कर लिया और प्रधानमंत्री वाजपेयी ने कारगिल का दौरा किया। अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने 15 जून 1999 को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री नवाज शरीफ से पाकिस्तानी सैनिकों को पीछे हटाने का आग्रह किया लेकिन पाकिस्तान ने उस अपील को अनसुना कर दिया।

## भारतीय सेना के अदम्य साहस एवं पराक्रम की महागाथा


आचार्य दीप चन्द

26 जुलाई का दिन प्रति वर्ष कारगिल विजय दिवस के रूप में पूरे भारतवर्ष में मनाया जाता है। सन 1999 में भारत और पाकिस्तानी सेनाओं के साथ मिले हुए घुसपैठिए आतंकियों के बीच कारगिल का युद्ध हुआ था। जो लगभग 60 दिनों तक चला था पाकिस्तानी सेना और कश्मीरी उग्रवादियों ने भारत और पाकिस्तान के बीच की नियंत्रण रेखा पार कर भारत की जमीन पर कब्जा कर लिया था। पाकिस्तानी सेना के साथ लगभग 5000 घुसपैठियों ने कारगिल लद्दाख क्षेत्र की सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण भारतीय चोटियों पर अपना कब्जा जमा लिया था। तत्कालीन पाकिस्तान के राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ ने इस दुस्साहस को मंजूरी दी थी। भारतीय सेना ने लद्दाख के कारगिल के ऊंचे पर्वतीय क्षेत्रों में करीब 3 महीने तक चले इस से युद्ध की विजय की घोषणा करते हुए 26 जुलाई 1999 को ऑपरेशन विजय की सफलता का ऐलान किया था। भारतीय सेना की ओर से ऑपरेशन विजय कारगिल युद्ध के दौरान चलाया गया था। इस दिन भारतीय रणबांकुरों ने पाकिस्तानी सैनिकों को कारगिल की ऊंची चोटियों से खदेड़ कर विजय का परचम लहराया था। कारगिल विजय दिवस हमारी मातृभूमि के सम्मान व स्वाभिमान का प्रतीक है। इस युद्ध में 500 से अधिक वीर सैनिकों ने अपनी मातृभूमि की रक्षा हेतु अपना बलिदान दिया था और लगभग 1300 सैनिक इस युद्ध में घायल हुए थे। भारतीय वायु सेना ने भी कारगिल में सफेद सागर ऑपरेशन के तहत अपनी शक्ति का प्रयोग 32000 फीट की ऊंचाई पर पहली बार किया था और इस युद्ध को विजयी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। कारगिल विजय दिवस भारत के स्वाभिमान, अद्भुत पराक्रम एवं दृढ़ नेतृत्व का प्रतीक है। अपने प्राणों की आहुति देकर भारतीय सशस्त्र बलों ने राष्ट्र की अखंडता, अस्मिता और स्वतंत्रता को अक्षुण्ण बनाए रखा। 63 जवानों को उनकी अद्भुत वीरता, त्याग एवं पराक्रम के कारण परम वीर ,महावीर और वीर चक्र से सम्मानित किया गया। इस कारगिल के युद्ध में भारतीय सेना के अनेक अधिकारियों का सर्वोच्च बलिदान आज भी स्मरणीय है। कैप्टन योगेंद्र यादव जिन्हें देश के सर्वोच्च सैनिक सम्मान परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया उस समय इस योद्धा की आयु मात्र 19 वर्ष की थी जिसने बर्फीली दुर्गम चोटियों पर अपने अद्भुत शौर्य का प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तानी घुसपैठियों को धूल चटाई थी। मानवीय संवेदना से परिपूर्ण योद्धा कैप्टन विक्रम बत्रा ने अपनी टीम का नेतृत्व करते हुए इस युद्ध में श्रीनगर लेह मार्ग पर पाकिस्तानी सेना द्वारा कब्जा की हुई चोटी नंबर 5140 पर तिरंगा फहराया बुरी तरह से घायल होने पर भी उन्होंने हार नहीं मानी और अपना अगला लक्ष्य चोटी नं 4875 को कैप्टन विक्रम बत्रा ने फतेह करके अपने प्राणों को न्यौछावर कर दिया। ऐसे अनेकों वीर बहादुर सैनिक इस कारगिल युद्ध में थे जिन्होंने अपना सर्वोच्च बलिदान देकर मातृभूमि की रक्षा की। प्रतिवर्ष यह कारगिल विजय दिवस 26 जुलाई को कारगिल के युद्ध के महामानवों को सम्मानित करने के लिए मनाया जाता है। इस दिन भारत के प्रधानमंत्री इंडिया गेट पर अमर जवान ज्योति पर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। यह दिन अपना सर्वस्व मातृभूमि की रक्षा हेतु समर्पित करने वाले सैनिकों के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित करने का है उनके विराट बलिदान के आगे नतमस्तक होने की बेला है। भारतीय सेना ने यह कारगिल का युद्ध अत्यंत चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों, कठिन भूभाग, कठोर मौसम और सीमित संसाधनों के बीच लड़ा था।हमारा दुश्मन पाकिस्तानी सेना 18000 फीट ऊंची चोटियों पर हथियार लिए बैठी थी और भारतीय सैनिकों को नीचे से दुर्गम रास्तों को पार करते हुए उन चोटियों को पाकिस्तानी घुसपैठियों से मुक्त करवाना था परंतु विकट परिस्थितियों के होते हुए भी भारतीय सेना के जवानों ने असंभव को संभव बना दिया था।

# थूकने-चाटने से बने करियर


रामविलास जांगिड़

थूकना अब केवल एक जैविक प्रक्रिया नहीं है। यह एक गहन सांस्कृतिक परंपरा, एक राष्ट्रीय कला और एक सामाजिक योग्यता है। थूक की लाल-भभूका कलाकृतियाँ देखकर आप समझ सकते हैं कि भारत में इस कला के पैमाने अभी भी बहुत ऊँचे हैं। थूकना अब व्यक्तिगत नहीं रहा, यह सार्वजनिक सहभागिता है। यह एक खुला मंच है, जहाँ हर नागरिक को थूकने के रंग भरने का अधिकार है। बिना किसी प्रशिक्षण के। जो जितना जोर से थूकता है, वह उतना ही ऊँचा दर्जा पाता है। राजनीति में भी थूकना अब 'विचार विमर्श' का माध्यम बन चुका है। कोई नेता जब दूसरे पर थूक की बौछार करता है, तो समझ लीजिए वह चुनावी मौसम शुरू हो गया है। थूकना अब बहस नहीं, बयान है। अब बात करते हैं चाटने की- यह कोई साधारण काम नहीं, यह वैज्ञानिक प्रक्रिया है। शरीर की लचक, जीभ की सटीकता और आत्मा की लाचारी—तीनों का अद्भुत संयोग होता है चाटने में। जो जितनी सफाई से चाटे, वह उतना ही ऊँचा पद पाता है। तलवे चाटना अब पुराने जमाने की बात नहीं, यह कॉरपोरेट स्किल बन चुकी है। इंटरव्यू में अब पूछा जाता है- "अगर बॉस तुम्हें दो थप्पड़ मारे तो क्या करोगे?" जवाब- "सर, तीसरा गाल भी पेश कर दूंगा और लंच के बाद चप्पलें भी साफ कर दूंगा।" और फिर एचआर अधिकारी ताली बजाकर कहता है- "आपका चयन हुआ है! आपको प्रमोशन सीधा चप्पल से जूते तक मिलेगा।" हमारे देश की उन्नति इन्हीं दो सिद्धांतों पर टिकी है। एक, जो जहां थूके वही उसकी ज़मीन। और दो, जो जिसको चाट ले वही उसका भगवान। थूकने के मामले में नेताओं की कोई सानी नहीं। वे वादों की थूक उड़ाते हैं और जनता उस पर विश्वास की कालीन बिछा देती है। हर चुनाव में थूक की धार थोड़ी और तेज होती है, और जनता की चाट थोड़ी और विनम्र। चाटने वालों की श्रेणी भी विकसित हो चुकी है।पहली किस्म के चाटूकार वो होते हैं जो सामने से चाटते हैं और वाहवाही लूटते हैं। दूसरी किस्म वाले पीछे से चाटते हैं और गुपचुप फायदे पाते हैं। और तीसरी किस्म के महानुभाव तो हवा में ही चाट लेते हैं, इन्हें चाटने के लिए चीज़ की ज़रूरत नहीं होती, केवल अवसर चाहिए। कुछ महान आत्माएँ तो ऐसी भी होती हैं जो एक ही थूक को चाट-चाट कर अमृत बना देती हैं। ये वो लोग होते हैं जो पुराने नेताओं के झूठे वादों को बार-बार दोहराते हैं, और हर बार जनता उसे चाटकर फिर से मतदान कर देती है। बड़ी-बड़ी नौकरियाँ थूक-चाट के पायदानों से होकर ही मिलती हैं। जो जितनी बार थूके उतनी बार चाटो, यही है सफलता का मंत्र। विश्वविद्यालयों में अब पीएचटीसी (फिलोसोफी ऑफ थूक एंड चाट) की डिग्री शुरू होनी चाहिए। थीसिस के टॉपिक कुछ ऐसे होंगे- 1.पार्टी बदलने में थूकने की भूमिका। 2. तलवे चाटने की समकालीन तकनीकें। 3. राजनीति और थूकः एक चिपचिपा संबंध। थूकना और चाटना अब वो दो स्तंभ हैं, जिन पर हमारा लोकतंत्र टिका है। एक थूकता है, दूसरा चाटता है, और तीसरा- हम सब !ताली बजाते हैं।



# शिव पूजा; संकटों से मुक्ति दिलाता है महामृत्युंजय मंत्र

अभी सावन महीना चल रहा है और इस महीने में शिव पूजा करते समय महामृत्युंजय मंत्र का जप करने की परंपरा है। माना जाता है इस मंत्र के जप से भक्त की सभी समस्याएं दूर हो सकती हैं और मुश्किल से मुश्किल काम सफल हो सकते हैं।

**मान्यता: महामृत्युंजय मंत्र मृत्यु समान कष्टों को भी दूर कर सकता है**

**ऊँ त्र्यम्बकं यजामहे सुगंधिं पुष्टिवर्धनम।**
**ऊर्वारुकमिव बन्धनान मृत्योर्मुक्षीय मामृतात।।**

मंत्र का अर्थ - भगवान शिव त्रिनेत्र धारी हैं। हम त्रिनेत्र वाले भगवान शिव का मन से स्मरण करते हैं। शिव जी हमारे जीवन को मधुर बनाते हैं, हमारा पालन-पोषण करते हैं। हे शिव जी, हमें ऐसा आशीर्वाद दीजिए कि हम जीवन और मृत्यु के बंधन से मुक्त होकर अमृत की ओर आगे बढ़ें।

भगवान शिव की आराधना करने वाला ये मंत्र व्यक्ति को न केवल मृत्यु के भय से मुक्त करता है, बल्कि उसे मानसिक, आध्यात्मिक और भावनात्मक रूप से मजबूत बनाता है।

### मंत्र जप के लाभ

मन की शांति और सकारात्मक सोच मिलती है।

**आत्मविश्वास में वृद्धि होती है।**
**अनजाना भय समाप्त होता है।**
**नकारात्मक ऊर्जा खत्म होती है।**
**अकाल मृत्यु जैसे भय दूर होते हैं।**

शिवलिंग पर जल अर्पण करते हुए इस मंत्र का जप करना चाहिए। ये मंत्र जप हमारे भीतर की शक्ति को शिव की कृपा से जोड़ता है।

### कैसे हुई महामृत्युंजय मंत्र की रचना

महामृत्युंजय मंत्र की रचना मार्कंडेय ऋषि ने बालपन की उम्र में की थी। पौराणिक कथा है कि मृगशृंग ऋषि और सुव्रता की कोई संतान नहीं थी। तब उन्होंने शिव जी को प्रसन्न करने के लिए तप किया और जब शिव जी प्रकट हुए



तो उन्होंने ऋषि और सुव्रता को पुत्र प्राप्ति का वर दिया था। शिव जी ने कहा था कि आपके यहां संतान तो होगी, लेकिन ये संतान अल्पायु होगी, इसका जीवन 16 वर्ष का ही रहेगा।

### कुछ समय बाद ऋषि के यहां पुत्र का जन्म

हुआ। उसका नाम मार्कंडेय रखा गया। माता-पिता ने मार्कंडेय को ज्ञान प्राप्त करने के लिए दूसरे ऋषियों के आश्रम में भेज दिया। 15 वर्ष बीत गए। जब बालक मार्कंडेय अपने घर लौटकर आया तो उसके माता-पिता दुखी थे। माता-पिता ने मार्कंडेय को उसके अल्पायु होने की बात बताई।

मार्कंडेय ने महामृत्युंजय मंत्र की रचना की और मंत्र जप करते हुए शिव जी को प्रसन्न करने के लिए तपस्या करने लगा। इस तरह एक वर्ष बीत गया। मार्कंडेय की उम्र 16 वर्ष हो गई थी।

मार्कंडेय की उम्र पूरी होने पर यमराज उसके सामने प्रकट हुए तो मार्कंडेय ने शिवलिंग को पकड़ लिया। यमराज उसे ले जाना चाहते थे, तभी वहां शिव जी प्रकट हुए। शिव जी ने कहा कि इस बालक की तपस्या से हम प्रसन्न हैं और इसे अमरता का वरदान देते हैं।

इस तरह शिव जी की कृपा और महामृत्युंजय मंत्र के जप से मार्कंडेय अमर हो गए। शिव जी ने मार्कंडेय से कहा था कि जो भक्त महामृत्युंजय मंत्र का जप करेगा, उसकी सभी समस्याएं खत्म होंगी और वह अकाल मृत्यु के भय से बचा रहेगा।

### कैसे करें मंत्र जप

प्रातःकाल स्नान के बाद शांत वातावरण में बैठें और शिवलिंग पर जल चढ़ाते हुए कम से कम 108 बार मंत्र जप करें। जप के दौरान मन को शिव जी में लगाएं। नियमित साधना से इसका प्रभाव दिखता है। इस मंत्र का जप मानसिक तनाव दूर होता है और निर्णय लेने की शक्ति बढ़ती है। आध्यात्मिक संतुलन बना रहता है। आत्म-अनुशासन जीवन में बना रहता है।

## गाय के दूध में वो सबकुछ है, जो दुनिया चाहती है

हमारा राष्ट्रीय पेय क्या होना चाहिए। चीन की चाय, अरब की कॉफी, रूस की वोदका, अमेरिका का कोक, ईरान की शराब, पश्चिम की दारू। लगभग ये सब इन देशों के राष्ट्रीय पेय बन चुके हैं। अगर सतही तौर पर कहा जाए तो भारत का राष्ट्रीय पेय चाय है। लेकिन गहराई से विचार करें तो भारत को इस समय सर्वाधिक जरूरत किस बात की है।

उसका भौतिक विकास करने के लिए तो कई कर्णधार लगे हुए हैं, लेकिन भारत ने सदैव आत्मिक विकास में रुचि दिखाई है। और जिन्हें भी मानसिक शांति चाहिए, आंतरिक उत्साह चाहिए, जिनकी रुचि चरित्र में हो, उनको भारत का राष्ट्रीय पेय गाय का दूध ही मानना चाहिए। गाय के दूध में वो सब है, जिसे पाने के लिए लोग दुनियाभर में बावले हो रहे हैं। हर पोषक तत्व इसमें समाया है। अग्नि का स्वभाव है कि उसमें कुछ भी डालो, वह कार्बन डाइ ऑक्साइड बना देती है। लेकिन गाय का घी अग्नि में डालें तो ऑक्सीजन बन जाता है। गाय को पशु नहीं, प्राणी मानिए और अपने प्राण बचाइए, गोमाता के माध्यम से।

## घर में सुख-शांति लाने का रास्ता, एंट्री अगर गलत दिशा में है तो हो सकती हैं परेशानियां



घर की एंट्री सिर्फ एक दरवाज़ा नहीं, बल्कि आपकी जिंदगी की दिशा तय करने वाला रास्ता है। अगर ये पॉइंट मजबूत है और आपकी कुंडली के साथ अलाइंड है, तो बाकी चीज़ों का असर कम हो जाता है। इसलिए अगर आप वास्तु को लेकर सच में कुछ बदलना चाहते हैं, तो सबसे पहले मुख्य द्वार की दिशा पर ध्यान दीजिए।

जब भी हम किसी के घर में कदम रखते हैं, सबसे पहले जिस चीज़ का सामना करते हैं, वो होती है एंट्री। वास्तु के मुताबिक यही एंट्री यानी मुख्य द्वार, पूरे घर की एनर्जी का दरवाज़ा होती है। लोग अक्सर सोचते हैं कि अगर घर के अंदर सब कुछ ठीक है, तो सब अच्छा होगा। लेकिन वास्तु में ऐसा नहीं होता हैं। 80% असर घर की एंट्री से होता है, जबकि बाकी की चीज़ें सिर्फ 20% ही फर्क डालती हैं। अगर एंट्री पावरफुल हो, सही दिशा में हो और आपके जन्म के नक्शे से मेल खाती हो, तो जीवन की मुश्किलें भी आसान लगने लगती हैं।

### एंट्री का वास्तु में रोल

वास्तु शास्त्र मानता है कि कोई भी ऊर्जा सबसे पहले घर में प्रवेश करती है। मुख्य दरवाज़े से, अगर यही पॉइंट कमज़ोर है, तो बाकी घर में चाहे जो भी कर लें, असर अधूरा ही रहेगा। एक सही एंट्री पॉइंटः

1. पॉजिटिव एनर्जी को अंदर लाता है।
2. नेगेटिव चीज़ों को रोकता है।
3. करियर, सेहत और रिश्तों पर सीधा असर डालता है।

यानी आपकी एंट्री सिर्फ एक रास्ता नहीं, बल्कि आपकी किस्मत का रास्ता है।

### कौन सी दिशा होती है सही?

हर किसी के लिए सही दिशा एक जैसी नहीं होती। ये आपके जन्म के समय और लग्न पर भी निर्भर करता है। लेकिन आमतौर परः

**1. पूर्व दिशा (East) – ज्ञान, तरक्की और फेम से जुड़ी मानी जाती है।**
**2. उत्तर दिशा (North) – पैसा, ग्रोथ और पॉजिटिव सोच से जुड़ी है।**
**3. दक्षिण दिशा (South) – ठीक से संभाली जाए तो स्ट्रॉन्ग रिजल्ट देती है।**
**4. पश्चिम दिशा (West) – कभी-कभी अच्छी होती है, लेकिन बहुत सोच-समझकर।**

अगर गलत दिशा से एंट्री है, तो घर में दिक्कतें बनी रह सकती हैं, जैसे आर्थिक परेशानी, मानसिक तनाव, या रिश्तों में दूरी।

जन्मकुंडली से कैसे मैच करें?

आपकी जन्मकुंडली ये बताती है कि कौन-सी दिशा आपके लिए सूट करती है। जैसेः

1. मंगल प्रधान लोगों के लिए दक्षिण सही होती है।
2. चंद्र प्रधान व्यक्ति को उत्तर-पूर्व दिशा फायदा देती है।
3. शुक्र वाले जातकों को पश्चिम दिशा से लाभ होता है।

अगर आपकी एंट्री आपकी कुंडली से मेल खा रही हो, तो यकीन मानिए, अंदर चाहे थोड़ी कमियाँ हों, उसका असर बहुत कम महसूस होगा।

गलत एंट्री का असर

अगर एंट्री गलत दिशा में है या वहां कोई रुकावट है, तो ये असर दिख सकता हैः

**1. घर में बिना वजह झगड़े**
**2. बार-बार नौकरी या पैसा रुकना**
**3. सेहत से जुड़ी समस्याएं**
**4. नेगेटिव सोच का बढ़ना**

### उपाय क्या करें?

***1. दिशा सुधारें*** – अगर हो सके तो दरवाज़े की जगह बदलें।
***2. एनर्जी बैलेंस करें*** – पीतल, तांबे या लकड़ी की चीज़ें लगाएं।
***3. स्वस्तिक या शुभ चिह्न लगाएं*** – दरवाज़े के दोनों ओर।
***4. लाइटिंग सही रखें*** – एंट्री हमेशा रोशनीदार होनी चाहिए।
***5. कूड़ा या गंदगी बिल्कुल न हो*** – एंट्री पॉइंट को साफ-सुथरा रखें।

## जो व्यक्ति वर्तमान में जीता है और जो अपने कर्म को साधना मानता है वही सच्चा साधक है

जो व्यक्ति वर्तमान में जीता है और जो अपने कर्म को साधना समझकर अपनी पूरी ऊर्जा उसी में लगा देता है, वही सच्चा साधक होता है। अगर हमारी ऊर्जा, विचार और श्रम पूरी तरह से एक जगह केंद्रित है, हम आज में समर्पित हैं और अच्छी योजना भी बना रहे हैं तो हम ऐसा करके एक स्वर्णिम भविष्य की आधारशिला रखते हैं।

**-स्वामी अवधेशानंद जी गिरि**

## हरियाली तीज का व्रत कल रखा जाएगा

हरियाली तीज का व्रत सावन मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को रखा जाता है। यह व्रत विवाहित महिलाएं पति की लंबी आयु और अविवाहित युवतियां अच्छे वर की प्राप्ति के लिए रखती हैं। आइए जानते हैं इस बार हरियाली तीज का व्रत कब रखा जाएगा। साथ ही जानें व्रत की संपूर्ण पूजा विधि।

हरियाली तीज के व्रत सावन मास की शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को रखा जाता है। इस व्रत को शादीशुदा और अविवाहित दोनों ही लड़कियां रखती हैं। शादीशुदा महिलाएं अपने पति की लंबी आयु और अविवाहित महिलाएं अच्छे वर की प्राप्ति के लिए यह व्रत रखती है। इस दिन माता पार्वती और भगवान शिव की पूजा अर्चना की जाती है। आइए जानते हैं हरियाली तीज का व्रत इस बार कब रखा जाएगा। साथ ही जानें हरियाली तीज व्रत की संपूर्ण पूजा विधि



### कब है हरियाली तीज का व्रत?

**पंचांग के अनुसार, सावन शुक्ल तृतीया तिथि का आरंभ 26 जुलाई शनिवार रात 10 बजकर 42 मिनट पर होगी और 27 जुलाई की रात 10 बजकर 41 मिनट तक रहेगी। शास्त्रों के विधान के अनुसार, उदय तिथि के अनुसार, हरियाली तीज का व्रत 27 जुलाई रविवार के दिन रखा जाएगा।**

हरियाली तीज पर महिलाएं रखें इन बातों का विशेष ख्याल

इस महिलाओं को हरे रंग के वस्त्र पहनने चाहिए और हरी चूड़ियां भी।

हरियाली तीज के दिन माता पार्वती को सोलह श्रृंगार का सामान अर्पित करें और शादीशुदा महिलाएं खुद भी सोलह श्रृंगार करें।

जो महिलाएं व्रत कर रही हैं उन्हें भूलकर भी भोजन नहीं करना चाहिए। खाने पीने से व्रत अधूरा माना जाता है। साथ ही इस दिन काले रंग के वस्त्र और चूड़ियां भूलकर भी न पहनें।

### हरियाली तीज व्रत की पूजा विधि

हरियाली तीज के दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान करने के बाद स्वच्छ वस्त्र धारण करें। इसके बाद सबसे पहले अपने पूजाघर को साफ करें और गंगाजल छिड़ककर पूजा घर को पवित्र करें।

इसके बाद एक लकड़ी की चौकी पर लाल कपड़ा बिछाकर माता पार्वती और भगवान शिव की प्रतिमा स्थापित करें।

इसके बाद घी का दीपक जलाकर व्रत का संकल्प लें और फिर माता पार्वती को श्रृंगार की सारी सामग्री अर्पित करें। इस बात का ध्यान रखें की माता पार्वती और भगवान शिव की प्रतिमा बालू से बनी होनी चाहिए। अगर बालू की प्रतिमा न हो तो आप तस्वीर भी रख सकते हैं।

इसके बाद सबसे पहले हाथ जोड़कर भगवान शिव और माता पार्वती की आवाहन करें और इसके बाग शिवजी का अभिषेक करें और माता पार्वती को श्रृंगार का सामान अर्पित करें।

इसके बाद हरियाली तीज व्रत कथा का पाठ करें और अंत में शिव पार्वती की आरती करे और हाथ जोड़कर पूजा में हुई कोई भी भूल चूक के लिए माफी मांगे।

अगले दिन बालू से बनी प्रतिमा को किसी नदी में विसर्जित कर दें।

## घर की इस दिशा में लगाएं गेंदे का पौधा



भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी को ये फूल बेहद प्रिय होते हैं। ऐसे में वास्तुशास्त्र में भी गेंदे के फूलों का खास महत्व बताया गया है। इसे घर में लगाने से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और धन-धान्य की भी प्राप्ति होती है। ऐसे में आइए विस्तार से जानते हैं कि वास्तु के अनुसार गेंदे के फूल को किस दिशा में लगाना चाहिए और इसके क्या लाभ होते हैं।

गेंदे के पीले और नारंगी फूलों का हिंदू धर्म में खास महत्व है। ये फूल भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी को भी बेहद प्रिय हैं। वास्तुशास्त्र के अनुसार, गेंदे के फूल घर में सकारात्मक ऊर्जा लाते हैं। इसे सही दिशा में लगाने से घर में सुख-समृद्धि बनी रहती है। पूजा में गेंदे के फूलों का प्रयोग करने से धन की समस्या से भी छुटकारा मिल सकता है।

पीले और नारंगी रंग के गेंदे के फूलों का हिंदू धर्म में खास महत्व होता है। इसे देवी-देवताओं की पूजा में और धार्मिक कार्यों में विशेष रूप से प्रयोग किया जाता है। गेंदे के पीले फूल बिल्कुल सूर्योदय के रंग जैसे प्रतीत होते हैं। वहीं, नारंगी रंग के गेंदे के फूल सूर्यास्त के प्रतीक होते हैं। साथ ही,

गेंदे के फूल सही दिशा में लगाने के लाभ

माना जाता है कि घर में सही स्थान पर गेंदे के फूल को रखने से नाकारात्मक ऊर्जा दूर रहती है। साथ ही, इसकी मनमोहक सुगंध से आसपास का वातावरण सकारात्मक होता है। अगर आप गेंदे के फूल को घर में सही दिशा में लगाते हैं तो इससे माता लक्ष्मी और विष्णुजी की कृपा प्राप्त हो सकती है। साथ ही, घर में सुख-समृद्धि और शांति सदैव बनी रहती है। इन फूलों को पूजा में भी जरूर प्रयोग करना चाहिए। ऐसा करने से आपको पैसों की तंगी से निजात मिल सकती है और धन लाभ योग बनने लगते हैं। घर में गेंदे के फूल लगाने से परिवार के बीच का माहौल खुशनुमा बना रहता है जीवन में तरक्की के नए रास्ते भी खुलने लगते हैं।

गेंदे का फूल घर की इस दिशा में लगाएं

वास्तुशास्त्र के अनुसार, गेंदे के फूलों को घर की सही दिशा में लगाना बहुत जरूरी होता है। अगर आप इसे गलत स्थान या दिशा में रखते हैं तो इससे अशुभ फल की प्राप्ति हो सकती है। वास्तु के अनुसार, गेंदे के फूल का पौधा हमेशा ईशान कोण यानी उत्तर-पूर्व दिशा में लगाना चाहिए। इसके अलावा, आप पूर्व या उत्तर दिशा में भी इस शुभ पौधे को लगा सकते हैं। ऐसा करने से घर से नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है और इसकी जगह सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। साथ ही, इस पौधे से आसपास का वातावरण भी शुद्ध होता है।

## गेंदे का पौधा लगाने के विशेष वास्तु नियम

इस शुभ पौधे को घर के मुख्य द्वार पर लगाना भी बहुत शुभ माना जाता है। ऐसा करने से घर के अंदर नकारात्मक ऊर्जा प्रवेश नहीं कर पाती है।

वास्तुशास्त्र के अनुसार, घर में कभी भी गेंदे के पौधे को दक्षिण या पश्चिम दिशा में नहीं लगाना चाहिए। ऐसा करने से अशुभ फल की प्राप्ति हो सकती है।

गेंदे के फूल को भूलकर भी गंदे स्थान, रसोई घर, बाथरूम और टॉयलेट के पास नहीं रखना चाहिए। इन जगहों पर गेंदे के पौधे को रखना शुभ नहीं माना जाता है।

घर में कभी भी ऐसा गेंदे का पौधा नहीं रखना चाहिए जो पूरी तरह मुरझा गया हो या उसके फूल और पत्ते सूख रहे हों। साथ ही, पौधे के हरा-भरा रहने का भी ख्याल रखना चाहिए।

गेंदे के फूलों की माला बनाकर देवी-देवताओं को समर्पित करनी चाहिए। ऐसा करने से जातक को भगवान की विशेष कृपा प्राप्त हो सकती है।

# 'वर्क-लाइफ बैलेंस एक झूठ है', इंडस्ट्री में शिफ्ट टाइमिंग पर चल रही बहस के बीच बोलीं तमन्ना



फिल्म इंडस्ट्री में वर्क-लाइफ बैलेंस पर बहस छिड़ी हुई है। कई सितारों ने लंबे काम के घंटों, शिफ्ट टाइमिंग और स्वस्थ दिनचर्या की जरूरतों पर अपनी बात रखी है। इस बातचीत में अब एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया भी शामिल हो गई हैं। उन्होंने हाल ही में इस मामले पर अपने निजी विचार साझा किए। साथ ही अपनी राय भी दी।

**वर्क लाइफ बैलेंस के कॉन्सेप्ट को नहीं मानतीं तमन्ना**

इंडिया कॉउचर वीक के मौके पर बोलते हुए तमन्ना ने कहा कि कि वे 'वर्क लाइफ बैलेंस' के कॉन्सेप्ट में यकीन ही नहीं रखती हैं, जिस पर कि अक्सर चर्चा की जाती है। इसके बजाय वे इनर बैलेंस यानी आंतरिक संतुलन में विश्वास करती हैं। तमन्ना ने एएनआई से बातचीत में कहा, 'मुझे लगता है कि वर्क लाइफ बैलेंस एक झूठ है'।

**दीपिका के 'स्पिरिट' से निकलने के बाद वर्क-लाइफ बैलेंस पर हो रही चर्चा**

तमन्ना ने कहा, 'मेरे मुताबिक आपको खुद संतुलित होना ही होगा, तभी काम और जिंदगी का संतुलन बनता है। अगर आप संतुलित हैं, तो काम और जिंदगी का संतुलन हो जाता है'। अभिनेत्री दीपिका पादुकोण के फिल्म 'स्पिरिट' छोड़ने के बाद शिफ्ट टाइमिंग और वर्क-लाइफ बैलेंस इंडस्ट्री में हॉट टॉपिक बने हुए हैं। दअअसल, 'स्पिरिट' के निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा ने कथित तौर पर आठ घंटे काम करने के दीपिका के अनुरोध को अस्वीकार कर दिया था।

**सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ नजर आएंगी तमन्ना**

तमन्ना के वर्क फ्रंट की बात करें तो वे आगामी फिल्म 'वन-फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट' उर्फ 'वीवन' के लिए तैयार हैं, जिसमें वे सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ नजर आएंगी। यह फिल्म अगले साल मई में रिलीज होगी। फिल्म के निर्देशक अरुणभ कुमार और दीपक मिश्रा हैं। यह फिल्म बालाजी मोशन पिक्चर्स द्वारा निर्मित है।

## दर्शकों को इस बार रास नहीं आ रहा कपिल का शो, टॉप-10 की सूची से हुआ बाहर

'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' का तीसरा सीजन 21 जून 2025 को ओटीटी पर शुरू हुआ। पहले ही एपिसोड में अभिनेता सलमान खान बतौर गेस्ट नजर आए। शो ने अच्छी शुरुआत की। लेकिन अब पहले एपिसोड के बाद यह नेटफ्लिक्स की गैर-अंग्रेजी शो की वैश्विक सूची में चौथे नंबर पर पहुंच गया।

**अच्छी शुरुआत के बाद बिगड़ा खेल**

कपिल के शो के नए सीजन के पहले एपिसोड को तो अच्छी



प्रतिक्रिया मिली। हालांकि, दूसरे हफ्ते में ही यह सातवें नंबर पर खिसका और तीसरे और चौथे हफ्तों में तो शो अपने ओटीटी प्लेटफॉर्म की टॉप-10 लिस्ट से ही बाहर हो गया। इससे साफ है कि कपिल के शो के इस सीजन को लोगों ने शुरुआत में तो खूब देखा, लेकिन बाद में इसकी लोकप्रियता धीरे-धीरे घटती जा रही है।

**ऐसे तय होते हैं आंकड़े**

यह आंकड़े नेटफ्लिक्स की ऑफिशियल वेबसाइट से लिए गए हैं। नेटफ्लिक्स हर एपिसोड के अलग-अलग आंकड़े नहीं देता, बल्कि हर हफ्ते के कुल व्यूज और वॉचिंग टाइम बताता है। यानी जितने एपिसोड उस हफ्ते तक उपलब्ध होते हैं, उनका सभी एपिसोड का मिला-जुला आंकड़ा जारी होता है।

**नयापन नहीं, तो ओटीटी पर नहीं टिकता शो**

शो के फ्लॉप होने के कारण समझने के लिए ओटीटी विशेषज्ञ गिरीश वानखेड़े से बातचीत की। वे कहते हैं, 'कपिल शर्मा का शो ओटीटी पर इसलिए नहीं चला क्योंकि उसकी सबसे बड़ी कमजोरी ओवरएक्सपोजर है। टीवी पर जो कंटेंट हिट लगता है, वह ओटीटी पर नहीं चलता क्योंकि वहां के दर्शक ज्यादा प्रगतिशील होते हैं। उनके पास भरपूर विकल्प होते हैं। ओटीटी के दर्शक बहुत जल्दी ऊब जाते हैं। जब तक किसी चीज में गहराई या नयापन ना हो, वो उसे ज्यादा देर तक नहीं देखते।'

**क्लिक तो हर कोई करता है, पर ज्यादा देर देखता नहीं**

ओटीटी पर कामयाबी का असली पैमाना क्या है? इस बारे में गिरीश कहते हैं, 'अगर कोई शो 51 मिनट लंबा है और लोग उसे सिर्फ 2-3 मिनट देखकर छोड़ देते हैं, तो वह 'क्लिक' तो है लेकिन असली ऑडियंस नहीं। यही कपिल के शो के साथ हो रहा है। लोग इसे शुरू तो करते हैं लेकिन ज्यादा देर देखते नहीं।'

## 'थलाइवन थलाइवी' में विजय सेतुपति के दीवाने हुए फैंस



विजय सेतुपति और नित्या मेनन की फिल्म 'थलाइवन थलाइवी' आज, 25 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। फिल्म को दर्शकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। फिल्म को देख कर दर्शक एक्स पर प्रतिक्रिया दे रहे हैं। आइए जानते हैं दर्शकों को यह फिल्म कैसी लगी।

**दर्शक ने की फिल्म की तारीफ**

एक दूसरे यूजर ने फिल्म की जमकर तारीफ की है। उन्होंने एक्स पर लिखा है 'थलाइवन थलाइवी फिल्म कुछ ही सिनेमाघरों में क्यों लगाई गई है? भारतीय जोड़ों को यह फिल्म बहुत पसंद आएगी। यह उनकी जिंदगी से जुड़ी है।'

**विजय सेतुपति की हुई तारीफ**

एक एक्स यूजर ने फिल्म में विजय सेतुपति की तारीफ करते हुए लिखा है 'विजय सेतुपति ने हमें मर्दाना रूढ़ियों के बजाए भरोसेमंद नायक दिया है। थलाइवन थलाइवी में उन्होंने ऐसा ही किरदार निभाया है।'

**दर्शक को कलाकारों का काम अच्छा लगा**

एक और सोशल मीडिया यूजर ने लिखा है 'थलाइवन थलाइवी पारिवारिक दर्शकों के लिए बहुत अच्छी फिल्म है। फिल्म के कलाकार अपने फॉर्म में हैं। फिल्म का लेखन भावनात्मक और मजेदार है।'

**दर्शक ने फिल्म को बताया ब्लॉकबस्टर**

एक एक्स यूजर ने फिल्म को ब्लॉकबस्टर बताया है। उन्होंने लिखा है 'ब्लॉकबस्टर। निर्देशक पंडीराज इस बार एक संपूर्ण मनोरंजन और पारिवारिक मनोरंजन के साथ आए हैं। फिल्म का आखिरी हिस्सा, खासकर क्लाइमेक्स बहुत अच्छा है।'

सोशल मीडिया पर दर्शकों ने मुख्य जोड़ी के बीच की केमिस्ट्री की तारीफ की है। कई दर्शक विजय और नित्या की अदाकारी को दिल को छू लेने वाली बता रहे हैं। शुरुआत में फिल्म को लेकर ज्यादा चर्चा नहीं हुई थी, लेकिन ट्रेलर रिलीज होने के बाद फिल्म ने लोगों का ध्यान खींचा।

**फिल्म के बारे में**

पंडिराज द्वारा निर्देशित और सत्य ज्योति फिल्म्स द्वारा निर्मित, यह फिल्म गांव में शादी के माहौल पर आधारित है। हंसी-मजाक से भरपूर यह फिल्म एक सकारात्मक संदेश देती है। फिल्म में मैना नंदिनी, दीपा, रोशिनी हरिप्रियन और योगी बाबू जैसे सहायक कलाकारों ने अच्छी अदाकारी की है।

# 'तन्वी द ग्रेट' के फ्लॉप होने से टूट गए अनुपम बोले- अब तक नहीं दे पाया कलाकारों को पैसे

अनुपम खेर तकरीबन 23 साल बाद निर्देशक की कुर्सी पर दोबारा बैठे और 'तन्वी द ग्रेट' नाम की फिल्म लाए। फिल्म को रिलीज हुए अब एक हफ्ते का समय बीत चुका है, लेकिन फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कोई कमाल नहीं दिखा पाई। यही नहीं लगभग 50 करोड़ रुपए के बजट से बनी यह फिल्म एक हफ्ते में बॉक्स ऑफिस पर 2 करोड़ रुपए की भी कमाई नहीं कर पाई है। अनुपम खेर इस फिल्म में निर्देशक और अभिनेता होने के साथ-साथ प्रोड्यूस भी हैं। ऐसे में फिल्म के बॉक्स ऑफिस पर सफल न हो पाने से अनुपम खेर निराश है। उनका कहना है कि वो अभी तक एक्टर्स की फीस भी नहीं दे पाए हैं।

**शूटिंग शुरू होने के बाद फाइनेंसर ने पीछे खींचे हाथ**

एक बातचीत में अनुपम खेर ने 'तन्वी द ग्रेट' के बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कलेक्शन न कर पाने पर निराशा जताई। निर्देशक-निर्माता ने कहा कि तन्वी ने कोई जबरदस्त कलेक्शन या कुछ भी नहीं दिया है। पिछले 10 साल से सिनेमा बिजनेस की तरह हो गया है। हमें लगता है कि अगर फिल्म की कमाई अच्छी नहीं हुई तो मतलब फिल्म अच्छी नहीं है। मैं भी इस बिजनेस वर्ल्ड का हिस्सा हूं। लेकिन जब हमने बजट बनाया वो 50 करोड़ के आस-पास हुआ। एक जेंटलमेन थे




जिन्होंने कहा कि वह 50 प्रतिशत देंगे बजट का जो कि एक बड़ा अमाउंट है। सब तैयारी हो गई और फिर शूट से 1 महीने पहले मुझे बताया गया कि वह फिल्म को फाइनेंस नहीं कर पाएंगे।

**दोस्तों से लिए फिल्म बनाने के लिए पैसे**

अचानक फाइनेंसर के पीछे हटने से अनुपम को दूसरे स्वतंत्र फाइनेंसर पर निर्भर होना पड़ा। इसको लेकर अनुपम का कहना है कि मैंने भारत के अलावा यूएस में भी अपने कुछ दोस्तों को कॉल किया। हमारी फिल्म के 10 को-प्रोड्यूसर्स थे। यह एक तरह क्राउड फंडिंग है। मैंने उन्हें फिल्म का सिनोप्सिस भेजा और उनका फिल्म से कोई लेना-देना नहीं था। वो सभी बिजनेसमैन हैं और सिर्फ बैंक में काम करते हैं या डॉक्टर्स हैं। मैंने उन्हें कहा कि जब फिल्म रिलीज होगी तब मैं पैसे वापस कर दूंगा। लेकिन उनमें से किसी ने अभी तक मांगा नहीं।

**एक्टर्स को अब तक नहीं दी फीस**

यह नहीं फिल्म के बॉक्स ऑफिस पर सफल न हो पाने के चलते अनुपम खेर अभी तक फिल्म की कास्ट तक को पैसे नहीं दे पाए हैं। फिल्म के एक्टर्स से अपनी दोस्ती का जिक्र करते हुए अनुपम खेर ने कहा कि सबसे मजेदार बात ये है कि मेरे सभी चार मेन एक्टर्स ने यह फैसला किया कि वो मुझसे पैसे नहीं लेंगे। अरविंद स्वामी, जैकी श्रॉफ, पल्लवी जोशी और बोमन ईरानी, मैं इन सबके पास गया और बताया कि क्या हुआ है। मैंने कहा मैं पे कर दूंगा और उन्होंने कहा कि क्या हमने मांगा?

**क्रिटिक्स ने की फिल्म की तारीफ**

'तन्वी द ग्रेट' की बात करें तो यह एक ऑटिस्टिक लड़की की कहानी है। रिलीज से पहले फिल्म को कान समेत अलग-अलग कई फिल्म फेस्टिवल में दिखाया गया, जहां फिल्म की तारीफ भी हुई। रिलीज के बाद भी क्रिटिक्स ने तो फिल्म की सराहना की, लेकिन 'तन्वी द ग्रेट' दर्शक जुटाने में सफल नहीं हो पा रही है।

# वीर पहाड़िया ने भरी महफिल में तारा सुतारिया को दिया फ्लाइंग किस

एक्टर्स तारा सुतारिया और वीर पहाड़िया का प्यार अब पूरी दुनिया के सामने आ रहा है। हालांकि, दोनों ने अभी तक अपने रिश्तों को लेकर कोई पुष्टि नहीं की है। हाल ही में सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में एक्ट्रेस किसी समारोह में नजर आ रही हैं, जहां उनके रूमर्ड बॉयफ्रेंड वीर पहाड़िया भी मौजूद हैं। वीडियो में दोनों एक दूसरे पर प्यार बरसाते हुए फ्लाइंग किस देते दिख रहे हैं।

**तारा सुतारिया की खूबसूरती के कायल हुए वीर पहाड़िया**

सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें एक्ट्रेस तारा सुतारिया किसी समारोह में रैंप वॉक करती नजर आ रही है। वीडियो में अभिनेत्री को क्रीम कलर का स्ट्रैपलेस गाउन और चमकदार ज्वैलरी पहने देखा जा सकता है। इसके साथ ही वह रैंप वॉक करते हुए वहां मौजूद सभी का ध्यान अपनी ओर खिंचती दिख रही हैं। रैंप के दौरान एक्ट्रेस मुस्कुरा रही हैं और इस दौरान उनके रूमर्ड बॉयफ्रेंड और अभिनेता वीर पहाड़िया भी सबसे आगे की पंक्ति में बैठकर



तारा सुतारिया का हौसला अफजाई करते नजर आ रहे हैं।

**एक दूसरे को फ्लाइंग किस करते नजर आए रूमर्ड कपल**

रैंप वॉक के दौरान तारा सुतारिया ने जब वीर पहाड़िया को देखा, तो उन्होंने अभिनेता को फ्लाइंग किस दिया, फिर अभिनेता ने भी एक्ट्रेस को फ्लाइंग किस दिया। भरी महफिल में दोनों अपना प्यार जताते दिखे, जिससे उनके बीच डेटिंग की अफवाहों को हवा मिल गई है। अब ये देखना है कि दोनों एक्टर्स कब अपने रिश्तों को लेकर आधिकारिक पुष्टि करते हैं। पैपराजी पेज ताहिर जासूस पर वीडियो शेयर किया गया है।

**नेटिजंस ने दी प्रतिक्रिया**

नेटिजंस की प्रतिक्रियाएं आने लगी हैं। एक यूजर ने कहा, 'आखिरकार एक्ट्रेस को वो मिल गया जिसकी वो हकदार थीं, उनके लिए बहुत खुश हूं।' दूसरे यूजर ने लिखा कि कुछ दिनों पहले वीर पहाड़िया मानुषी छिल्लर के साथ थे। इसके अलावा एक अन्य यूजर ने कहा कि फिर से एक्ट्रेस गलत लड़का चुन रही हैं।

## फिल्मों से रिटायरमेंट के बाद 'पुष्पा 2' फेम एक्टर फहाद ड्राइवर बन चलाएंगे उबर, बताई वजह

मलयालम सुपरस्टार फहाद फासिल, जिन्हें 'पुष्पा 2' में शानदार अभिनय के लिए जाना जाता है। अभिनेता इस समय अपनी आगामी फिल्म 'माएरीसन' के प्रचार-प्रसार में व्यस्त हैं। एक्टर ने एक इंटरव्यू में अपने रिटायरमेंट प्लान को लेकर चर्चा की और बताया कि फिल्मों के बाद वह ड्राइवर बन उबर चलाना चाहते हैं। अभिनेता ने क्या बताया, जानिए पूरी बात।



**लोगों को मंजिल तक पहुंचाना पसंद करते हैं एक्टर**

हाल ही में अभिनेता फहाद फासिल एक इंटरव्यू में शामिल हुए। बातचीत के दौरान एक्टर से पूछा गया कि क्या वह अभी भी बार्सिलोना में उबर चलाने का सपना देखते हैं? इसके जवाब में अभिनेता ने कहा कि कुछ दिनों पहले वह बार्सिलोना में थे। साथ ही उन्होंने बताया कि उन्हें लोगों को उनके मंजिल तक पहुंचाना पसंद है, जो एक खूबसूरत चीज है। अभिनेता ने कहा कि जब उन्हें मौका मिलता है, तो वो ऐसा करते हैं।

उन्हें सिर्फ गाड़ी चलाना ही नहीं पसंद, बल्कि लोगों को ड्राइव करके एक जगह से दूसरे जगह पर पहुंचाने में भी आनंद मिलता है।

**अभिनेता की पत्नी को पसंद आया उनका रिटायरमेंट प्लान**

अभिनेता ने आगे बातचीत में 2020 में IE को दिए एक इंटरव्यू का जिक्र किया, जिसमें उन्होंने कहा था, 'फिलहाल, उबर ड्राइवर बनने के अलावा मुझे और कुछ करने में मजा नहीं आता। मुझे लोगों को गाड़ी में घुमाना बहुत पसंद है। मैं अपनी पत्नी से कहता हूं कि रिटायरमेंट प्लान के तौर पर, मैं बार्सिलोना जाकर पूरे स्पेन में लोगों को गाड़ी में घुमाना चाहता हूं। उन्हें यह प्लान बहुत पसंद है।'

**फहाद फासिल का वर्कफ्रंट**

फहाद फासिल के वर्कफ्रंट की बात करें, तो उन्हें आखिरी बार 'पुष्पा 2: द' रूल में देखा गया था, जिसमें उन्होंने इंस्पेक्टर की भूमिका निभाई थी। वहीं, अभिनेता की आगामी फिल्मों की बात करें, तो उन्हें 'माएरीसन' मे देखा जाएगा।

# मां ही नहीं देश के बेटे के विश्वासघात की कहानी है 'सरज़मीन', आपको झकझोर कर रख देगी फिल्म

### सरज़मीन रिव्यू

इस साल की शुरुआत में मार्च में, सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान ने जान्हवी कपूर की बहन खुशी कपूर के साथ 'नादानियां' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। हालांकि दर्शकों को उनका काम कुछ खास पसंद नहीं आया था, लेकिन उन्होंने अब खुद को प्रूफ कर दिया है कि वो एक्टिंग में किसी से कम नहीं हैं। इब्राहिम अली खान ने ये साबित कर दिया वो नेपो किड नहीं हैं, बल्कि उनमें टैलेंट है और वो अपने काम के दम पर बॉलीवुड में अपनी जगह बनाएंगे। जी हां! फिल्म 'सरज़मीन' रिलीज हो चुकी है और इसकी कहानी रूह कंपा देने वाली है।

वैसे तो फिल्म मनोरंजन का जरिया होती हैं, लेकिन कुछ ऐसी होती हैं जो दिमाग पर छाप छोड़ जाती हैं और ये फिल्म उन्हीं में से



एक है। कायोज ईरानी की फिल्म आ चुकी है और शुरुआत से अंत तक ये आपका ध्यान भटकने नहीं देगी। इसकी शुरुआत काफी सिंपल और शांत लगती है, लेकिन जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती जाती है इसमें कई तूफान देखने को मिलते हैं जो दिमाग को हिलाकर रख सकते हैं।

**क्या है फिल्म की कहानी?**

कहानी कर्नल विजय मेनन पर आधारित है, जिसका किरदार पृथ्वीराज सुकुमारन ने निभाया है। वो अफसर, जिसने अपना पूरा जीवन देश की सेवा में लगा दिया। जिसकी पत्नी मेहर है और ये किरदार काजोल ने निभाया है। मेहर एक पत्नी होने के साथ-साथ वो मां है जो अपने बेटे को हर खतरे से दूर रखने के लिए अपनी जी जान लगा देती है, लेकिन वो ये नहीं जानती कि वो ही बेटा ना केवल अपने मां बाप को बल्कि देश के साथ भी विश्वासघात कर रहा है। उनके बेटे का किरदार इब्राहिम अली खान ने निभाया है, उनके किरदार का नाम है हरमन, जो देश के लिए बड़ा खतरा है। जिस पिता ने अपनी पूरी जिंदगी देश की रक्षा में लगा दी उसी का बेटा देश का दुश्मन निकलता है। हरमन एक आतंकवादी संगठन में शामिल हो जाता है और जब ये बाद उसकी मां मेहर को पता चलती है तो वो पूरी तरह टूट जाती है। वो समझ नहीं पाती कि उसके सामने उसका बेटा खड़ा है या एक आतंकवादी?

**कैसी है एक्टिंग?**

हमेशा की तरह काजोल ने इस किरदार में भी जान फूंक दी है। एक बेटे के विश्वासघात के बाद एक मां किस तरह टूट जाती है, ये काजोल की एक्टिंग में साफ पता चल पाया है। एक लाचार मां की पीड़ा देखने वाले को भी अंदर तक झकझोर सकती है। वहीं बात पृथ्वीराज की करें तो उनका काम भी कमाल है। मगर सबसे ज्यादा तारीफ इब्राहिम अली खान की होनी चाहिए, जिन्होंने खलनायक के रूप में बेहतरीन काम किया है। इब्राहिम को देखकर आपको सैफ अली खान के बेस्ट रोल याद आने वाले हैं।

**डायरेक्शन और स्क्रीनप्ले**

बात अगर फिल्म के डायरेक्शन, सिनेमेटोग्राफी की करें तो सब कुछ बेहतरीन है। फिल्म का बैकग्राउंड म्यूजिक, सीन, कैमरा एंगल सब पर अच्छा काम किया गया है।

**क्यों देखें फिल्म?**

अगर आप गहरी छाप छोड़ने वाली फिल्में पसंद करते हैं तो ये आपको लाजमी पसंद आने वाली है। इसे देखकर आपको ऋतिक रोशन की फिल्म 'फिजा' की याद भी आ सकती है। अगर आप राष्ट्र के प्रति प्यार और देशद्रोही के प्रति नफरत रखते हैं तो ये फिल्म आपको जरूर देखनी चाहिए।

# हैदराबाद से 5-बाइकों की चोरी बस्तर में बेचने की कोशिश

## सोल्ड बाइक में कार का नंबर लगाकर डील कर रहे थे, 3 पकड़ाए, 1 की तलाश जारी



जगदलपुर, 25 जुलाई (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में पुलिस ने बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस गिरोह के लोगों ने हैदराबाद से 5 सोल्ड बाइकों की चोरी कर ली थी। इसके बाद वे इन बाइकों पर किसी भी कार का फर्जी नंबर लगाकर, फर्जी आरसी बनाकर बेचने की तैयारी कर रहे थे।

हालांकि, पुलिस ने इस गिरोह के 3 लोगों को पकड़ लिया है। इनके पास से 7 लाख 50 हजार रुपए की 5 बाइकें और प्रिंटर मशीनें बरामद की हैं। हैदराबाद के 1 मुख्य आरोपी की तलाश जारी है। मामला जिले के गीदम थाना क्षेत्र का है।

दरअसल, एक दिन पहले गीदम पुलिस वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इस दौरान एक लाल रंग की स्प्लेंडर बाइक को रुकवाया। बाइक चालक ने अपना नाम गुलशन नाहटा निवासी गीदम बताया। बाइक पर सीजी 17 सी 1880 नंबर की प्लेट लगी थी। वहीं जब इससे गाड़ी से संबंधित दस्तावेज मांगे गए तो इसने नहीं दिया।

तभी पुलिस को इसपर शक हुआ और ऑनलाइन बाइक नंबर की डिटेल्स निकाली। पुलिस को पता चला कि ये बाइक का नंबर नहीं बल्कि महेश राम बघेल के नाम से रजिस्टर अल्टो कार का नंबर है। जिसके बाद पुलिस को शक हुआ कि ये चोरी की बाइक है। पुलिस ने गुलशन को हिरासत में लिया।

जिसके बाद उससे और पूछताछ की गई तो उसने बताया कि गाड़ी हैदराबाद से चोरी कर लाई गई है। उसके गैराज में 4 और बाइकें जिसमें 2 बुलेट, 1 पल्सर और 1 स्प्लेंडर खड़ी है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उन बाइकों को भी बरामद किया।

जिसके बाद पूछताछ में गुलशन ने अपने अन्य तीन साथी रिज्जू के.जे., प्रवीण गोलछा, कैलाश निषाद के बारे में भी जानकारी दी।

# 23 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किया जलार्पण

## शीघ्र दर्शनम से 64,631 श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक मंदिर को मिले 2.39 करोड़ रुपए

देवघर, 25 जुलाई (एजेंसियां)। राजकीय श्रावणी मेला में अब तक कुल 23,73,874 कांवरियों ने बाबा बैद्यनाथ को जलार्पण किया है। साथ हीं शीघ्र दर्शनम कूपन के माध्यम से 64631 श्रद्धालु शामिल हैं। 11 जुलाई से 25 जुलाई तक बाबा मंदिर की कुल आय 2,39,25,311 रुपए रहा, जिसमें मंदिर के अन्य स्रोतों से आय भी शामिल है। यह जानकारी देवघर डीसी नमन प्रियेश लकड़ा ने दी।

श्रावणी मेला के 14 दिन बीतने के डीसी ने बताया कि शीघ्र दर्शनम कूपन से प्राप्त आय 60 प्रतिशत 1,84,56,840 रुपए है। वहीं, सम्पूर्ण मेला क्षेत्र की निगरानी के लिए 765 सीसी टीवी कैमरा, 200 एआई कैमरा व 10 ड्रॉन कैमरा कार्यरत हैं।

वहीं, इस श्रावणी मेला में ऑनलाइन चैट बोर्ड क्यू आर कोड से 344 प्राप्त शिकायतों का निष्पादन किया गया।

# रिटायर्ड पुलिस इंस्पेक्टर का बेटा बना जेपीएससी टॉपर

## 12 लाख पैकेज की जॉब करते हुए की तैयारी, दूसरे प्रयास में मिली सफलता

रांची, 25 जुलाई (एजेंसियां)। झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) ने संयुक्त सिविल सेवा परीक्षा 2023 का अंतिम परिणाम घोषित कर दिया है। इस भर्ती परीक्षा के इंटरव्यू में शामिल हुए 864 छात्रों में से 342 उम्मीदवारों का चयन किया गया है।

धनबाद के ढैया निवासी आशीष अक्षत ने इस परीक्षा में टॉप किया है। उनकी इस उपलब्धि पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। आशीष के पिता रिटायर्ड पुलिसकर्मी हैं। आशीष ने बताया कि उनकी प्रारंभिक शिक्षा धनबाद के एक निजी विद्यालय से हुई। उच्च शिक्षा के लिए वे बोकारो चले गए। वहां डीएवी बोकारो से उन्होंने 11वीं और 12वीं की पढ़ाई विज्ञान संकाय से पूरी की।

आगे की पढ़ाई के लिए वे जमशेदपुर गए। एनआईटी जमशेदपुर से उन्होंने स्नातक की पढ़ाई की। आशीष ने बताया कि गणित और विज्ञान विषयों में अच्छी पकड़ होने के कारण उन्होंने इंजीनियरिंग का रास्ता



आशीष फिलहाल अपनी पत्नी के साथ गुड़गांव (हरियाणा) में रहते हैं

चुना। उन्होंने 2012 में एआईईई (वर्तमान में जेईई मेन्स) क्वालीफाई किया। इसके बाद उनका नामांकन एनआईटी जमशेदपुर में हुआ। वहां से उन्होंने सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री प्राप्त की।

पढ़ाई पूरी करने के बाद 2017 में आशीष ने गुड़गांव में एक ई-कॉमर्स कंपनी में काम करना शुरू किया। वे 12 लाख रुपए सालाना पैकेज पर एक निजी कंपनी में कार्यरत हैं।

नौकरी करते हुए उन्हें लोक सेवा में जाने की इच्छा जागी। इसके बाद उन्होंने नौकरी के साथ-साथ सिविल सर्विसेज से मास्टर्स की डिग्री हासिल की और लोक सेवा की तैयारी में जुट गए। उनकी मेहनत रंग लाई और वे झारखंड लोक सेवा आयोग की परीक्षा में टॉपर बने।

आशीष ने बताया कि सिविल सेवा की तैयारी करने के दौरान 2022 में उन्होंने पहला प्रयास किया था। इसमें उनका चयन नहीं हो पाया था। इस बीच उन्होंने 2022 में ही यूपीएससी की भी तैयारी की। वहां भी उन्हें असफलता हाथ लगी। लेकिन उन्होंने हार न मानते हुए, 2023 में फिर से जेपीएससी की तैयारी शुरू की और इस बार उन्होंने न केवल सफलता हासिल की बल्कि राज्य में टॉप भी किया।

आशीष ने बताया कि उनके पिता झारखंड पुलिस में ही अपनी सेवा देते आए थे। 2019 में वे झारखंड पुलिस में निरीक्षक के पद पर रहते हुए अपनी सेवा समाप्त की थी। आशीष ने बताया कि जिस प्रकार से उनके पिता अपने कार्य को लेकर समर्पित रहते थे और उसे बखूबी निभाते थे, कहीं न कहीं उन्हें हमेशा लगता था कि पिता के पथ पर एक दिन इन्हें भी चलना चाहिए।

उन्होंने बताया कि लोक सेवा परीक्षा देने के इरादे में भी उन्हें हमेशा पुलिस सेवा की ओर ही झुकाव रहा। उन्होंने बताया कि पुलिस सेवा ही सबसे बेहतर सेवा है। किसी भी व्यक्ति को कोई भी परेशानी होती है तो वे सबसे पहले पुलिस के पास ही पहुंचते हैं।

# बीआरओ ने खोली विकास की राह

## नक्सलियों के गढ़ में पहली बार बारिश में भी सुरक्षित हुआ सफर

सुकमा, 25 जुलाई (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के सुदूर और संवेदनशील बस्तर संभाग में बीआरओ (सीमा सड़क संगठन) ने लोगों की राह आसान की है। देश की सुरक्षा में अहम भूमिका निभाने वाला बीआरओ (सीमा सड़क संगठन) अब विकास की तस्वीर भी बदल रहा है।

सुकमा जिले के नक्सल बहुल क्षेत्र पुवर्ती के करीब सिलगेर मार्ग पर बीआरओ ने एक मजबूत बेली ब्रिज का निर्माण कर इस बात को साबित कर दिया है। दशकों से जो रास्ता मानसून में मौत का जाल बन जाता था, आज वह लोहे के पुल पर मजबूती से टिका खड़ा है।

पिछले कई वर्षों से पुवर्ती और आसपास के गांवों के निवासियों को हर बारिश में नदी पार करने के लिए जान जोखिम में डालनी पड़ती थी। अस्थाई लकड़ी के चाचर या खुद बहाव में उतर कर लोग जिंदगी को दांव पर लगा रहे थे।

अब 15 मीटर लंबे बेली ब्रिज ने वह संकट समाप्त कर दिया है। सिलगेर से लेकर पुवर्ती, तिम्मापुरम, गोल्लाकोंडा, टेकलगुड़ा, जब्बागट्टा और तुमलपाड़ तक के लोग अब हर मौसम में निर्बाध रूप से आवागमन कर सकते हैं। यह इलाका उस हिड़मा का गढ़ माना जाता है, जो नक्सली नेटवर्क का एक कुख्यात चेहरा है। ऐसे में यहां निर्माण कार्य को पूरा करना किसी चुनौती से कम नहीं था। सुरक्षा बलों की निगरानी में बीआरओ के इंजीनियरों और मजदूरों ने बिना प्रचार के बेहद तेजी से निर्माण कार्य को अंजाम दिया। लोहे के ढांचे से बने इस पुल को जल्दी तैयार किया जा सकता है और यह इलाके की बनावट के लिए बेहद उपयुक्त भी है। केंद्र सरकार ने इस इलाके को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए 2024-25 में 66 करोड़ 74 लाख रुपये की लागत से 64 किलोमीटर की सड़क परियोजना को मंजूरी दी थी। इसमें एलमागुड़ा से पुवर्ती तक की 51 किलोमीटर सड़क का कार्य सबसे अहम माना जा रहा है, जिसकी लागत करीब 53 करोड़ रुपये है।


# ड्रग्स लेती युवती का वीडियो वायरल

## 500 के नोट पर कोकीन डालकर लाइन बनाई, फिर चाटी, केक-चॉकलेट-जालिम जैसे कोड-वर्ड से बिक रहा

रायपुर, 25 जुलाई (एजेंसियां)। रायपुर में एक युवती के ड्रग्स लेने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो गंज थाना क्षेत्र स्थित एक नामी होटल का बताया जा रहा है। ढाई मिनट के इस वीडियो में एक युवती कमरे के भीतर ड्रग्स लेते हुए नजर आ रही है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि युवती 500 रुपए के नोट का उपयोग करते हुए पाउडर (संभावित एमडीएमए/कोकीन) की लाइन बनाती है और फिर उसे चाटती है। इस दौरान युवती किसी से फोन पर भी बात कर रही है। यह पूरी घटना कमरे के बाहर से मोबाइल से बनाए वीडियो में रिकॉर्ड की गई है।

वीडियो सामने आने के बाद यह बात स्पष्ट है कि होटल कारोबारी नशेड़ियों, जुआरियों और संदिग्ध गतिविधियों को अंजाम देने वाले लोगों को होटल का कमरा नियमों को दरकिनार करके किराए पर दे रहे हैं। पुलिस की समझाइश और सख्ती के बाद भी कारोबारी नियम तोड़ रहे हैं।

एमडीएमए ड्रग्स कितना खतरनाक है? निगरानी और




कार्रवाई क्यों जरूरी? कैसे कोडवर्ड के सहारे नशीली सामग्री बेची जा रही है। रायपुर में कहां-कहां नशे का सामान मिल रहा है? कौन कहां से सप्लाई कर रहा है? एमडीएमए यानी मि था इ ली न डा इ ऑ क सी मेथाम्फेटामाइन (एमडीएमए) या मेफेड्रोन या एक्सटेसी। एक्टर सुशांत सिंह राजपूत की कथित गर्लफ्रेंड रिया चक्रवर्ती और जया शाह के वॉट्सऐप चैट से इसकी चर्चा शुरू हुई। इसके एक ग्राम की कीमत करीब 15 हजार रुपए है। नशा करने वालों के बीच इसके और भी कोड नेम है। इसे लेने के बाद दिमाग में नशा चढ़ता है। मदहोशी आती है। अधिकतर लोग इसे मस्ती के लिए लेते हैं। ज्यादा मात्रा में एक साथ लेने पर यह जान के लिए खतरा तक बन सकती है।

**ड्रग्स के ओवरडोज से मौत**

रायपुर के कबीर नगर थाना क्षेत्र के वाल्मीकि नगर में 24 जून को मंदीप सिंह नाम के युवक का शव सड़क पर पड़ा मिला। मंदीप को अपनी क्रेटा कार से कारोबारी संतोष मिश्रा फेक कर गया था। पुलिस ने जांच की और कारोबारी संतोष मिश्रा को हिरासत में लिया।

उसने बताया कि वो अपनी महिला मित्र साधना और मंदीप के साथ कार से घूम रहा था। मंदीप ने नशीला इंजेक्शन अपनी नशों में लगाया। कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। डर के कारण वो मंदीप को वाल्मीकि नगर में फेंक कर फरार हो गया।

**मां ने नशेड़ी बेटे की थी शिकायत**

रायपुर के तेलीबांधा निवासी युवक यश (परिवर्तित नाम) को ड्रग्स की लत लग गई थी। ड्रग्स ना मिलने के कारण वो परिजनों को प्रताड़ित करता था। आरोपी अपने नशे की लत को पूरा करने के लिए कोरियर से ड्रग्स मंगवाता था। युवक की मां ने 2023 में थाना पहुंचकर अपने बेटे की शिकायत तेलीबांधा पुलिस में की। पुलिस ने केस दर्ज किया, तो सिंडिकेट का खुलासा हुआ।

# 200 पुराना पीपल का पेड़ मकान पर गिरा

## बिजली तार पर गिरते ही निकली चिंगारियां बलौदाबाजार में मकान का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त



बलोदा बाजार, 25 जुलाई (एजेंसियां)। बलौदाबाजार के गांधी चौक के पास गुरुवार शाम करीब 7.30 बजे एक बड़ा हादसा टल गया। बालक शाला परिसर में स्थित लगभग 200 साल पुराना पीपल का विशालकाय पेड़ अचानक गिर गया। यह पेड़ बसंत सराफ के मकान पर गिरा, जिसमें उस समय करीब 10 लोग मौजूद थे। गनीमत रही कि किसी कोई को चोट ही आई। लेकिन मकान क्षतिग्रस्त हो गया।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि, लगभग एक माह पहले ही इस पेड़ का आधा हिस्सा गिर चुका था। मोहल्लेवासियों ने पेड़ की कमजोर स्थिति को देखते हुए पार्षद से इसे कटवाने की गुजारिश भी की थी। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। पेड़ गिरने से मनोज दुबे के घर के पास की बिजली लाइन भी प्रभावित हो गई।

पूरी घटना पास लगे सीसी कैमरे में कैद हो गई। जब रात में पेड़ बिजली तार पर गिरा, तो जोरदार चिंगारियां निकलीं। ये चिंगारियां गुब्बारों की तरह बहुत दूर तक फैल गईं।

मोहल्ले से गुजर रहे लोग बाल-बाल बचे। गली में दर्जनों कारें खड़ी थीं। अगर किसी गाड़ी पर चिंगारियां गिरतीं तो स्थिति गंभीर हो सकती थी।

# गले में अटका चना, 2 साल के मासूम की मौत

कोरबा, 25 जुलाई (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में गुरुवार को गले में चना अटकने से 2 साल के बच्चे की मौत हो गई। परिजनों ने कहा कि बच्चे को सुबह से मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया था। लेकिन शाम तक सही से इलाज नहीं मिला। समय पर चना निकल जाता तो बच्चा जिंदा होता। डॉक्टर कहते रहे बड़े साहब आएंगे वो देखेंगे।

वहीं डॉक्टर्स का कहना है कि बच्चे को गंभीर हालत में अस्पताल लाया गया था। चना गले से होकर फेफड़ों में जाकर फंस गया था। बच्चा सांस नहीं ले पा रहा था। इंटरनल ब्लीडिंग हो रही थी। डॉक्टरों की टीम ने पूरी कोशिश की, लेकिन बच्चे को नहीं बचाया जा सका। घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र की है।

जानकारी के मुताबिक, छोटू कुमार (37) उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। वे कोरबा में पानीपुरी बेचने का काम करता है। उसका भाई भी यही काम करता है। गुरुवार सुबह करीब 8 बजे दिव्यांश कुमार (2 साल) घर के आंगन में खेल रहा था। खेलते-खेलते वह कमरे में आ गया और वहां रखे चने को निगल गया।

इसके बाद मासूम रोने लगा और उसे सांस लेने में दिक्कत होने लगी। जिसके बाद उसके चाचा गोलू बंसल (27) उसे फौरन मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले गया। उसका आरोप है कि जब भी वे डॉक्टर से बच्चे की स्थिति के बारे में पूछते, तो उन्हें कहा जाता था कि बड़े डॉक्टर आकर देखेंगे।

चाचा गोलू बंसल ने कहा कि हम लोग पीजी कॉलेज के पास रहते हैं। सुबह पूरी सेक रहे थे। बच्चा रो रहा था तो बहन ने देखा कि वह चना निगल गया है। तुरंत मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर आए। एक पाइपनली (इक्विपमेंट) मंगवाने कहा।

हम लोग वो नली भी लेकर आए। हम कहते रहे बच्चे को देख लो। लेकिन उन्होंने ऑपरेशन नहीं किया। शाम 7:30 बजे बच्चे की मौत हो गई। सही समय पे चना निकल जाता तो बच्चे की जान बच जाती।

# सीसीएल कर्मी के घर पर लूट

धनबाद, 25 जुलाई (एजेंसियां)। धनबाद के ईस्ट बसुरिया ओपी क्षेत्र के सोरितांड सेफहोम में गुरुवार की रात एक बड़ी लूट की वारदात हुई। बोआ कला उत्तर पंचायत के सीसीएल कर्मी मनोज रवानी के घर में 5-6 नकाबपोश अपराधी घुस आए। अपराधी लाठी, चाकू और लोहे की रॉड जैसे हथियारों से लैस थे। उन्होंने पूरे परिवार को बंधक बना लिया। घटना वक्त मनोज रवानी गहरी नींद में सो रहे थे। अपराधियों ने सबसे पहले मनोज को लाठी से मारकर जगाया। डर के मारे मनोज ने तुरंत अपनी जेब से 3,000 रुपए निकालकर दे दिए। इसके बावजूद अपराधियों का मन नहीं भरा।

# साहिबगंज में देश की सर्वाधिक डॉल्फिन ने दर्ज कराई उपस्थिति

## प्रति किलोमीटर औसतन 2.88 डॉल्फिन, संरक्षण के लिए एक बड़ी उपलब्धि

साहिबगंज, 25 जुलाई (एजेंसियां)। साहिबगंज में गंगा नदी के 89 किलोमीटर लंबे खंड में डॉलफ़िन की उपस्थिति दर प्रति किलोमीटर 2.88 दर्ज की गई है, जो अब तक भारत में किसी भी खंड में दर्ज सर्वाधिक दर है। यह आंकड़ा जून 2025 के प्रथम सप्ताह में वन्यप्राणी संस्थान भारत द्वारा किए गए वैज्ञानिक सर्वेक्षण के माध्यम से प्राप्त हुआ है।

गंगा डॉल्फिन, जिसे वन्यप्राणी (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की अनुसूची-1 में शामिल किया गया है, भारत की राष्ट्रीय जलीय जीव है और इसे सर्वोच्च विधिक संरक्षण प्राप्त है। साहिबगंज खंड में डॉल्फिन की इस सघन उपस्थिति



से यह स्पष्ट होता है कि यह क्षेत्र जल गुणवत्ता और पारिस्थितिकीय स्वास्थ्य की दृष्टि से अत्यंत उपयुक्त है। यह निष्कर्ष मार्च 2025 में प्रस्तुत राष्ट्रव्यापी रिपोर्ट से भी पुष्ट होता है, जिसमें झारखंड के गंगा नदी खंड को प्रति किमी डॉल्फिन की दृष्टि से देश का सबसे समृद्ध क्षेत्र बताया गया था। रिपोर्ट में बताया गया है कि डॉल्फिन की उच्च उपस्थिति दर को देखते हुए यह खंड संरक्षण की दृष्टि से एक उपयुक्त स्थल के रूप में सामने आता है। इससे डॉल्फिन के प्रजनन, आवास और दीर्घकालिक संरक्षण को सुदृढ़ समर्थन मिलेगा। साहिबगंज की यह डॉल्फिन उपस्थिति दर न केवल जैव विविधता की दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह भी संकेत करती है कि यह खंड गंगा डॉल्फिन के संरक्षण क्षेत्र के रूप में विकसित किया जा सकता है।

इधर, वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रबल गर्ग ने बताया कि झारखंड के साहिबगंज के हिस्से में पड़ने वाले 89 किलोमीटर गंगा क्षेत्र वन जीव प्राणी संस्थान ने यह सर्वे किया है, जिसमें प्रति किलोमीटर 2.88 डॉल्फिन के उपस्थिति का आंकड़ा सामने आया है। जो पिछले रिकॉर्ड से काफी बेहतर है।

# सुकमा, जगरगुण्डा इलाके में चार सक्रिय नक्सली गिरफ्तार

सुकमा, 25 जुलाई (एजेंसियां)। सुकमा जिले के अतिसंवेदनशील थाना जगरगुण्डा क्षेत्र में पुलिस और सीआरपीएफ ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए चार सक्रिय नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। ये सभी नक्सली जगरगुण्डा एरिया कमेटी से जुड़े हुए हैं और बीते 29 जून को कैम्प बेदरे के पास आईईडी लगाने की साजिश में शामिल रहे हैं। गिरफ्तार किए गए नक्सलियों की पहचान तामु जोगा, पुनेम बुधरा, मड़कम भीमा और मिडियम आयतु के रूप में हुई है। सभी की उम्र 23 से 25 वर्ष के बीच है और ये ग्राम बोड़नगुड़ा, बेदरे क्षेत्र के निवासी हैं। आरोपियों के कब्जे से एक टिफिन बम भी बरामद किया गया है, जो सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने की नीयत से

टिफिन बम बरामद



रखा गया था। पुलिस व सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने 23 जुलाई को ग्राम बोड़नगुड़ा और आसपास के क्षेत्रों में सर्च ऑपरेशन चलाया। अभियान के दौरान घेराबंदी कर चारों आरोपियों को पकड़ा गया, जो पहले से जगरगुण्डा थाने में दर्ज गंभीर मामलों में फरार चल रहे थे। उनके खिलाफ विस्फोटक पदार्थ अधिनियम और यूएपीए की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज है। गिरफ्तार किए गए सभी आरोपियों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया के बाद दंतेवाड़ा की विशेष न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। सुरक्षा एजेंसियों का मानना है कि ये कार्रवाई नक्सल नेटवर्क को कमजोर करने की दिशा में अहम कड़ी साबित होगी।

इस अभियान के बाद सुरक्षाबलों ने क्षेत्र में सघन गश्त और सर्चिंग बढ़ा दी है। पुलिस को इन नक्सलियों के अन्य साथियों की भी तलाश है, जो इस वारदात में संलिप्त रहे हैं।

लगातार जारी नक्सल विरोधी अभियान के तहत क्षेत्र में गतिविधियां तेज कर दी गई हैं।

# करंट से रिटायर्ड प्रोफेसर की मौत

रायपुर, 25 जुलाई (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में बारिश से कई जिलों में कॉलोनियों के घरों में पानी भर गया है। बिलासपुर के स्वर्णजयंती नगर में पानी भर गया है। इसी दौरान करंट लगने से रिटायर्ड प्रोफेसर की मौत हो गई। उनके घर में पानी घुस गया था। इन्वर्टर का प्लग निकालते समय करंट की चपेट में आ गए।

इसके साथ ही बिलासपुर के यदुनंदन नगर में कॉलोनी में पानी भर गया है। सड़कें तालाब में तब्दील हो गईं हैं। बिलासपुर में ही सीपत थाना क्षेत्र में हरेली के दिन शिव मंदिर से दर्शन कर लौटते वक्त कार नाले के बाढ़ में बह गई। कार में 9 लोग सवार थे। 8 लोग किसी तरह तैर कर बाहर निकले, लेकिन 3 साल का बच्चा और कार बह गए।

वहीं कोरबा के घिनारा नाला का जलस्तर बढ़ गया है। कई गांव से संपर्क टूट गया है। सोन नदी में दोस्तों के साथ घूमने गया युवक बह गया है, जिसकी तलाश जारी है। बताया जा रहा है कि लापता युवक का नाम राजेश मनेवार (32) है, जो उरगा थाना क्षेत्र के सुखरीखुर्द का रहने वाला है।

अंबिकापुर के मैनपाट इलाके में भारी बारिश के कारण मछली नदी में बाढ़ आ गई है। पुल के दोनों ओर का संपर्क पथ क्षतिग्रस्त हो गया है। इससे यातायात ठप हो गया है। पहुंच पथ की मरम्मत कराई जा रही है।वहीं पेंड्रा इलाके में लगातार बारिश होने के बाद पानी के तेज बहाव में पुलिया बह जाने से 6 गांवों को संपर्क टूट गया। इस बीच मौसम विभाग ने आज (शुक्रवार) बलरामपुर, जशपुर, बीजापुर, नारायणपुर, कोंडागांव और कांकेर समेत 6 जिलों में भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है।

# कार समेत नाले में बहे नौ लोग

## मंदिर से दर्शन के बाद लौटते समय हादसा, मासूम की तलाश जारी

बिलासपुर, 25 जुलाई (एजेंसियां)। बिलासपुर जिले के सीपत थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसे में कार सवार लोग कार सहित नाले में बह गये।

9 लोगों में से आठ लोग बच गए वहीं एक छोटा बच्चा कार सहित पानी में बह गया जिसका एसडीआरएफ की टीम तलाश में जुटी हुई है।

दरअसल सिपत थाना क्षेत्र की घटन है हरेली पर्व पर माता शक्ति दाई मंदिर उच्चभट्ठी से दर्शन कर लौट रहे परिवार के उपर दुखो का पहाड टुट पडा।

ग्राम खम्हरिया के रहने वाले मोहनलाल साहू उम्र 29 वर्ष अपनी पत्नी, बच्चों और रिश्तेदारों समेत कुल 9 लोगों के साथ वेगनआर कार से ग्राम उच्चभट्ठी स्थित शिव शक्ति पीठ मंदिर से वापस घर लौट रहे थे।

इसी दौरान झलमला गांव के तुंगन नाला पुल पर करीब 3 फीट पानी बह रहा था। कार मोहन चला रहा था।

पुल पार करते वक्त कार पानी के तेज बहाव में करीब 60 फीट दूर बह गई। कार में चार बड़े और पांच बच्चे सवार थे।

हादसे में सभी लोग किसी तरह तैरकर बाहर निकल आए और चार बच्चों को बचा लिया गया।

मगर मोहनलाल का तीन साल का बेटा तेजस मां का हाथ छूटते ही कार समेत पानी के तेज बहाव में बह गया।

सूचना मिलते ही सीपत टीआई गोपाल सतपथी पुलिस टीम और डायल 112 के साथ मौके पर पहुंचे।

वही रात के अंधेरे में तलाश करना भारी मुश्किल हो,रहा था रहा था फिर भी पुलिस और ग्रामीण युवाओं ने मशाल की रोशनी में नाले में उतरकर बच्चे और कार को खोजा, लेकिन कोई पता नही चल पाया।

आज सुबह एसडीआरएफ की टीम सर्च ऑपरेशन शुरू कर तलाशमे फिर जुट गई है। फिलहाल सीपत पुलिस ने अनुमान जताया है कि कार और मासूम झलमला-सेलर एनीकट के पास, पुल से करीब 800 मीटर दूर मिल सकते हैं। हादसे के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है।



# इलेक्ट्रॉनिक्स में चीन के निवेश को लेकर भारत के रुख में लचीलापन

## सूत्र बोले- इसे नजरअंदाज नहीं कर सकते



नई दिल्ली, 25 जुलाई (एजेंसियां)। भारत घरेलू कंपनियों, विशेषकर इलेक्ट्रॉनिक्स, के साथ चीनी कंपनियों के सहयोग के लिए लचीला रुख अपना रहा है। एक सरकारी सूत्र ने शुक्रवार को यह टिप्पणी की। सूत्र ने बताया कि लगभग 60 प्रतिशत इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण चीन में होता है, इसलिए इसे नजरअंदाज करना आसान नहीं है। सूत्रों ने कहा, (भारत और चीन के बीच) रिश्ते सुधर रहे हैं। इसके संकेत मिल रहे हैं। पर्यटक वीजा की सुविधा शुरू कर दी गई है। इलेक्ट्रॉनिक्स में 60 प्रतिशत विनिर्माण चीन में होता है। इसलिए, किसी न किसी तरह का सहयोग होना ही चाहिए। वह चीनी कंपनियों के साथ डिक्सन संयुक्त उद्यम के लिए सरकार की मंजूरी पर पूछे गए प्रश्न का उत्तर दे रहे थे। डिक्सन टेक्नोलॉजीज को चीनी समकक्ष लॉन्गचीयर के साथ संयुक्त उद्यम (जेवी) बनाने के लिए भारत सरकार से मंजूरी मिल गई है। डिक्सन संयुक्त उद्यम के लिए कई चीनी कंपनियों से संपर्क कर रहा है। इसने मोबाइल फोन और लैपटॉप जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में उपयोग होने वाले इलेक्ट्रॉनिक घटकों के विनिर्माण और बिक्री के लिए चीनी इलेक्ट्रॉनिक घटक कंपनियों चोंगकिंग युहाई प्रिसिजन मैन्युफैक्चरिंग कंपनी लिमिटेड और कुनशान क्यू टेक्नोलॉजी की भारतीय शाखा- के साथ अलग-अलग समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। चीनी स्मार्ट डिवाइस निर्माता कंपनी वीवो के साथ कंपनी का संयुक्त उद्यम भी निर्माणाधीन है।

# एन चंद्रेशखरन की झोली में आए 156 करोड़ रुपए टाटा ग्रुप में एयर इंडिया को सबसे ज्यादा घाटा

नई दिल्ली, 25 जुलाई (एजेंसियां)। टाटा ग्रुप देश का सबसे बड़ा औद्योगिक घराना है। इसका बिजनस करीब 180 अरब डॉलर का है। इस ग्रुप की होल्डिंग कंपनी टाटा संस के प्रमुख एन. चंद्रशेखरन की सैलरी फाइनेंशियल ईयर 2025 में बढ़कर 156 करोड़ रुपये हो गई। चंद्रशेखरन अब भारत के सबसे ज्यादा सैलरी पाने वाले प्रोफेशनल सीईओ में से एक हैं। उनकी सालाना कमाई 150 करोड़ रुपये से ज्यादा है। उनकी सैलरी में पिछले साल के मुकाबले 15% की बढ़ोतरी हुई है। चंद्रशेखरन को फाइनेंशियल ईयर 2024 में 135 करोड़ रुपये मिले थे। चंद्रशेखरन ने फरवरी 2017 में टाटा संस के चेयरमैन का पद संभाला था। तब से उनकी सैलरी में काफी इजाफा हुआ है। वित्त वर्ष 2018 में उनकी सैलरी 55 करोड़ रुपये थी, जो अब बहुत बढ़ गई है। सीएमएस इन्फो सिस्टम्स के वाइस-चेयरमैन राजीव कौल ने वित्त वर्ष 2024 में 181 करोड़ रुपये कमाए। वहीं, परसिस्टेंट सिस्टम्स के सीईओ संदीप कालरा को फाइनेंशियल ईयर 2025 में 148 करोड़ रुपये मिले। कुछ और भी एग्जीक्यूटिव हैं जिनकी सैलरी 100 करोड़ रुपये से ज्यादा है। बजाज फाइनेंस के राजीव जैन को वित्त वर्ष 2025 में 102 करोड़ रुपये मिले।

**टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स में तेजी**

इस बीच, टाटा ग्रुप का सेमीकंडक्टर बनाने का बिजनस तेजी से बढ़ रहा है। शुरू होने के सिर्फ पांच साल में ही यह कंपनी ग्रुप के लिए बड़ा रेवेन्यू कमाने वाली बन गई है।





चुनौतियों के बावजूद यह कंपनी सबसे ज्यादा रेवेन्यू के मामले में छठे नंबर पर है। टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स ने 2020 में काम करना शुरू किया था। फाइनेंशियल ईयर 2025 में कंपनी ने 66,601 करोड़ रुपये का रेवेन्यू कमाया। हालांकि, कंपनी को 70 करोड़ रुपये का मामूली घाटा हुआ है। यह घाटा बहुत कम है। इससे लगता है कि कंपनी जल्द ही मुनाफे में आ जाएगी। टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स लगातार आगे बढ़ रही है। कंपनी ने कुछ कंपनियों को खरीदा भी है। 2024 में कंपनी ने विस्ट्रॉन इंडिया को 1,078 करोड़ रुपये में खरीदा था। इसके अलावा, कंपनी ने पेगाट्रॉन इंडिया में 60% हिस्सेदारी के लिए 1,650 करोड़ रुपये का निवेश किया है। एक सूत्र ने बताया, टेक्नोलॉजी हार्डवेयर के बिजनेस में बहुत पैसा लगता है। ऐसे में, टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स की शुरुआत अच्छी है। टाटा संस ने फाइनेंशियल ईयर 2025 में टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स में 3,000 करोड़ रुपये का निवेश किया। यह जानकारी टाटा संस की एफवाई25 की रिपोर्ट में दी गई है।

**एयर इंडिया को सबसे ज्यादा घाटा**

टाटा ग्रुप को एविएशन बिजनस से 78,636 करोड़ रुपये का रेवेन्यू आया है।

# भारत व्यापार समझौते में ब्रिटेन के कार्बन कर से छूट पाने में विफल रहा, जीटीआरआई की टिप्पणी



नई दिल्ली, 25 जुलाई (एजेंसियां)। भारत गुरुवार को हस्ताक्षरित मुक्त व्यापार समझौते में ब्रिटेन के कार्बन कर से छूट हासिल करने में असमर्थ रहा है। इस कदम से ब्रिटेन को भारत के कार्बन-गहन निर्यात पर असर पड़ेगा। थिंक टैंक जीटीआरआई ने शुक्रवार को यह टिप्पणी की है। दिसंबर 2023 में यूके सरकार ने 2027 से कार्बन बॉर्डर एडजस्टमेंट मैकेनिज्म को लागू करने का निर्णय लिया। सीबीएएम (कार्बन सीमा समायोजन तंत्र) पर छूट या छूट खंड हासिल न करके, भारत ने एक महत्वपूर्ण अवसर खो दिया ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि, हमें अपने कार्बन-गहन निर्यात की रक्षा करनी होगी। उन्होंने कहा, जनवरी 2027 से, ब्रिटेन भारतीय इस्पात और एल्युमीनियम पर कार्बन कर लगा सकता है, जबकि हम ब्रिटेन के सामानों को शुल्क-मुक्त पहुँच प्रदान करते हैं। यह एक गंभीर असमानता है। यूरोपीय संघ के साथ भारत के व्यापार समझौते में भी यही व्यवहार अपेक्षित है। जीटीआरआई ने मई में कहा था कि ब्रिटेन द्वारा 2027 से लोहा और इस्पात, एल्युमीनियम, उर्वरक और सीमेंट जैसे उत्पादों पर कार्बन टैक्स लगाने के निर्णय के कारण भारत से ब्रिटेन को होने वाले 775 मिलियन अमेरिकी डॉलर के निर्यात पर असर पड़ सकता है। यूरोपीय संघ (ईयू) के बाद, ब्रिटेन सीबीएएम लागू करने वाली दूसरी अर्थव्यवस्था होगी। यह कर शुरुआत में लोहा, इस्पात, एल्युमीनियम, उर्वरक, हाइड्रोजन, सिरेमिक, कांच और सीमेंट जैसे क्षेत्रों पर केंद्रित होगा। यह कर 14-24 प्रतिशत तक हो सकता है।

भारत ने पहले भी इस कर पर गंभीर चिंता व्यक्त की थी और इसे व्यापार बाधा बताया था। एक अधिकारी ने कहा कि यदि भविष्य में उठाए गए कदमों से घरेलू निर्यात प्रभावित होता है तो नई दिल्ली ने जवाबी कार्रवाई करने या रियायतों को पुनर्संतुलित करने का अपना अधिकार सुरक्षित रखा है।

# मुकेश अंबानी ने जितना जिंदगी भर कमाया

## उतना लैरी एलिसन सात महीने में ही कमा गए!



नई दिल्ली, 25 जुलाई (एजेंसियां)। भारत और एशिया के सबसे बड़े रईस मुकेश अंबानी अमीरों की लिस्ट में एक स्थान फिसल गए हैं। गुरुवार को उनकी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में करीब दो फीसदी गिरावट आई। इससे अंबानी की नेटवर्थ में $1.36 अरब की गिरावट आई। ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक अंबानी $102 अरब की नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में एक स्थान फिसलकर अब 18वें नंबर पर आ गए हैं। मेक्सिको के अरबपति कार्लोस स्लिम ($103 अरब) उनसे आगे निकल गए हैं। अंबानी की नेटवर्थ में इस साल $11.1 अरब की तेजी आई है जबकि कार्लोस की नेटवर्थ $23.3 अरब बढ़ी है। इस बीच दुनिया के सबसे बड़े रईस एलन मस्क की नेटवर्थ में गुरुवार को 19.5 अरब डॉलर की गिरावट आई। वह 354 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ पहले नंबर पर बने हुए हैं लेकिन इस साल उनकी नेटवर्थ में 78.6 अरब डॉलर की गिरावट आई है। इस बीच ओरेकल के फाउंडर लैरी एलिसन की नेटवर्थ हाल में तेजी से बढ़ी है। उनकी नेटवर्थ में इस साल 101 अरब डॉलर की तेजी आई है और वह 293 अरब डॉलर के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में दूसरे नंबर पर हैं। दोनों की नेटवर्थ में अब 61 अरब डॉलर का अंतर रह गया है। इस लिस्ट में ऐमजॉन के को-फाउंडर जेफ बेजोस 253 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ तीसरे नंबर पर हैं। फेसबुक की पेरेंट कंपनी मेटा प्लेटफॉर्म्स के सीईओ मार्क जकरबर्ग ($251 अरब) चौथे, स्टीव बालमर ($175 अरब) पांचवें, लैरी पेज ($173 अरब) छठे, सर्गेई ब्रिन ($162 अरब) सातवें, बर्नार्ड अरनॉल्ट ($157 अरब) आठवें, जेंसन हुआंग ($151 अरब) नौवें और वॉरेन बफे ($146 अरब) दसवें नंबर पर हैं। गौतम अडानी 83.1 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ 20वें नंबर पर हैं।

# बिलिनेयर बने सुंदर पिचाई, पिता ने अपनी सालभर की सैलरी देकर खरीदा था हवाई जहाज की टिकट

नई दिल्ली, 25 जुलाई (एजेंसियां)। गूगल की पेरेंट कंपनी अल्फाबेट का परिणाम बहुत अच्छा रहा है। इस कारण 2023 की शुरुआत से ही कंपनी के शेयरों में जबरदस्त उछाल आया है। इससे कंपनी की मार्केट वैल्यू में 1 ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा की बढ़ोतरी हुई है। निवेशकों को 120% का रिटर्न मिला है। ब्लूमबर्ग के अनुसार अल्फाबेट के शेयर रिकॉर्ड ऊंचाई के करीब हैं। इस बढ़िया प्रदर्शन से कंपनी के सीईओ सुंदर पिचाई की नेटवर्थ में भी काफी उछाल आई है और वह भी अब बिलिनेयर बन गए हैं। 53 साल के पिचाई की नेट वर्थ अब 1.1 अरब डॉलर है। फोर्ब्स की रियल टाइम बिलियनेयर्स लिस्ट में पिचाई की नेट वर्थ 1.2 बिलियन डॉलर दिखाई गई है। टेक्नोलॉजी इंडस्ट्री में ऐसा बहुत कम ही देखने को मिलता है कि कोई नॉन-फाउंडर सीईओ इतना अमीर बन जाए। ज्यादातर टॉप एग्जीक्यूटिव कंपनी में हिस्सेदारी के दम पर अमीर बने हैं। इनमें मेटा प्लेटफॉर्म्स के मार्क जकरबर्ग और एनवीडिया कॉर्प के जेंसन हुआंग शामिल हैं। न्यूयॉर्क में गुरुवार को मार्केट खुलने के बाद अल्फाबेट के शेयर 4.1% तक बढ़ गए। दो महीने में यह सबसे ज्यादा इंट्राडे गेन था। अल्फाबेट ने अच्छा मुनाफा कमाया है। कंपनी ने बताया कि



उसने उम्मीद से ज्यादा मुनाफा कमाया है। कंपनी का कहना है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की वजह से उसके हर बिजनस में फायदा हुआ है।

**सुंदर पिचाई का भारत कनेक्शन**

अल्फाबेट को दूसरी तिमाही में 28.2 अरब डॉलर का मुनाफा हुआ है। इस दौरान कंपनी की कमाई 96.4 अरब डॉलर रही। कंपनी ने यह भी बताया कि वह इस साल कैपिटल एक्सपेंडिचर पर 10 अरब डॉलर ज्यादा खर्च करेगी। कंपनी क्लाउड सर्विसेज की बढ़ती डिमांड को पूरा करने के लिए यह निवेश कर रही है। पिचाई ने कहा, हमने एक शानदार तिमाही बिताई है। कंपनी में हर जगह अच्छी ग्रोथ हुई है। एआई की वजह से बिजनस में जबरदस्त उछाल आया है। पिचाई का जन्म 12 जुलाई 1972 में चेन्नई में हुआ था। उनके पिता ब्रिटिश कंपनी जीईसी में इंजीनियर थे। परिवार दो कमरों के एक मकान में रहता था। पिचाई के पास पढ़ाई के लिए कोई अलग कमरा नहीं था। वह अपने छोटे भाई के साथ ड्राइंग रूम के फर्श पर सोते थे। घर में न तो टीवी था और न ही कार। लेकिन ये अभाव पिचाई के लिए प्रेरणा बने और उन्होंने महज 17 साल की उम्र में आईआईटी की प्रवेश परीक्षा पास कर खड़गपुर में दाखिला लिया। इंजीनियरिंग की पढ़ाई के दौरान वह हमेशा अपने बैच के टॉपर रहे। उसके बाद छात्रवृत्ति पाकर आगे की पढ़ाई के लिए वह अमेरिका के स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय चले गए।

पिचाई ने एक इंटरव्यू में बताया था कि पढ़ाई के लिए जब उन्होंने अमेरिका आने का फैसला किया था तो वह आसान नहीं था। उस वक्त उनके पिता ने अपनी सालभर की सैलरी देकर हवाई जहाज की टिकट खरीदी थी। अमेरिका में रहने के दौरान उन्हें काफी संघर्ष करना पड़ा था। उन्होंने बताया कि जब वह अमेरिका आए थे तब आईएसडी कॉल का चार्ज 2 डॉलर प्रति मिनट लगता था। ज्यादा चार्ज की वजह से वह अपने घर पर बात तक नहीं कर पाते थे। जिंदगी में उन्होंने पहली बार कंप्यूटर अमेरिका में ही देखा था। सुंदर पिचाई ने मटेरियल इंजीनियर के रूप में शुरू किया और साल 2004 में एक मैनेजमेंट एक्जीक्यूटिव के रूप में गूगल में शामिल हो गए।

# ब्रिटेन के साथ एफटीए से भारत को मिलेगी मदद

## आरबीआई चीफ बोले- अन्य देशों के साथ भी ऐसे समझौतों की जरूरत




नई दिल्ली, 25 जुलाई (एजेंसियां)। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को ब्रिटेन के साथ मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि इस समझौते से भारतीय अर्थव्यवस्था के कई क्षेत्रों को मदद मिलेगी। मुंबई में एफई मॉडर्न बीएफएसआई शिखर सम्मेलन में बोलते हुए मल्होत्रा ने कहा कि बहुपक्षवाद 'दुर्भाग्यवश' पीछे चला गया है और देश को अन्य देशों के साथ भी ऐसे समझौतों (जैसे ब्रिटेन एफटीए) की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अमेरिका के साथ भी बातचीत प्रगति पर है। मल्होत्रा ने लंदन में ब्रिटेन के साथ हुए व्यापार समझौते पर केंद्रीय बैंक की पहली टिप्पणी में कहा, उम्मीद है कि इससे (ब्रिटेन के साथ एफटीए से) हमें मदद मिलेगी... अब आगे बढ़ने का यही रास्ता है, क्योंकि दुर्भाग्य से बहुपक्षवाद पीछे छूट गया है। मल्होत्रा ने कहा, इससे हमारे विनिर्माण के साथ-साथ सेवा क्षेत्र से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों को भी मदद मिलेगी। मल्होत्रा ने कहा कि वर्तमान वास्तविकताओं को देखते हुए, जहां बहुपक्षवाद पीछे छूट गया है, भारत के लिए देशों के साथ ऐसे और अधिक समझौते करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि अमेरिका के साथ समझौता उन्नत चरणों में है। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि ऐसे कई और समझौते बातचीत के चरण में हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दो दिवसीय ब्रिटेन यात्रा के दौरान भारत और ब्रिटेन ने मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए। यह समझौता कई वर्षों से चल रहा था और इससे दोनों देशों के लिए वस्तुओं और सेवाओं के क्षेत्र में बाज़ार खुलेंगे। इस बीच, मल्होत्रा ने फेडरल रिजर्व की स्वतंत्रता को बनाए रखने के लिए अपने अमेरिकी समकक्ष जेरोम पॉवेल के काम का समर्थन किया, ऐसे समय में जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इसकी नीतियों पर अपनी निराशा सार्वजनिक रूप से व्यक्त की है। मल्होत्रा ने कहा, ... वह (पॉवेल) बहुत अच्छा काम कर रहे हैं।

# सोना-चांदी के दाम में गिरावट

## गोल्ड 145 रुपए सस्ता हुआ, सिल्वर 1,14,988 किलो हुई

सोने-चांदी के दाम में आज यानी शुक्रवार, 25 जुलाई को गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 145 रुपए घटकर 98,735 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है।

कल सोने का भाव 98,880 रुपए पर था। वहीं चांदी की कीमत 104 रुपए कम होकर 1,14,988 प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी 1,15,092 पर थी। 23 जुलाई को सोना-चांदी अपने ऑल टाइम हाई पर पहुंच गए थे।

**महानगरों में 10 ग्राम सोने की कीमत**



**दिल्ली :** 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,630 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,250

**मुंबई :** 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,480 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,100

**कोलकाता :** 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,480 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,100

**चेन्नई :** 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,480 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,100

**भोपाल :** 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,530 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,150

**हैदराबाद :** 24 कैरट सोने की कीमत 100480/10 ग्राम। और 22 कैरेट सोने की कीमत 92100 / 10 ग्राम

# हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शेयर बाजार धड़ाम; सेंसेक्स 721 अंक टूटा, निफ्टी भी ढेर

नई दिल्ली, 25 जुलाई (एजेंसियां)। शेयर बाजारों में शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट रही। विदेशी पूंजी निकासी के बीच वित्तीय, आईटी व तेल एवं गैस शेयरों में भारी बिकवाली से सेंसेक्स 721 अंक टूट गया। हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को बेंचमार्क सेंसेक्स और निफ्टी में करीब एक प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 721.08 अंक या 0.88 प्रतिशत गिरकर 81,463.09 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 786.48 अंक या 0.95 प्रतिशत गिरकर 81,397.69 पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 225.10 अंक या 0.90 प्रतिशत गिरकर 24,837.00 पर बंद हुआ।

**सेंसेक्स कंपनियों का हाल?**

सेंसेक्स की कंपनियों में बजाज फाइनेंस के शेयरों में जून तिमाही के नतीजों की घोषणा के बाद 4.73 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। पावर ग्रिड, इंफोसिस, टेक महिंद्रा, बजाज फिनसर्व, ट्रेंट, टाटा मोटर्स, एनटीपीसी और अदानी पोर्ट्स भी गिरावट में रहे। हालांकि, सन फार्मा और भारती एयरटेल लाभ में रहे।

**रिलायंस पावर और रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के शेयरों में आई गिरावट**

बीएसई पर रिलायंस पावर के शेयर बीएसई पर 4.99 प्रतिशत या 2.98 रुपये गिरकर 56.72 रुपये पर आ गई। वहीं एनएसई पर रिलायंस पावर के शेयर एनएसई पर 5 प्रतिशत या 2.99 रुपये गिरकर 56.78 रुपये पर आ गई।

बीएसई पर रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के शेयर बीएसई पर 5 प्रतिशत या 18 रुपये गिरकर 342.05 रुपये पर आ गई। वहीं एनएसई पर रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के शेयर 2.59 प्रतिशत या 24 रुपये गिरकर 904.10 रुपेय पर आ गई।

**निराशाजनक नतीजों और कमजोर वैश्विक संकेतों के कारण बाजार में बिकवाली हुई**

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख




विनोद नायर ने कहा कि कंपनियों के निराशाजनक नतीजों और कमजोर वैश्विक संकेतों के कारण घरेलू शेयर बाजारों में भारी बिकवाली हुई। लार्ज-कैप शेयरों के ऊंचे मूल्यांकन और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की बड़ी शॉर्ट पोजीशन ने भी गिरावट के दबाव को और बढ़ा दिया।

**यूरोपीय बाजारों में रही गिरावट**

एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई 225 सूचकांक, शंघाई का एसएसई कम्पोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंग सेंग गिरावट के साथ बंद हुए, जबकि दक्षिण कोरिया का कोस्पी सकारात्मक दायरे में बंद हुआ। यूरोपीय बाजार गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। गुरुवार को अमेरिकी बाजार मिले-जुले रुख के साथ बंद हुए।

**ब्रेंट क्रूड का भाव बढ़कर 69.40 डॉलर प्रति बैरल पहुंचा**

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.32 प्रतिशत बढ़कर 69.40 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने गुरुवार को 2,133.69 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। हालांकि, घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 2,617.14 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। गुरुवार को सेंसेक्स 542.47 अंक या 0.66 प्रतिशत गिरकर 82,184.17 पर बंद हुआ। निफ्टी 157.80 अंक या 0.63 प्रतिशत गिरकर 25,062.10 पर बंद हुआ।

## दैनिक पंचांग

**ग्रह गोचर**




श्री सिद्धार्थी नामक संवत्सर-विक्रम संवत्- 2082

शक संवत् -1947, सूर्य दक्षिणायन ऋतु- वर्षा

महावीर निर्वाण संवत् -2551

कलियुग अवधि-432000 | सूर्योदय 05-57

भोग्य कलि वर्ष-426874 | सूर्यास्त 18-47

कलियुग संवत् -5126 वर्ष,

कल्पारंभ संवत् -1972949126

सृष्टि प्रारंभ संवत्-1955885126

| गृह स्थिति | | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|---|
| सूर्य | कर्क | | कर्क... | 05-17 बजे |
| चन्द्र | कर्क | | सिंह--- | 07-28 बजे |
| मंगल | सिंह | | कन्या... | 09-26 बजे |
| बुध | कर्क | | तुला---- | 11-40 बजे |
| गुरु | मिथुन | | वृश्चिक.. | 13-51 बजे |
| शुक्र | वृष | | धनु...... | 16-03 बजे |
| शनि | मीन | | मकर... | 18-10 बजे |
| राहु | कुंभ | | कुंभ.... | 20-01 बजे |
| केतु | सिंह | | मीन.... | 21-39 बजे |
| | | | मेष..... | 23-15 बजे |
| | | | वृष.... | 00-59 बजे |
| | | | मिथुन.. | 03-00 बजे |

दिशाशूल - पूर्व - अदरक खाकर घर से निकले

तिथि - द्वितीया 22-42 तक उपरान्त तृतीया

मास - श्रावण शुक्ल, शनिवार 26 July

नक्षत्र - आश्लेषा 15-52 तक उपरान्त मघा

योग - व्यतिपात 04-05 तक उप सिद्धी

करण - बालव 10-57 तक उप कौलव

विशेष - सिंजारा श्री करपात्री जं

व्रत त्यौहार - मिथुन मे शुक्र 08-56 से

विशेष- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है। सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल 09-09 से 10-46 तक**

**पं महेशचन्द्र शर्मा मो. 9247132654, 9167555710**

| दिन का चौघड़िया | रात का चौघड़िया |
|---|---|
| काल 05-57 - 07-32 शुभ | लाभ 18-47 - 20-13 शुभ |
| शुभ 07-32 - 09-09 अशुभ | उत्पात 20-13 - 21-37 शुभ |
| रोग।। 09-09 - 10-46 अशुभ | शुभ 21-37 - 22-59 अशुभ |
| उत्पात 10-46 - 12-23 शुभ | अमृत 22-59 - 00-23 अशुभ |
| चंचल 12-23 - 13-59 शुभ | चंचल 00-23 - 01-46 शुभ |
| लाभ 13-59 - 15-36 शुभ | रोग 01-46 - 03-09 अशुभ |
| अमृत 15-36 - 17-13 अशुभ | काल 03-09 - 04-32 शुभ |
| काल 17-13 - 18-47 शुभ | लाभ 04-32 - 05-57 शुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ,) आपकी भीतरी शक्ति आपको एक साथ कई स्तरों पर सोचने की क्षमता देगी। आप किसी भी मुद्दे की तह तक जा पायेंगे। अपने दोस्तों –साथियों का भी सही मूल्याकन कर पायेगे। जहाँ तर्कशक्ति से बात ना बने, अपने मन की आवाज सुनें। अपनी छिपी क्षमता को बाहर लाने का यह उत्तम।

**वृष** (ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,) आपके पिछले कुछ समय से अपने करियर तथा निजी जीवन सम्बन्धी किये गये प्रयासों का फल मिलने का समय आ गया है। ऐसा घटनाक्रम बनेगा कि आपको कोई बड़ी सफलता हाथ लगेगी। आपको प्रयासों और परिश्रम को आपके सीनियर ध्यान से देखेंगे और वे आपके जबरदस्त समर्थक भी बन जायेंगे।

**मिथुन** (का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,) आपकी जीभ तेज है और मस्तिष्क तार्किक है लेकिन आपकी यह योग्यता आज आपकी असुरक्षित प्रवृति के कारण प्रभावित होगी। हमेशा की तरह बहाव का विरोध करने के स्थान पर उसके साथ चलें। आपको अनुभव से काफी कुछ सीखने को मिल सकता है जबकि अभिमान से आपको कुछ नही मिलेगा।

**कर्क** (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो,) आज का दिन आपके लिए विशेष हो सकता है। आपके दृष्टिकोण में आज कोई नया आयाम जुड़ेगा या आप किसी अपरिचित व्यक्ति के दृष्टिकोण से अत्यधिक प्रभावित होंगे। आपको यह सीख मिलेगी कि अपना भविष्य तय करने में तथा अपनी जिंदगी में फिलहाल चल रही समस्या से जूझने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका आप०को ही निभानी है।

**सिंह** (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे,) दिन शांत रहेगा। पिछले सप्ताह के व्यस्त कार्यक्रम से थोड़ी राहत मिलेगी, जो अच्छी लगेगी। आपके वरिष्ठ अधिकारी आप पर नजर रखे हुए हैं, इसीलिए अधिक मेहनत करें। कुछ अनापेक्षित निजी मुद्दे आपके सामने आ सकते हैं, उनसे आपको आश्चर्य तो जरुर होगा, लेकिन आप संतोषजनक तरीके से उन्हें सँभालने में कामयाब होंगे।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो) आज आप बिना किसी कारण के जिद्दी बने हुए हैं और सबके कहने तथा अपने खुद के मन की भी नही सुनना चाहते। आपको यह समझना है की इस रवैये से आपको कुछ हासिल नही होगा। आपको अपनी वर्तमान समस्याओं से पार पाने के लिए अपने दिल और दिमाग को खुला रखना होगा।

**तुला** (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते,) आप अपने विस्तृत होते हुए परिवेश के बारे में बहुत अच्छा अनुभव करेंगे लेकिन आपके परिजन इसी को लेकर निराश होंगे। जो आप करना चाहते हैं, उसके लिए स्वयम को समर्पित कर दें। पर्दे के पीछे काम न करें, आप जो भी कर रहे हैं, उसके बारे में जानने दें। अपनी जीवन में आये किसी नए दोस्त से आपको काफी लगाव का अनुभव होगा।

**वृश्चिक** (तो, ना, नी, ने, नू, नो, या, यी, यू,) आप व्यवसायिक या निजी कारणों से यात्रा कर सकते हैं। हालाँकि इस समय आपके लिए यात्रा करना मुश्किल होगा लेकिन आप कर पायेंगे और इससे आपको लाभ भी होगा। जो लोग पहले आपकी उदारता को नही समझते थे, अब उन्हें भी इसकी कीमत समझ आएगी।

**धनु** (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे) किसी पुराने दोस्त या परिवार के साथ बाहर घुमने जाने या बातचीत का आनंद लें। आपको अपने काम के लिए उन्ही तरीकों पर भरोसा करना चाहिए जो आपके लिए पिछले समय में लाभकारी रहें हैं। आज कोई नया प्रयोग शुरू करना ठीक नही होगा। अगर आप कोई नौकरी या कोई परियोजना हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं तपो पारम्परिक तरीकों से ही कोशिश करें।

**मकर** (भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी) आपके सामने नए अवसर प्रस्तुत होने वाले हैं। आप आज तक अपनी जिस प्रतिभा को केवल हॉबी मानते आये थे, उससे अपनी आजीविका कमा सकते हैं। जीवन के हर क्षेत्र में नए बदलाव होंगे जो आपके जीवन को पूरी तरह बदलकर रख देंगे। आप अपने जीवन से संतुष्ट अनुभव करेंगे।

**कुंभ** (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,) दूसरों के विश्वास का सम्मान करें और नम्र बने रहें। आप सफलता हासिल करने की राह पर बढ़ रहे हैं लेकिन हमेशा अंतिम समय पर सावधानी नही रखते। जीवन अप्रत्याशित होता ही है, इसीलिए इन परेशानियों की अधिक चिंता ना करें। जीवन के पथ पर उत्साह और जोश से आगे बढ़ते रहें।

**मीन** (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची) यह सोचने और जानने के लिए कि आप अपने जीवन से क्या चाहते हैं, कुछ देर एकांत में बैठें। पिछले कई दिन काफी व्यस्त रहे हैं। इसीलिए आपको अपने उद्देश्यों का फिर से मूल्यांकन करना है और यह भी देखना है की आपके काम किस प्रकार आपके जीवन और संबंधों को प्रभावित कर रहे हैं। यात्रा संभावित है।

**श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र**



# झालावाड़ में सरकारी स्कूल की छत गिरी

## अब तक 8 बच्चों की मौत, 27 से अधिक घायल-पीएम मोदी, सीएम भजनलाल ने जताया दुख



झालावाड़, 25 जुलाई (एजेंसियां)। राजस्थान के झालावाड़ जिले के पिपलोदी गांव में शुक्रवार सुबह स्कूल की छत गिरने से दर्दनाक हादसा हुआ। यहां एक सरकारी स्कूल की बिल्डिंग की छत अचानक गिर गई, जिससे स्कूल परिसर में अफरा-तफरी मच गई। प्रार्थना सभा के दौरान हुई इस घटना में 8 बच्चों के मौत और 27 घायल की जानकारी सामने आई है। हादसे के बाद शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने घटना की उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिये हैं।

सूचना के बाद पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी और रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची और मलबे में दबे हुए बच्चों को बाहर निकालने का प्रयास शुरू किया गया। घटना के बाद स्थानीय लोग मदद के लिए मौके पर पहुंचे। एकजुट होकर सभी मलबा हटाने में जुटे। स्थानीय लोगों ने जल्दी से जल्दी बच्चों को बाहर निकालने में मदद की।

झालावाड़ जिले के मनोहर थाना क्षेत्र में यह हादसा हुआ है। घटना में सामने आया कि स्कूल की छत काफी समय से जर्जर हो रही थी और लगातार हो रही भारी बारिश के बाद छत के गिरने का अंदेशा भी बना हुआ था। इसके बाद भी इस पर ध्यान नहीं दिया गया। नतीजा मासूम बच्चों की जान चली गई। गंभीर घायल बच्चों को झालावाड़ जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। मलबा हटाने में रेस्क्यू टीम के साथ ग्रामीण भी पूरी तरह से लगे रहे। यह स्कूल से पीपलोद गांव में बना हुआ था।

जानकारी में यह भी सामने है कि मलबे में दबे सभी बच्चे 7वीं कक्षा के थे। जिस समय हादसा हुआ उसमें बच्चे अपने कक्षा में पढ़ाई कर रहे थे।

**गहलोत ने जताया दुख**

घटना पर दुख जताते हुए राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने ट्वीट किया, झालावाड़ के मनोहरथाना में एक सरकारी स्कूल की इमारत गिरने की खबर आ रही है, जिसमें कई बच्चे और शिक्षक हताहत हुए हैं। मैं ईश्वर से कम से कम जनहानि और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूँ। झालावाड़ के पीपलोदी में विद्यालय की छत गिरने से हुआ दर्दनाक हादसा अत्यंत दुःखद एवं हृदयविदारक है। घायल बच्चों के समुचित उपचार सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। घटना पर दुख जताते हुए डोटासरा ने सरकार पर निशाना साधा। सिस्टम की लापरवाही को हादसे का जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि मासूमों की जान सिर्फ लापरवाही की वजह से गई है। मां-बाप से बहुत सपने देखकर बच्चों को शिक्षा दिलाने के लिए स्कूल भेजा होगा लेकिन सरकारी तंत्र इतना लापरवाह हो गया कि यही संज्ञान नहीं ले सका कि ये भवन बच्चों के सुरक्षित है कि नहीं। हमें इस घटना से सीख लेकर जिम्मेदारी जरूर लेनी चाहिए। हमें उन विद्यायल जो जर्जर हैं, बच्चों के सुरक्षित नहीं हैं, वहां से बच्चों को दूसरी जगह बच्चों को शिफ्ट करना चाहिए। जब तक वहां नया भवन न बने या मरम्मत न हो जाए तब तक बच्चों को शिक्षा कहीं और सुचारू रूप से कराई जानी चाहिए।

### प्रधानमंत्री मोदी ने जताया दुख मदद का दिया आश्वासन

झालावाड़ स्कूल हादसे में बच्चों की मौत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख प्रकट किया। ट्वीट के माध्यम से पीएम ने कहा, 'दुर्घटना अत्यंत दुःखद है। इस कठिन घड़ी में मेरी संवेदनाएं प्रभावित छात्रों और उनके परिवारों के साथ हैं। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।' साथ ही प्रधानमंत्री ने हर संभव मदद की बात भी कही।

### मुख्यमंत्री ने दिए जांच के आदेश

हादसे पर दुख जताते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दिवंगत दिव्य आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की। साथ ही उन्होंने हादसे की जांच के निर्देश भी दिए हैं।

**पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने भी जताया दुख**

पीपलोदी, मनोहरथाना के स्कूल भवन में हुआ हादसा अत्यंत दुःखद और पीड़ादायक है। जनहानि और कई बच्चों के घायल होने का समाचार हृदयविदारक है। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत मासूम आत्माओं को शांति प्रदान करें और शोकाकुल परिजनों को इस असहनीय पीड़ा को सहन करने की शक्ति दें। घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करती हूं।

## मुंबई जा रही एअर इंडिया की उड़ान में आई तकनीकी खराबी 18 मिनट बाद ही कराई गई इमर्जेंसी लैंडिंग

जयपुर, 25 जुलाई (एजेंसियां)। राजधानी जयपुर के एयरपोर्ट पर शुक्रवार को उस वक्त अफरातफरी मच गई जब मुंबई के लिए उड़ान भरने वाली एअर इंडिया की फ्लाइट AI-612 को उड़ान भरने के मात्र 18 मिनट बाद इमरजेंसी में लौटकर लैंडिंग करनी पड़ी। यह आपात स्थिति उस समय उत्पन्न हुई जब पायलट को उड़ान के दौरान कार्गो डोर के खुले होने का अलर्ट मिला। फ्लाइट को शुक्रवार दोपहर एक बजकर 35 मिनट पर जयपुर से मुंबई के लिए रवाना होना था, लेकिन यह निर्धारित समय से 23 मिनट की देरी से यानी दोपहर 1:58 पर टेकऑफ कर पाई।

टेकऑफ के कुछ ही मिनटों के भीतर, लगभग 2:16 बजे पायलट को तकनीकी गड़बड़ी का संकेत मिला और उन्होंने तुरंत एअर ट्रैफिक कंट्रोल से संपर्क कर वापस जयपुर एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग की अनुमति मांगी। एटीसी से हरी झंडी मिलने के बाद फ्लाइट AI-612 की इमरजेंसी लैंडिंग सफलतापूर्वक कराई गई। विमान में सवार सभी यात्री सुरक्षित हैं और उन्हें फिलहाल विमान के अंदर ही इंतजार करने को कहा गया है। एयरपोर्ट की तकनीकी टीम मौके पर पहुंच चुकी है और विमान की जांच की जा रही है। सूत्रों के मुताबिक, पायलट को जैसे ही कार्गो गेट के साइन ऑन की सूचना मिली, उन्होंने खतरे को भांपते हुए कोई जोखिम नहीं लिया और तत्काल वापसी का निर्णय लिया।

## शिक्षामंत्री ने जर्जर स्कूलों की मरम्मत के लिए 200 करोड़ रुपए किए मंजूर



भरतपुर, 25 जुलाई (एजेंसियां)। झालावाड़ में एक सरकारी स्कूल की छत गिरने से हुए दर्दनाक हादसे के बाद शिक्षा मंत्री ने तत्काल अपना भरतपुर दौरा रद्द कर झालावाड़ के लिए रवाना हो गए। शिक्षा मंत्री ने बताया कि राज्य सरकार ने प्रदेश के सभी जर्जर और असुरक्षित स्कूल भवनों की सूची तैयार करने के निर्देश दिए हैं। इन भवनों की मरम्मत व जीर्णोद्धार के लिए 200 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

मदन दिलावर दो दिवसीय दौरे पर गुरुवार को भरतपुर पहुंचे थे, लेकिन जैसे ही उन्हें झालावाड़ के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में छत गिरने की जानकारी मिली, उन्होंने सर्किट हाउस में मीडिया से संक्षिप्त बातचीत की और दौरा रद्द कर दिया। इसके बाद वे तत्काल झालावाड़ रवाना हो गए। मंत्री ने कहा कि यह हादसा अत्यंत पीड़ादायक है और इसकी उच्च स्तरीय जांच करवाई जाएगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी और भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि बच्चों की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मंत्री के इस निर्णय को जनता के बीच संवेदनशीलता और त्वरित प्रतिक्रिया के रूप में देखा जा रहा है। आमजन का मानना है कि सरकार ने हादसे को गंभीरता से लिया है और बच्चों की सुरक्षा को लेकर सख्त कदम उठाने की दिशा में तत्परता दिखाई है। झालावाड़ हादसे ने एक बार फिर से प्रदेश के स्कूल भवनों की बदहाल स्थिति पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## जालमसिंह हत्याकांड के दोनों आरोपियों की जमानत याचिका खारिज

### राजस्थान हाईकोर्ट में लगाई थी अर्जी, कोर्ट ने नहीं दी राहत

जोधपुर, 25 जुलाई (एजेंसियां)। सांचौर के बहुचर्चित जालमसिंह हत्याकांड के मुख्य आरोपी भागीरथ विश्नोई और उसके साथी रोहित विश्नोई की जमानत याचिका को राजस्थान हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया है। हाईकोर्ट जस्टिस मुकेश राजपुरोहित ने इस मामले में अपने आदेश में परिवादी के वकील एडवोकेट निखिल भंडारी के तर्कों से सहमति जताते हुए दोनों आरोपियों को राहत प्रदान करने से साफ इनकार किया।

**यह था पूरा मामला**

गत 18 अगस्त 2024 को सांचौर पुलिस थाने में अनोपसिंह ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि उनका छोटा बेटा जालमसिंह, भागीरथ विश्नोई की हुबली स्थित लॉज पर नौकरी करता था। पिछले कुछ समय से भागीरथ वेतन नहीं दे रहा था। जब जालम सिंह ने बकाया तनख्वाह मांगी तो भागीरथ ने उसे नौकरी से निकाल दिया। आरोप है कि भागीरथ विश्नोई ने अनोपसिंह के घर आकर खुलेआम धमकी दी थी कि जालमसिंह की मुखबिरी से उसकी लॉज से डोडा पोस्त पकड़ाया गया, जिससे उसे 15 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। इस नुकसान की एवज में उसने 15 लाख रुपए मांगे और न देने पर जालमसिंह को जान से मारने की धमकी दी। जब अनोपसिंह ने बेटे के मोबाइल पर कॉल किया, तब भागीरथ विश्नोई ने खुद फोन रिसीव कर बताया कि वह जालमसिंह को उठा लाया है और 15 लाख रुपए देने पर ही छोड़ेगा, वर्ना उसकी हत्या कर देगा। जालमसिंह ने खुद भी फोन पर बताया कि उसके साथ मारपीट हो रही है। इसी रिपोर्ट के आधार पर सांचौर पुलिस ने भागीरथ विश्नोई सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया और चार्जशीट पेश की। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद, जस्टिस राजपुरोहित ने अभियोजन पक्ष के तर्कों को मजबूत मानते हुए मुख्य आरोपी भागीरथ विश्नोई और सह-आरोपी रोहित विश्नोई की जमानत अर्जी खारिज कर दी।

## 3 दोस्तों को ट्रेलर ने कुचला-2 की मौत

अजमेर, 25 जुलाई (एजेंसियां)। अजमेर जिले के मांगलियावास थाना क्षेत्र में गुरुवार रात 3 दोस्तों को ट्रेलर ने कुचल दिया। हादसे में 2 युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीसरे की हालत गंभीर है। घायल का जवाहर लाल नेहरू अस्पताल में इलाज जारी है। मांगलियावास थाना पुलिस ने दोनों शवों को मोर्चरी में रखवाया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। मांगलियावास थाना पुलिस के अनुसार भीमपुरा के सलीम (28) पुत्र सूरजा काठात, इस्लाम (22) पुत्र ताज मोहम्मद और रमजान (22) पुत्र अब्दुल गुरुवार रात को मांगलियावास कल्पवृक्ष का मेला देखने के बाद बाइक पर लौट रहे थे। सलीम के साथ रमजान पीछे बैठा था, जबकि इस्लाम अकेला अलग पर बाइक पर चल रहा था।

## रामदेवरा मेले की तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे जैसलमेर कलेक्टर और एसपी, दिए सख्त निर्देश



जैसलमेर, 25 जुलाई (एजेंसियां)। आगामी रामदेवरा मेले की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रहा है। जिला कलेक्टर प्रताप सिंह नाथावत और जिला पुलिस अधीक्षक अभिषेक शिवहरे ने रामदेवरा स्थित विख्यात बाबा रामदेव मंदिर परिसर का दौरा कर पूर्व सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान मेला समिति, प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्टर और एसपी ने रामसरोवर तालाब, जिगजेग रूट और कस्बे का पैदल भ्रमण कर श्रद्धालुओं के लिए बनाई जा रही सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने पिछले पांच वर्षों के दौरान सामने आई समस्याओं और चुनौतियों पर अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि इस बार किसी भी तरह की अव्यवस्था नहीं होनी चाहिए। एसपी अभिषेक शिवहरे ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर खुद मैदान में उतरते हुए रामदेवरा कस्बे की प्रमुख गलियों और मंदिर क्षेत्र में ड्रोन और सीसीटीवी निगरानी की संभावनाएं टटोलीं। अधिकारियों से विचार विमर्श कर श्रद्धालुओं को दर्शन के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था नहीं होने बाबत आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। मेले में जेब कतरे एंव चोरी आदि के कुछ दल सक्रिय हो जाते हैं उनकी धरपकड़ एवं उनके विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई हेतु विशेष दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि श्रद्धालुओं को दर्शन में किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए, साथ ही ट्रैफिक व्यवस्था, पार्किंग और भीड़ नियंत्रण के लिए भी ठोस रणनीति बनाई जाए।

इस मौके पर पुलिस अधीक्षक के साथ सीओ रामदेवरा, थानाधिकारी, सरपंच, ग्राम पंचायत प्रतिनिधि और पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। पुलिस अधीक्षक ने मेले के दौरान हर संवेदनशील बिंदु पर अतिरिक्त फोर्स तैनात करने और जरूरी पुलिस संसाधनों को सक्रिय रखने के निर्देश दिए।

## पिता ने बेटे को बोरवेल में फेंका,16-घंटे बाद निकाला शव

जयपुर, 25 जुलाई (एजेंसियां)। जयपुर में पिता ने डेढ़ साल के बेटे को 200 फीट गहरे बोरवेल में फेंक दिया था। करीब 16 घंटे चले रेस्क्यू के बाद शुक्रवार सुबह 4:30 बजे शव को निकाला गया। शव 90 फीट की गहराई पर अटका हुआ था।

ऊपर से डाली गई मिट्टी के कारण उसे निकालने में काफी मुश्किल का सामना करना पड़ा। एसडीआरएफ और सिविल डिफेंस के करीब 60 मेंबर रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटे थे। रेस्क्यू टीमों ने 2 तरह के जुगाड़ यूज करके आखिरकार बच्चे का शव निकाला। मामला जमवारामगढ़ थाना इलाके के दीपोला गांव का है। आरोपी पिता पुलिस की हिरासत में है।

## एमडी ड्रग्स के साथ एक गिरफ्तार

जोधपुर, 25 जुलाई (एजेंसियां)। जोधपुर की झंवर थाना पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में कार्रवाई करते हुए 60.5 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ एक व्यक्ति को पकड़ा है। ड्रग्स की कीमत लगभग 6 लाख रुपए है। झंवर थानाधिकारी बंशीलाल ने बताया- सूचना के आधार पर पुलिस ने सरहद जोलियाली जानादेसर रोड पर नाकाबंदी की। इस दौरान एक कार जोलियाली से जानादेसर की तरफ आती दिखाई दी, जिसे रुकने का इशारा किया गया तो ड्राइवर गाड़ी को भगाकर लेकर जाने लगा।

पुलिस की टीम ने कार के आगे बोलेरो लगाकर रुकवा लिया। ड्राइवर भागने के कारण का जवाब नहीं दे पाया। कार की तलाश60 .5 ग्राम अवैध एमडी ड्रग्स बरामद हुई। इस मामले में पुलिस ने ड्राइवर सत्यप्रकाश बिश्नोई (22) पुत्र जगदीश निवासी सुरता नगर खुडाला को पकड़ा है।

## राजस्थान की बेटी मान्या शक्तावत ने रचा इतिहास

### > 50 घंटे अनवरत घुड़सवारी कर बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड



जयपुर, 25 जुलाई (एजेंसियां)। जयपुर की 16 वर्षीय घुड़सवार का नाम वर्ल्ड रिकॉर्ड इंडिया में दर्ज राजकुमार शर्मा ( शैलू), जयपुर। राजस्थान की धरती से एक और कीर्तिमान स्थापित हुआ है। जयपुर की 16 वर्षीय घुड़सवार मान्या शक्तावत ने अनवरत 50 घंटे घुड़सवारी कर इतिहास रच दिया है। उनकी इस असाधारण उपलब्धि को वर्ल्ड रिकॉर्ड इंडिया में आधिकारिक रूप से दर्ज किया गया है। इससे पहले यह रिकॉर्ड 40 घंटे का था, जिसे तोड़ते हुए मान्या ने भारत का नाम वैश्विक मंच पर ऊंचा किया है।

यह अनूठा आयोजन रॉयल इक्वेस्ट्रियन क्लब, जयपुर के तत्वावधान में 22 जुलाई को सुबह 4:20 बजे शुरू हुआ और 24 जुलाई को सुबह 9:20 बजे समाप्त हुआ। पूरे 50 घंटे तक लगातार सवारी कर मान्या ने न केवल अपनी शारीरिक सहनशक्ति का परिचय दिया, बल्कि अपने जुनून और समर्पण से देशभर के युवाओं को प्रेरित किया। इस रिकॉर्ड के दौरान मान्या ने 21 अलग-अलग घोड़ों की सवारी की, जिनमें प्रमुख नाम हैं–मॉक, डिफेंडर, किट कैट, मरुधरा, किंग, मिस ग्लैंज, गुड मॉर्निंग इंडिया, बद्री, थंडर बोल्ट, रफ्तार, कैंडी, चिरमी, द इमेज, विराट, आर्मी कमांड, भीम, नकुल, अभिमन्यु, रॉयल पाल, आजाद, पीटर और गैल पिंग। प्रत्येक घोड़े को अधिकतम दो घंटे तक ही सवारी में शामिल किया गया, ताकि उनकी सेहत और ऊर्जा बनी रहे। मान्या की इस ऐतिहासिक सफलता के पीछे एक मजबूत टीम का सहयोग रहा। उनके पिता कैप्टन मुकेश सिंह शक्तावत ने लॉजिस्टिक्स, समन्वय और भावनात्मक समर्थन जैसे हर मोर्चे पर सक्रिय भूमिका निभाई।

मुख्य कोच रामू राम और सह-कोच हरभजन सिंह, क्लब कोऑर्डिनेटर दुष्यंत सिंह मेड़तिया, सहयोगी तोषिनी चौधरी और भेरू देवासी ने मिलकर इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। आयोजन स्थल पर हर समय टीम ने मान्या की सेहत, हाइड्रेशन, मानसिक स्थिति और घोड़ों की देखभाल का विशेष ध्यान रखा।

*साइबर क्राइम पुलिस का बड़ा खुलासा*

## फर्जी सिम रैकेट में वोडाफोन स्टोर के दो कर्मचारी गिरफ्तार

जयपुर, 25 जुलाई (एजेंसियां)। साइबर अपराधियों पर लगातार शिकंजा कस रही राजस्थान पुलिस ने एक ऐसे गिरोह का भंडाफोड़ किया गया है, जो फर्जी दस्तावेजों के आधार पर मोबाइल सिम कार्ड बेचकर साइबर अपराधों को बढ़ावा दे रहा था। मामले में पहले गिरफ्तार किए गए घनश्याम मीणा से मिली जानकारी के आधार पर जयपुर के मालपुरा गेट स्थित एक वोडाफोन स्टोर के दो कस्टमर रिलेशनशिप एग्जीक्यूटिव को गिरफ्तार गया है। यह कार्रवाई साइबर क्राइम राजस्थान पुलिस ने की है, जिसने इस पूरे रैकेट का पर्दाफाश कर दिया है।

एसपी साइबर क्राइम शांतनु कुमार सिंह ने बताया कि 22 जुलाई को साइबर क्राइम पुलिस को एक गोपनीय सूचना मिली थी कि मालपुरा गेट थाना क्षेत्र में एक युवक फर्जी कागजात के जरिए मोबाइल सिम खरीदने आया है। सूचना मिलते ही साइबर क्राइम, राजस्थान, जयपुर के थानाधिकारी अपनी टीम के साथ मालपुरा गेट स्थित भारती हेक्साकॉम लिमिटेड (एयरटेल) स्टोर पर पहुंचे। स्टोर इंचार्ज दीपेंद्र शर्मा ने कंपनी के लेटरहेड पर दीपक बलवदा, नोडल ऑफिसर एयरटेल जयपुर की ओर से लिखित शिकायत दी, जिसके आधार पर तुरंत मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए घनश्याम मीणा नामक युवक को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से 7 मोबाइल सिम कार्ड, 2 खाली सिम कवर, 2 आधार कार्ड और एक वीवो कंपनी का मोबाइल फोन बरामद हुआ।

# उदयपुर में डेंटल कॉलेज की छात्रा ने आत्महत्या की

### पैसेफिक कॉलेज प्रशासन पर मानसिक उत्पीड़न और पैसे वसूली के आरोप



उदयपुर, 25 जुलाई (एजेंसियां)। भीलों का बेदला इलाके में स्थित पैसेफिक डेंटल कॉलेज की बीडीएस फाइनल ईयर की छात्रा श्वेता सिंह ने गुरुवार रात हॉस्टल के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। श्वेता जम्मू-कश्मीर की रहने वाली थी और एक पुलिस कांस्टेबल की इकलौती बेटी थी। घटना के बाद शुक्रवार को कॉलेज में हड़कंप मच गया और शुक्रवार सुबह छात्र-छात्राएं विरोध में सड़कों पर उतर आए। उन्होंने कॉलेज और हॉस्पिटल का मेन गेट बंद कर दिया और 'वी वांट जस्टिस' के नारे लगाते हुए धरना शुरू कर दिया।

श्वेता का शव हॉस्टल रूम में फंदे से लटका मिला। उसकी रूममेट जब देर रात कमरे में पहुंची तो उसने श्वेता को लटका हुआ देखा, जिसके बाद तुरंत उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस को मौके से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है, जिसमें छात्रा ने कॉलेज प्रशासन और दो स्टाफ सदस्यों – नैनी मैम और भगवत सर – पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

श्वेता ने लिखा है कि कॉलेज स्टाफ उसे लगातार टॉर्चर कर रहा था, एग्जाम समय पर नहीं कराते, मनमानी से फेल कर देते और पैसे नहीं देने वाले छात्रों को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता है। मृतका के साथ पढ़ने वाले छात्रों ने बताया कि श्वेता 2020 बैच की छात्रा थी। अब तक उसकी इंटर्नशिप शुरू हो जानी चाहिए थी, लेकिन उसे एक साल पीछे कर दिया गया और वह अभी भी फाइनल ईयर का फर्स्ट इंटरनल एग्जाम दे रही थी। छात्रों का कहना है कि श्वेता ने कई बार प्रशासन से गुहार लगाई थी कि उसकी परीक्षाएं ली जाएं, लेकिन उसकी बात नहीं सुनी गई।

उसे यह कहकर डराया गया कि अगर पैसे नहीं दिए तो उसे फिर फेल कर दिया जाएगा। इस दबाव और अपमान ने उसे डिप्रेशन में डाल दिया।

## क्रिप्टो करेंसी में निवेश का झांसा देकर 18 लाख ठगे

### आरोपी गिरफ्तार, 11 राज्यों के थानों में 30 मामले दर्ज

अजमेर, 25 जुलाई (एजेंसियां)। अजमेर की अलवर गेट थाना पुलिस ने क्रिप्टो करेंसी में निवेश का लालच देकर 18 लाख रुपए की ठगी के आरोपी को हनुमानगढ़ से गिरफ्तार किया है। वर्ष 2023 में दर्ज मामले में पुलिस को आरोपी हनुमानगढ़ जिले के किशनपुरा निवासी नरेंद्र कुमार सैन की तलाश थी। उस पर 5 हजार रुपए का इनाम भी घोषित किया गया था। नरेंद्र के खिलाफ 11 राज्यों के विभिन्न थानों में 30 धोखाधड़ी की 30 शिकायतें दर्ज हैं। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी के खाते से करीब 1 करोड़ रुपए का ट्रांजेक्शन हुआ है। आरोपी को पुलिस ने 3 दिन के रिमांड पर लिया है।

एसएचओ नरेंद्र जाखड़ के मुताबिक शिव नगर बिहारीगंज अजमेर निवासी अर्चित मिश्रा ने जुलाई 2023 में शिकायत दर्ज कराई थी। उसने बताया कि 20 जुलाई 2023 को उसे सोशल मीडिया पर एक मैसेज मिला था जिसमें फ्रीलांस के तौर काम करने के लिए ऑफर दिया गया। सोशल मीडिया चैनल को सब्सक्राइब कराने पर उसे 20-50 रुपए प्रति सब्सक्राइबर मिलेंगे। इसके बाद उसे इसी दिन ऑनलाइन क्रिप्टोकरेंसी ट्रेडिंग वेबसाइट में 1000 रुपए निवेश करने के लिए कहा गया। क्रिप्टो करेंसी में काम करने के प्रशिक्षक के तौर पर एक व्यक्ति ने उससे 1300, 5000, फिर 1000 रुपए निवेश कराए।

# पिछड़े वर्गों के आरक्षण पर बीआरएस और भाजपा का दोहरा मापदंड ठीक नहीं : कोंडा सुरेखा



हैदराबाद, 25 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य की वन, पर्यावरण और धर्मस्व मंत्री कोंडा सुरेखा ने कहा है कि अगर केंद्र सरकार और भाजपा तेलंगाना राज्य में पिछड़े वर्गों के आरक्षण के मामले में धोखा करती हैं तो वे बेपरवाह नहीं होंगे। एक पिछड़े वर्ग के मंत्री के रूप में एक पिछड़े वर्ग की संतान के रूप में अगर भाजपा और बीआरएस दल इस मामले में पाखंडी रवैया अपनाते हैं, तो जनता के बीच उनकी पोल खुल जाएगी, मंत्री सुरेखा ने चेतावनी दी। उन्होंने शुक्रवार को दिल्ली स्थित तेलंगाना भवन में मंत्रियों पोन्नम प्रभाकर, वक्ति श्रीहरि और आदि श्रीनिवास के साथ मीडिया से बात की। उन्होंने कहा कि अगर उन्होंने विधानसभा में पिछड़ा वर्ग विधेयक पेश करके केंद्र को भेजा होता, तो भाजपा इसे रोक देती। यह उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि पिछड़ा वर्ग आरक्षण विधेयक अभी राष्ट्रपति के पास है। लेकिन, क्या वे इसे स्वीकार करेंगे? सुरेखा ने भाजपा और केंद्र सरकार से राज्य की जनता को स्पष्टीकरण देने की मांग की। उन्होंने भाजपा को पिछड़े वर्गों को धोखा देने वाले कार्यक्रम न चलाने की चेतावनी दी। इस बीच, उन्होंने बताया कि उनके मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी (हालांकि उच्च वर्ग के नेता हैं) ने संबंधित वर्गों को समझाने और पिछड़े वर्गों के अधिकारों की रक्षा के लिए कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने ही इस देश में दलितों और आदिवासियों को आरक्षण दिया है। उन्होंने याद दिलाया कि अतीत में, हमने संयुक्त राज्य अमेरिका में भी मुसलमानों को आरक्षण दिया था। अब, हम ही पिछड़े वर्गों को आरक्षण दे रहे हैं, मंत्री सुरेखा ने बताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार समाज में पिछड़े वर्गों और निम्न वर्गों को आरक्षण देने में हमेशा सबसे आगे रहेगी। उन्होंने याद दिलाया कि कल (गुरुवार) राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, पिछड़े वर्ग के मंत्रियों के साथ-साथ एक विशेषज्ञ समिति खड़गे और राहुल गांधी के साथ एक बैठक हुई थी। इस बैठक में, बताया गया कि कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने तेलंगाना सरकार द्वारा की गई जनगणना पर पूर्ण संतोष व्यक्त किया। मंत्री ने आलोचना की कि बीआरएस ने पिछड़ी जातियों की जनगणना में बिल्कुल भी भाग नहीं लिया और कहा कि उन्हें पिछड़ी जातियों से कोई लगाव नहीं है। उन्होंने दोनों दलों के नेताओं को सलाह दी कि वे पिछड़ी जातियों के प्रति भाजपा और बीआरएस का दोहरा रवैया फिलहाल बंद करें और सामाजिक न्याय के लिए काम करें।

## भोइगुडा में चोरों ने घर से सोना, नकदी और गैजेट की चोरी की

हैदराबाद, 25 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। गांधी नगर के भोईगुडा में शुक्रवार को चोरों ने एक घर में घुसकर कथित तौर पर सात तोला सोने के आभूषण, 30,000 रुपये नकद और गैजेट्स चुरा लिए। प्राप्त जानकारी के अनुसार मकान मालिक मोहम्मद साबिर और उनके परिवार के सदस्य गुरुवार को घर में सो रहे थे।

चोरों ने मुख्य दरवाजे का ताला तोड़ दिया और घर में घुसकर तड़के कीमती सामान लेकर फरार हो गए। सुबह जब लोग जागे तो उन्हें पता चला कि घर में चोरी हो गई है और उन्होंने पुलिस से संपर्क किया। शिकायत के आधार पर, गांधी नगर पुलिस ने मामला दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है। क्राइम टीम ने घटनास्थल का दौरा कर सुराग जुटाए हैं। सीसीटीवी फुटेज की जाँच की जा रही है।

# साइबर अपराधों को नियंत्रित करने के लिए समन्वय और त्वरित कार्रवाई महत्वपूर्ण : शिखा गोयल



हैदराबाद, 25 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना साइबर सुरक्षा ब्यूरो (टीजीसीएसबी) ने साइबर योद्धाओं और टीजीसीएसबी अधिकारियों के लिए एक विशेष कौशल विकास प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया। इस इंटरैक्टिव सत्र में उन्हें साइबर अपराध जांच और डिजिटल फोरेंसिक के नवीनतम उपकरणों, तकनीकों और रणनीतियों की जानकारी दी गई। तेलंगाना के कुल 25 साइबर योद्धाओं के साथ-साथ टीजीसीएसबी मुख्यालय और साइबर अपराध पुलिस थानों के 15 कर्मियों ने प्रशिक्षण में भाग लिया। विभिन्न साइबर अपराध विभागों में उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए उन्हें प्रशंसा प्रमाण पत्र और पुरस्कार सूची से सम्मानित किया गया। उनके द्वारा प्रदर्शित उत्कृष्टता के क्षेत्रों में एनसीआरपी शिकायत समाधान, धनवापसी आदेश, जागरूकता कार्यक्रम, पीटी वारंटों का निष्पादन और स्थिति कॉल में भाग लेना शामिल था। इस अवसर पर बोलते हुए, टीजीसीएसबी निदेशक शिखा गोयल ने कहा कि बढ़ते साइबर अपराधों को नियंत्रित करने के लिए निरंतर सीखना, समन्वय और त्वरित कार्रवाई महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों और साइबर योद्धाओं को साइबर अपराधों से निपटने के लिए नवीनतम उपकरणों और तकनीकों का उपयोग करना चाहिए। आंकड़े बताते हैं कि राज्य में साइबर अपराधों में वृद्धि में कमी आई है। 2025 की पहली छमाही में, राज्य में साइबर अपराधों में 2024 की तुलना में 16 प्रतिशत की कमी आई है, जबकि देश भर में इनमें 37 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उन्होंने इस गिरावट का श्रेय टीजीसीएसबी और राज्य के सभी सीएसपी/एसएसपी द्वारा की गई लक्षित कार्रवाइयों को दिया। उन्होंने बताया कि वर्ष के दौरान, पीड़ितों को 726 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ, जिसमें से 105 करोड़ रुपये पीओएच, 102 करोड़ रुपये रिफंड, 1657 सिम, 7178 आईएमईआई और 565 यूआरएल ब्लॉक किए गए। लक्षित जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। टीजीसीएसबी ने अग्रिम पंक्ति के अधिकारियों को सशक्त बनाने और डिजिटल दुनिया में नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

## भाग्यनगर कांवड सेवा संघ का 28वां कांवड यात्रा कल



हैदराबाद, 25 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। कांवड़ यात्रा का आयोजन 27 जुलाई को भाग्यनगर कावड़ सेवा संघ हैदराबाद सिकंदराबाद द्वारा 28वीं भव्य कांवड़ यात्रा 2025 का आयोजन किया जा रहा है। जो चारमीनार स्थित श्री महादेव मंदिर से आरंभ होकर मंचीरेवुला स्थित ब्रह्मसूत्र ओंकारेश्वर स्वामी देवालयम (प्राचीन शिव मंदिर) तक जाएगी। इस संबंध में संघ के अध्यक्ष मांगेराम तायल ने कांवड़ को धारण करने के लिए सभी कांवडधारियों को नियमों से अवगत करवाया और इनका पालन करने के लिए सभी से आग्रह किया। पैदल कांवड़ यात्रा को कांवड़ धारियों एवं साथ में चलने वाले सभी शिव भक्तों की सुरक्षा तथा निर्विघ्न रूप से पूर्ण करने के लिए कुछ नियम बनाए गए हैं, जिनका सभी को पालन करना होगा। जो भी कावड़ लेकर चल रहा है उसके शरीर पर चमड़े की कोई भी वस्तु जैसे जूते-चप्पल-बेल्ट-पर्स इत्यादि ना हो। केवल संघ द्वारा बनाया हुआ सात्विक भोजन ही ग्रहण करें, बाहर से पानी को छोड़ कर किसी से कुछ भी ना लें। सबकी सुरक्षा के लिये संघ डी.सी.एम में रस्सी बांधता है सभी उस रस्सी के अन्दर चलें तथा शिव का जाप करते हुए अपनी लाईन में चलें डी.सी. एम के आगे जानें की कोई भी चेष्टा ना करे। सभी कांवडधारियों को सिरियल नम्बर से ही छोड़ा जाएगा, खड़ी कांवड़ उठाना आपकी आस्था का प्रतीक है अपना नम्बर आने का इन्तजार करें, कृपया संघ की व्यवस्था में बाधा उत्पन्न ना करें। सुविधा के लिये पानी की गाड़ियां आपके साथ चलती रहेंगी तथा लघु शंका एवं स्नान वगैरह के लिये सुलभ की गाड़ियां तथा पानी के टैंकर भी उपलब्ध रहेगा, उनका उपयोग करें। उन्होंने कहा कि संघ हमेशा यही चेष्टा करता है कि किसी भी कावड़ धारी या किसी भी शिव भक्त कोई भी तकलीफ ना हो, संघ केवल चेष्टा ही कर सकता है आपको अपनी और अपने सामान की सुरक्षा स्वयं करनी होगी, किसी भी अप्रिय घटना के लिये संघ जिम्मेदार नही होगा।

उन्होंने बताया कि भाग्यनगर कावड़ सेवा संघ द्वारा निकाली जाने वाली कांवड़ यात्रा सबसे बड़ी और अनोखी होती है जिसमें हजार से अधिक कांवडिये कांवड उठाते हुए भक्ति के साथ कार्यक्रम में भाग लेते हैं और महादेव के मंदिर में शिवलिंग पर हर की पौड़ी से लाये गये पवित्र गंगाजल अर्पित कर अपने भक्ति के भाव प्रकट करते हैं।

## एनडीआरएफ टीम ने मुन्नरू नदी में फंसे पांच चरवाहों को बचाया

खम्मम, 25 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) की टीमों की त्वरित कार्रवाई से जिले के चिंताकनी मंडल के चाइना मांडवा गांव में मुन्नेरू धारा में फंसे पांच चरवाहों की जान बच गई। जब वे नदी के किनारे मवेशियों की देखभाल कर रहे थे, तब नदी का जलस्तर अचानक बढ़ जाने से वे फंस गए। अतिरिक्त कलेक्टर पी. श्रीनिवास रेड्डी पुलिस, राजस्व अधिकारियों और एनडीआरएफ की टीम के साथ बचाव कार्य शुरू करने के लिए घटनास्थल पर पहुंचे।

फंसे हुए चरवाहों- गुंडला शालैया, मोंडितोका पुलैया, गुंडला वेंकटेश्वरलु, डी श्रीनु और कुक्कला गोपी को एनडीआरएफ टीम द्वारा एक मशीनीकृत नाव में सुरक्षित रूप से किनारे पर लाया गया। गौरतलब है कि खम्मम और नदी के ऊपरी इलाकों में पिछले कुछ दिनों से लगातार हो रही भारी बारिश के कारण मुन्नरू नदी पूरे उफान पर बह रही थी। अधिकारियों ने खम्मम शहर के वेंकटेश नगर कॉलोनी, श्रीनिवास नगर कॉलोनी, पद्मावती नगर कॉलोनी और बोक्कलगड्डा इलाकों के निवासियों को नदी का जलस्तर बढ़ने पर सतर्क कर दिया था।

कोत्तागुडेम में, पलोंचा स्थित किन्नरसानी बांध में भारी बाढ़ आई है और जलस्तर 403.7 फीट तक पहुंच गया है। परियोजना अधिकारियों ने किन्नरसानी नदी के किनारे रहने वाले निवासियों को आगाह किया है कि वे इसके पास न जाएं, क्योंकि किसी भी समय पानी छोड़ा जा सकता है। इस बीच, भद्राचलम में गोदावरी नदी का जलस्तर धीरे-धीरे बढ़ रहा है और शाम 6 बजे 20.40 फीट तक पहुंच गया है, जिसमें 1.87 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। खम्मम और कोत्तागुडेम जिलों के कई गाँवों में जलधाराएं उफान पर होने के कारण परिवहन बाधित हो गया है।



**निलाम्बरी के नेतृत्व में बनारसी सारीज एग्जीबिशन-काशी कला का आयोजन ग्रेटर हैदराबाद के सीसीटी स्पेसेज, रोड नं.12, बंजारा हिल्स में 25 से 27 जुलाई तक आयोजित किया गया है। इस एग्जीबिशन में महिलाओं व पुरुषों के लिए साडियों, लहंगा, सूट्स, दुपट्टा और अनेकानेक परिधानों का कलेक्शन आकर्षक उपलब्ध कराया गया है।**



**गवर्नमेंट एसआर गर्ल्स कालेज मारडपल्ली में अणुव्रत कार्यक्रम के तहत उनकी सुशिष्या गणवेषा श्रीजी की प्रेरणा से अणुव्रत जीवन व प्रेक्षाध्यान से जीवन विकास और व्यक्तित्व विकास कार्यशाला का आयोजन किया जिसमें निर्मला बैद ने बच्चों को प्रेक्षाध्यान से अवगत कराया।**

## खुश रहना है तो हर हाल में मुस्कुराइए

हैदराबाद, 25 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। राष्ट्र-संत श्री ललित प्रभ जी महाराज ने कहा कि अगर हम सुखी जीवन की कामना करते हैं तो हमें यह वाक्य जीवन में उतारना होगा कि जो हमें प्राप्त है वह पर्याप्त है। जीवन में तनाव को जगह नहीं दें, हमेशा मुस्कुराते रहें। मुस्कान से कोई नुकसान नहीं होता मुस्कान अनमोल है। किसी भी परिस्थिति में सिर्फ वाह वाह ही निकलें। व्यक्ति के मरने के बाद हर व्यक्ति उसके चित्र पर स्वर्गीय लिखता है। कोई भी नरकीय नहीं लिखता है। इस हिसाब से तो नर्क पूरा ही खाली है। फोटो के नीचे स्वर्गीय लिखने से कोई स्वर्ग में नहीं जाता है अगर जीने की कला आ जाए यही जीवन स्वर्ग बन जाता है। उन्होंने कहा कि जीवन वह नहीं है जो हमें मिला है जीवन तो वह है जिसको हमने हमारे हिसाब से ढाला है, बनाया है और जिया है।

वे शुक्रवार को नामपल्ली के एग्जिबिशन ग्राउंड में आयोजित जीवन में हजार खुशियों को पाने का उपाय विषय पर प्रवचन दे रहे थे। उन्होंने कहा कि हमें जीवन को वह नहीं बनाना है जो हमें मिला है हमें जीवन को वह बनाना है जो हमें जीना है। जीवन में अगर खुश रहना है तो नाखुशी के न पर लाइन फेर दो। उन्होंने कहा कि 1 घंटे की खुशी चाहते हो शहर में घूम आईए, 1 दिन की खुशी चाहते हो आसपास के तीरथ में चले जाइए, 1 महीने की खुशी चाहते हो तो किसी सुंदर लड़की से शादी कर लीजिए, 1 साल की खुशी चाहते हो तो किसी अमीर की गोद चले जाइए, पर जीवन भर खुश रहना है तो हर हाल में मुस्कुराइए। उन्होंने कहा कि जीवन को चाहे खुशी से जियो चाहे गम से, जीना तो होगा। जब जीवन को खुशी से जिया जा सकता है तो फिर गम का ठीकरा सिर पर क्यों ढोए फिरें?

उन्होंने कहा कि गम में कभी भी इतने मत डूबिए कि लोग हमें देखकर अपनी खुशियां भूल बैठें। हम तो वह खुशमिजाज़ इंसान बनें कि लोग हमें देखकर अपना गम भूल बैठें। रोने से तो आंसू भी पराये हो जाते हैं, पर खुश रहने से पराये भी अपने हो जाया करते हैं। किसी को भी तकलीफ देने से मुमकिन है आपको खुशी मिले, पर किसी को खुशी देने से शर्तिया आपको तकलीफ कभी नहीं मिलेगी। मैं उन्हें खुशनसीब मानता हूं, जिन्हें जैसा नसीब मिला है, वे उसी में हरदम खुश रहते हैं।

उन्होंने कहा कि ज़िंदगी उसी को आजमाती है, जो हर मोड़ पर चलना जानता है। कुछ पाकर तो हर कोई मुस्कराता है, जिंदगी असली उसी की होती है, जो सब कुछ खोकर भी मुस्कराना जानता है। जीवन में अनुकूल और प्रतिकूल संयोग तो पार्ट ऑफ लाइफ है, पर प्रतिकूल संयोग बन जाने पर भी अपने आपको खुश और तनावमुक्त रखना निश्चय ही आर्ट ऑफ लाइफ है। खुशी का निमित्त मिलने पर तो सभी खुश होते हैं, पर जीवन जीने की कला यही है कि हम बिना वज़ह के भी खुश रहने की आदत डाल लें, ताकि नाखुशी का कोई भी निमित्त हम पर हावी न हो पाए। नकारात्मक सोचेंगे तो नाखुशी मिलेगी, सकारात्मक सोचेंगे तो खुशी मिलेगी।

अपनी जेब में हमेशा ऐसा सिक्का रखिए, जिसके दोनों ओर खुशी ही खुदी हो। चित गिरे, तब भी खुश और पट गिरे, तब भी खुश। हैप्पी लाइफ का यही है नुस्खा। वास्तुशास्त्री कहते हैं कि घर में किसी तरह का तनाव या टूटन हो तो लाफिंग बुद्धा का स्टेच्यू घर में रखिए। मैं सलाह दूंगा कि लाफिंग बुद्धा का स्टेच्यू रखने से पहले खुद को ही लाफिंग बुद्धा बना लें। लाफिंग बुद्धा यानी हंसता-मुस्कराता हुआ ज्ञानी पुरुष। यदि आप खुश रहना चाहते हैं तो अपनी बेलगाम इच्छाओं को कम कीजिए। अपनी खुशियों को बांटना सीखिए, दूसरों की विशेषताओं का सम्मान कीजिए और मौका पडने पर त्याग का आदर्श उपस्थित कीजिए। उन्होंने कहा कि खुशियों की अलग-अलग परिभाषाएं हैं। कोई देकर खुश होता है तो कोई छीनकर, कोई धन पाकर खुश है तो कोई त्याग कर। खुशियां केवल किस्मत का खेल नहीं है यह हमारी मनोदशाओं के आधार पर निर्मित होती है। मन की दशा को ठीक रखिए, खुशी की खुशबू आपके पास होगी। उन्होंने कहा कि खुशी तो तितली की तरह है जिसे पकडने की कोशिश की जाए तो वह उड़ जाती है अगर स्वयं को शांतिमय बनाने का संकल्प कर लें तो यह चुपचाप हमारे कंधे पर आकर बैठ जाया करती है।

# अग्रसेन बैंक द्वारा पूजा-पाठ कार्यक्रम संपन्न

## अधिकाधिक शाखाएं खोलने का श्रेय हमारे सभी शेयर धारकों ग्राहकों, शुभचिंतकों को ही : प्रमोद कुमार केडिया



हैदराबाद, 25 जुलाई(स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना की अग्रणी बैंक अग्रसेन बैंक द्वारा अमीरपेट में नई शाखा का भव्य उद्घाटन रविवार 27 जुलाई 2025 को हो रहा है।

इस बारे में अग्रसेन बैंक के चेयरमैन प्रमोद कुमार केडिया ने मीडिया को बताया कि, अग्रसेन बैंक की एक और नई शाखा का भव्य उद्घाटन गार्डन पार्क होटल के सामने अमीरपेट हैदराबाद में रविवार, 27 जुलाई 2025 को हो रहा है। साथ ही उन्होने यह भी जानकारी दी कि, अगले माह 3 अगस्त 2025 को राजेंदर नगर, गगन पहाड हैदराबाद मे एक और नई शाखा का उद्घाटन किया जा रहा है तथा मलिक प्लाझा, केपीएचबी कालोनी, कुकटपल्ली हैदराबाद में भी एक और नई शाखा का उद्घाटन 10 अगस्त 2025 को किया जा रहा है। साथ ही विठ्टलराव नगर, माधापुर हैदराबाद में जल्द ही एक और नई शाखा खोली जा रही है।

इस मामले में चेयरमैन केडिया ने बताया कि, हमारे अग्रसेन बैंक के तेलंगाना में अधिकाधिक शाखाएं खोलने का श्रेय हमारे सभी शेयर धारकों, ग्राहकों एवं शुभचिंतकों को जाता है, क्योंकि इन सभी के बिना हम इतनी बडी उपलब्धि हासिल नहीं कर पाते।

साथ ही उन्होने कहा कि अग्रसेन बैंक ने असंख्य ग्राहकों के लिए नई डिपाजिट योजनाएं शुरू की है जिसमें 555 दिनों की डिपाजिट पर हमारे खाताधारकों व ग्राहकों को @9% ब्याज दिया जा रहा है तथा इस मामले में वरिष्ठ नागरिकों के लिए@9.50% ब्याज दिया जा रहा है।

इसके चलते तत्संबंधित अधिकारियों ने अमीरपेट में खोली जा रही नई शाखा के उद्घाटन में सभी को आमंत्रित कर तत्संबंधित कार्यक्रम की शोभा बढाने का अनुरोध किया।

## दो जलाशयों में पानी का प्रवाह हुआ तेज लबालब भर गया हुसैन सागर

हैदराबाद, 25 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। लगातार बारिश के कारण जुड़वां जलाशयों, उस्मान सागर और हिमयतसागर में जल स्तर काफी बढ़ गया है। हुसैन सागर इस समय अपने चरम पर है, जिसके कारण सरकार को आस-पास के क्षेत्रों में किसी भी संभावित अतिप्रवाह या बाढ़ को रोकने के लिए एहतियाती उपाय करने पड़ रहे हैं।

शाम 5 बजे तक, उस्मान सागर का जलस्तर 1,782 फीट था, जबकि इसका पूर्ण टैंक स्तर (एफटीएल) 1,790 फीट है, और जलाशय में 100 क्यूसेक पानी का रिकॉर्ड प्रवाह दर्ज किया गया। इसके विपरीत, हिमायत सागर में, बाढ़ के द्वार खोलने से पहले केवल एक फीट पानी बचा है। वर्तमान जलस्तर 1,761 फीट है, जबकि इसका एफटीएल 1,763 फीट है, और जलाशय में 300 क्यूसेक पानी का प्रवाह हो रहा है। हुसैन सागर में दोपहर 1 बजे जलस्तर 513.14 मीटर दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम जलस्तर 514.75 मीटर है। हुसैन सागर का एफटीएल 513.41 मीटर है।

# पीएनबी ने आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया



हैदराबाद, 25 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। पंजाब नैशनल बैंक के हैदराबाद अंचल द्वारा 25 जुलाई को राष्ट्रीय राष्ट्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम संस्थान युसूफगुडा में एमएसएमई लोकसंपर्क (आउटरीच) कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसका उद्घाटन एनवीएसपी रेड्डी, महाप्रबंधक, पंजाब नैशनल बैंक, प्रधान कार्यालय, डॉ. श्रीकांत शर्मा, विशिष्ट अतिथि, निदेशक, राष्ट्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम संस्थान (एनआई-एमएसएमई एवं हैदराबाद अंचल के महाप्रबंधक एवं ऋण प्रभारी कुमार शैलेन्द्र द्वारा किया गया। इस अवसर पर संजय माने, उप महाप्रबंधक अरविंद कालरा, मंडल प्रमुख एवं सुजीत कुमार झा, मंडल प्रमुख उपस्थित रहे।

इस कार्यक्रम में एमएसएमई योजनाओं के 20 से अधिक लाभार्थियों को 70 करोड़ से अधिक राशि के स्वीकृति पत्र/चेक दिए गए। कुमार शैलेन्द्र ने इस बात पर जोर दिया कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) भारत की आर्थिक वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

अपने अध्यक्षीय भाषण में एनवीएसपी रेड्डी ने कहा कि बैंक के पास बेहतर रियायत एवं प्रोत्साहन के साथ सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को ऋण देने हेतु पूर्ण परिभाषित नीति है। बैंक अपने ऋण पोर्टफोलियो को अलग-अलग सेगमेंट में विभाजित भी करना चाहता है। उन्होंने अपने संबोधन में एमएसएमई ट्रेड्स के बारे में जानकारी दी। विशिष्ट अतिथि डॉ. श्रीकांत शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि हमारा संस्थान प्रशिक्षण, अनुसंधान, परामर्श, सूचना, शिक्षा और विस्तार जैसी विविधतापूर्ण सेवाओं के माध्यम से वर्तमान और संभावित उद्यमियों की मदद करने के लिए तैयार है।

हैदराबाद अंचल प्रबंधक सुनील कुमार चुघ ने बताया कि एमएसएमई क्षेत्र रोजगार सृजन, नवाचार और देश के समग्र विकास में महत्वपूर्ण योगदान देता है। इस क्षेत्र का प्रमुख लाभ कम पूंजी लागत पर रोजगार देने की इसकी क्षमता है।

दक्षिण मध्य रेलवे

ई-निविदा सूचना सं.25-2025 दि.23/07/2025

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए, वरिष्ठ विभागीय अभियंता/को-आर्ड./गुण्टकल द्वारा निम्न कार्यों हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित हैं।

क्रम सं. 1 टेन्डर नं. इएनजीजी-जीटीएल-उत्तर-1881 कार्य विवरणः गुण्टकल डिवीजनः गूटी-वाडी सेक्शन(डीइएन/नार्थ/जीटीएल)-16.60 किमी (फेज-।।) (एडीइएन/आरसी) के प्रति स्पीड या गति 130 किमी प्रति घण्टा व इससे अधिक के लिए, ट्रैक की चहुं ओर बाउण्डरी वाल का प्रावधान। विज्ञापित मूल्यः रु.16,48,04,499.53 पूर्व धरोहर राशि(पूधरा) रु. 9,74,000.00

क्रम सं. 2 टेन्डर नं. इएनजीजी-जीटीएल-उत्तर-1882 कार्य विवरणः गुण्टकल डिवीजनः एसडब्ल्यूः। जीटीएल डिवीजन के तिम्मनाचेर्ला पर सेंट्रलाइज्ड टीआर. डी डिपो का प्रावधान। एसडब्ल्यूः।। रायचूर के रेल बोघीकारकाना के स्टाफ क्वार्टर्स की मरम्मत। विज्ञापित मूल्यः रु.2,98,19,378.87 पूर्व धरोहर राशि(पूधरा) रु..2,99,100.00

क्रम सं. 3 टेन्डर नं. इएनजीजी-जीटीएल-पश्चिम-1883 कार्य विवरणः गुण्टकल डिवीजनः टीपीडी-टीपीटीवाय-आरयु सेक्शनः डीइएन/पश्चिम क्षेत्राधिकार के तहत एडीइएन/टीपीटीवाय सब-ड़िवीजन में सेस्स मेकिंग अप हेतु प्रस्तावित सेस्स रिपेयर या मरम्मत/वाइडनिंग कार्य। विज्ञापित मूल्यः रु.2,40,75,468.00 पूर्व धरोहर राशि(पूधरा) रु..2,70,400.00

क्रम सं. 4 टेन्डर नं. इएनजीजी-जीटीएल-ब्रिजेस-1884 कार्य विवरणः गुण्टकल डिवीजनः स्टैण्डर्ड हाइट गेज तथा तत्संबंधित रखरखाव कार्य सहित वल्नरेबुल ब्रिजेस या खतरनाक पुलों पर नान- स्टैण्डर्ड हाइट गेजेस का रिप्लेसमेन्ट या प्रतिस्थापन कार्य। विज्ञापित मूल्यः रु.1,62,75,442.20 पूर्व धरोहर राशि(पूधरा) रु.2,31,400.00

क्रम सं. 5 टेन्डर नं. इएनजीजी-जीटीएल-पश्चिम-1885 कार्य विवरणः गुण्टकल डिवीजनः कदिरीः अतिक्रमण या एनक्रोचमेन्ट्स से बचने के लिए, स्टेशन परिधियों एवं रेलवे कालोनी में प्रस्तावित बाउण्डरी वाल का निर्माण कार्य। विज्ञापित मूल्यः रु.2,48,58,340.14 पूर्व धरोहर राशि(पूधरा) रु.2,74,300.00

क्रम सं. 6 टेन्डर नं. इएनजीजी-जीटीएल-पश्चिम-1886 कार्य विवरणः एसडब्ल्यू। --धर्मावरमः आरपीएफ पोस्ट धर्मावरम के लिए, नये कार्यालय भवन निर्माण सहित फर्नीचर व शौचालयों आदि की व्यवस्था करना। एसडब्ल्यू।।-धर्मावरमः पुरानी जर्जर शीर्ण शीर्ण हेल्थ युनिट बिल्डिंग के स्थान पर प्रस्तावित नई हेल्थ युनिट का निर्माण कार्य। एसडब्ल्यू।।। धर्मावरमः जीटीएल डिवीजन के ओपन लाइन में डिजास्टर मैनेजमेन्ट रोल्लिंग स्टाक सुविधाओं या फैसिलिटीज का अपग्रेडेशन/अगमेन्टेशन/क्रियेशन करना। (डीएमएम स्टेशन पर एआरटी/एमआरवी उपकरण के लिए रूम(8एमx6एम) का निर्माण कार्य)। विज्ञापित मूल्यः रु.3,16,06,289.83 पूर्व धरोहर राशि(पूधरा) रु.3,08.000.00

क्रम सं. 7 टेन्डर नं. इएनजीजी-जीटीएल-को-आर्ड.-1887 कार्य विवरणः गुण्टकल डिवीजनः गुण्टकलःडिजल ट्रैक्शन ट्रेनिंग सेंटर के विस्तार का प्रस्तावित निर्माण कार्य। विज्ञापित मूल्यः रु. 1,51,78,105.45 पूर्व धरोहर राशि(पूधरा) रु.2,25,900.00

क्रम सं. 8 टेन्डर नं. इएनजीजी-जीटीएल--दक्षिण.-1888 कार्य विवरणः आरयु-जीवाय एण्ड वायए-एनडीए सेक्शनः एडीइएन/एचएक्स सब-डिवीजन के तहत मेन लाइन-5.737 किमी का सीटीआर(पी) कार्य, लूप लाइन्स-4.795किमी का सीटीआर(पी) कार्य, 32.304किमी का टीआरआर(पी) कार्य एवम् 10,684.किमी का टीएसआर(पी) कार्य, 25.341 किमी का टीबीआर(प्लेन ट्रैक) कार्य,36 सेट्स का टीबीआर(पीएण्डसी) कार्य, 43.988किमी का टीएफआर(सभी फिट्टिंग्स) कार्य तथा 16 सेट्स का टीडब्ल्यूएसइजे कार्य। (पीबी-2025-26 सैंक्शन्स)। विज्ञापित मूल्यः रु.5,73,56,346.31 पूर्व धरोहर राशि(पूधरा) रु..4,36,800.00

क्रम सं. 9 टेन्डर नं. इएनजीजी-जीटीएल--दक्षिण.-1889 कार्य विवरणः जीडीआर-आरयु एण्ड आरयु-जीवाय सेक्शनः

एडीइएन/आरजेपी सब-डिवीजन(पीबी-2025-26 सैंक्शन्स) एवं नन्दलूर के पीक्यूआरएस डिपो के विकास के तहत मेन लाइन-4.80 किमी का सीटीआर(पी) कार्य,लूप लाइन्स-3.943 किमी का सीटीआर(पी) कार्य,15.351किमी का टीआरआर(पी) कार्य एवं 22.733 किमी का टीएसआर(पी) कार्य, 3.8 किमी का टीबीआर(प्लेन ट्रैक) कार्य, 15 सेट्स का टीबीआर(पीएण्डसी) कार्य, 30.433किमी का टीएफआर(सभी फिट्टींग्स) कार्य तथा 64 सेट्स का टीडब्ल्यूएसइजे कार्य। विज्ञापित मूल्यः रु. 6,59,44.290.56 पूर्व धरोहर राशि(पूधरा) रु..4,79,700.00

क्रम सं. 10 टेन्डर नं. इएनजीजी-जीटीएल-दक्षिण.-1890 कार्य विवरणः जीडीआर-आरयु एण्ड आरयु-जीवाय सेक्शनः

एडीइएन/आरयु सब-डिवीजन (पीबी-2025-26 सैंक्शन्स) के तहत 3.01किमी का सीटीआर(पी) कार्य, 50.005 किमी का टीआरआर(पी) कार्य एवं 12.072 किमी का टीएसआर(पी) कार्य। विज्ञापित मूल्यः रु.4,30,04,809.51 पूर्व धरोहर राशि(पूधरा) रु. 3,65,000.00

क्रम सं. 11 टेन्डर नं. इएनजीजी-जीटीएल-दक्षिण.-1891 कार्य विवरणः आरयु-जीवाय एण्ड जीडीआर-- आरयु सेक्शनः एफएस+टीडब्ल्यूएस+डब्ल्यूसीएमएससी-71 सेट्स, टीडब्ल्यूएस+डब्ल्यूसीएमएससी-43 सेट्स, एफएस +टीडब्ल्यूएस-9सेट्स, डब्ल्यूसीएमएससी-240 सेट्स, एफएस+सीएस+सीएमएससी-5 सेट्स एवम् डीएस-1 सेट (पीबी-2025-26 सैंक्शन्स) का तत्संबंधित कार्य। विज्ञापित मूल्यः रु. 4,60,27,497.59 पूर्व धरोहर राशि(पूधरा) रु.3,80,100.00

बंद करने की तिथि व समयः 19-08-2025 के 15.00 बजे

कोई भी शुद्धिपत्र के होने पर उसे आनलाइन पर ही जारी किया जायेगा।

विभागीय रेल प्रबंधक, कार्य, गुण्टकल

निविदा सूचना सं. इलेक-टीआरएस-जीटीएल- 25-26-ई-टीएन-5 दि.17/07/2025

अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न कार्यों हेतु दि.8-8-2025 के 16.00 बजे तक निविदाएं आमंत्रित हैं।

निविदा सं. इलेक-टीआरएस-जीटीएल-25-26-ई-टीएन-5 दि.17/07/2025 कार्य विवरणः इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव्ज के आइओएच तथा टीओएच के लिए स्पेयर्स जनरेट करने के लिए 1000एलपीएम इएलजीआय मेक कम्प्रेस्सर्स की मरम्मत/रेहाबिलिटेशन/ओवरहालिंग करना। अनुमानित लागतःरु.3,69,13,180.00 पूर्व धरोहर राशिःरु.3,34,600.00 ठेका अवधिः दो वर्ष बंद करने की तिथि व समयः दि.8-8-2025 के 16.00 बजे

टेन्डर बिड्डिंग या निविदा बोली तथा अन्य विवरण हेतु http://www.ireps.gov.in पर लागिन करें। इस निविदा के प्रति यदि कोई शुद्धिपत्र जारी होता है तो, उसे केवल आनलाइन पर ही जारी किया जायेगा।

निविदादाताओं के लिए टिप्पणीः1) इस ई-निविदा में सहभागिता/बिड्डिंग में भाग लेने के लिए, ठेकेदार के पास वैध डीएससी(डिजीटल सिग्निचर सर्टिफिकेट) प्रमाणपत्र होना आवश्यक है। 2) निविदादाता(निविदादाताओं) को सलाह दी जाती है कि,उपरोक्त निविदाओं के प्रति शुद्धिपत्र को नोट करने के लिए, यदि कोई हो तो, उसे केवल रेल प्रशासन द्वारा निविदा प्रस्तुति के पहले, आनलाइन में ही जारी किया जायेगा तथा तदनुसार कार्य करें। 3) निविदादाताओं को पूर्व धरोहर राशि का भुगतान केवल नेट-बैंकिंग के माध्यम से ही करना चाहिए। तत्संबंधित के अभाव या एबसेन्स में आफर को अप्रत्युरित समझा जायेगा एवं उसे अस्वीकार किया जायेगा।

वरिष्ठ विभागीय यांत्रिक अभियंता, लोकोमोटिव शेड, गुण्टकल

निविदा सूचना सं.21-मेका.-एमबीटी-टीपीटीवाय-आर4-24- 25 दि.23/07/2025

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए, उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/सीआरएस/टीपीटीवाय द्वारा तत्संबंधित निम्नलिखित निविदा संख्या, बंद करने की तिथि के 11.00 बजे तक ई-निविदाएं आमंत्रित हैं। बोलीदातागण अपने अपने मूल/संशोधित बोलियों को तत्संबंधित तिथि एवं समय तक ही प्रस्तुत कर सकते हैं। इस निविदा के प्रति मैन्युएल आफर्स अमान्य हैं एवं इस मामले में किसी भी प्रकार के मैन्युएल आफर्स के प्राप्त होने पर उसे नजरअंदाज किया जायेगा।

निविदा सं. 21-मेका.-एमबीटी-टीपीटीवाय-आर4-24-25 दि.23/07/2025 कार्य विवरण सीआरएस/टीपीटीवाय पर कोचेस के पीओएच एटेंशन के दौरान कई बायो-टायलेट्स टैंक का रखरखाव कार्य। अनुमानित लागतःरु.1,04,44,496.00 बोली सुरक्षा राशि रु. 2,02,200.00 कार्य पूरा करने की अवधिः 24 महिने, बंद करने की तिथिः14-08-2025 के 11.00 बजे वेबसाइट विवरणःwww.ireps.gov.in देखें। निविदा के संपूर्ण विवरणार्थ नोटिस बोर्ड स्थानः चीफ वर्कशाप मैनेजर का कार्यालय, कैरेज रिपेयर शाप, तिरुपति

वरिष्ठ विभागीय यांत्रिक अभियंता, कैरेज रिपेयर शाप, तिरुपति

A1099

निविदा नियम शर्तें/अधिक जानकारी तथा निविदा दस्तावेजों की डाउनलोडिंग हेतु कृपया वेबसाइट्स www.ireps.gov.in तथा http://www.scr.indianrailways.gov.in देखें।

स्वतंत्र वार्ता

Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com

# चेस फिडे विमेंस वर्ल्डकप फाइनल में पहली बार दो भारतीय

## हम्पी ने सेमीफाइनल में चीन की टिंगजी लेई को हराया; दिव्या देशमुख से होगा मुकाबला

स्पोर्ट्स डेस्क, 25 जुलाई (एजेंसियां)। दिव्या देशमुख के बाद कोनेरू हम्पी भी विमेंस चेस फिडे वर्ल्ड कप के फाइनल में पहुंच गई हैं। हम्पी ने सेमीफाइनल में टाई ब्रेकर में चीन की टिंगजी लेई को हराकर फाइनल में अपना स्थान पक्का किया। पहली बार होगा कि वर्ल्ड कप के फाइनल में दोनों ही खिलाड़ी भारतीय होंगे। यह टूर्नामेंट जॉर्जिया के बटुमी में खेला जा रहा है।





**टाई ब्रेकर के शुरुआत में लेई को मिली सफलता**

टाईब्रेकर में 15-15 मिनट की दो बाजी अतिरिक्त समय के खेला जाता है। उसके बाद अगली दो टाईब्रेक बाजी 10-10 मिनट की होती है। लेई ने पहली बाजी जीतकर बढ़त बनाई लेकिन हम्पी ने मुश्किल स्थिति में होने के बावजूद दूसरी बाजी जीतकर मुकाबला फिर बराबर कर दिया। टाईब्रेक बाजी के तीसरे सेट में हम्पी ने पहली बाजी में सफेद मोहरों से शुरुआत की और खेल के सभी विभागों में लेई को परास्त करते हुए इसे जीत लिया। पहली बाजी जीतने के बाद फाइनल में पहुंचने के लिए हम्पी को बस एक ड्रॉ की जरूरत थी और उन्होंने जीत हासिल करके खिताबी मुकाबले में जगह बनाई।

**दोनों गेम ड्रॉ रहा था**

इससे पहले दोनों गेम ड्रॉ रहे। जिसके बाद गुरुवार को टाई ब्रेकर का आयोजन किया गया। दूसरे गेम में हम्पी के पास सफेद मोहरे थे, लेकिन वह लेई के मजबूत बचाव को नहीं तोड़ पाईं।

**दिव्या ने पूर्व वर्ल्ड चैंपियन को हराया**

दिव्या ने पूर्व वर्ल्ड चैंपियन तान झोंग्यी को सेमीफाइनल मुकाबले में 1.5-0.5 के अंतर से हराया। 19 साल की दिव्या ने सफेद मोहरों से खेलते हुए शानदार प्रदर्शन किया और 101 चाल में मात दी। दूसरे गेम में उन्हें सफेद मोहरों से खेलने का फायदा मिला। उन्होंने बीच के खेल में लगातार दबाव बनाया और तान झोंग्यी को गलतियां करने पर मजबूर कर दिया। व्हाइट (दिव्या) क्वीन की अदला-बदली के साथ जीत की स्थिति में थी, लेकिन क्वीन को बोर्ड पर रखने से भी उनकी स्थिति बहुत मजबूत थी।इसके बाद झोंग्यी ने वापसी की और बढ़त ले ली। समय की कमी में झोंग्यी ने गलत चाल चली, जिसके बाद दिव्या दो प्यादों की बढ़त के साथ आगे हो गईं। आखिरी गेम में झोंग्यी के पास ड्रॉ के कई मौके थे, लेकिन वह इन्हें भुना नहीं सकीं। पहला गेम रहा था ड्रॉ पहले गेम में दिव्या ने काले मोहरों से खेला था। यह गेम ड्रॉ रहा था। दिव्या ने पहले गेम के शुरुआत में ही खेल को संतुलित करने की रणनीति अपनाई। झोंगयी ने 'क्वीन्स गैम्बिट डिक्लाइन्ड' ओपनिंग से खेल की शुरुआत की, जिसमें दिव्या ने लगातार मोहरे बदलते हुए संतुलन बनाए रखा।

झोंगयी भी इस स्थिति से संतुष्ट दिखीं, जहां ब्लैक को थोड़ी सक्रियता मिली थी। अंत में दोनों के पास एक-एक रूक और एक-एक छोटा मोहरा (बिशप/नाइट) के साथ तीन-तीन प्यादे एक ही हिस्से में रह गए, जिससे खेल ड्रॉ के अलावा कुछ और हो नहीं सकता था।

**पहली बार भारत की चार महिला खिलाड़ी क्वार्टर फाइनल में पहुंची**

इस टूर्नामेंट में पहली बार भारत की चार महिला खिलाड़ी क्वार्टर फाइनल में पहुंची। कोनेरू हंपी के अलावा हरिका द्रोणवल्ली, आर. वैशाली और दिव्या देशमुख ने क्वार्टरफाइनल में अपना स्थान पक्का किया।

# क्रिकेटर यश दयाल पर दूसरी बार रेप केस

> जयपुर में क्रिकेटर बनाने का झांसा देकर नाबालिग से रेप

> गाजियाबाद की युवती ने भी आरोप लगाए थे

जयपुर, 25 जुलाई (एजेंसियां)। जयपुर में रहने वाली लड़की ने यहां के सांगानेर सदर थाने में क्रिकेटर के खिलाफ केस दर्ज कराया है। इसमें कहा गया है कि यश ने क्रिकेट में करियर बनाने का झांसा देकर और इमोशनल ब्लैकमेल करके उसके साथ दो साल तक रेप किया।




इससे पहले 8 जुलाई को यूपी के गाजियाबाद की एक लड़की ने भी यश पर शादी का झांसा देकर रेप करने का आरोप लगाया था। इस मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट से यश को गिरफ्तारी से राहत मिली थी।

एसएचओ अनिल जैमन ने बताया कि जयपुर की लड़की क्रिकेट खेलने के दौरान यश दयाल के संपर्क में आई थी। आरोप है कि करीब 2 साल पहले जब वह नाबालिग थी, तब यश ने क्रिकेट में करियर बनवाने का झांसा देकर उसके साथ रेप किया। करियर बनाने के सपनों का फायदा उठाकर आरोपी लगातार उसका रेप करता रहा। एसएचओ ने बताया कि आईपीएल-2025 मैच के दौरान जयपुर आए यश दयाल ने सीतापुरा स्थित एक होटल में बुलाकर लड़की के साथ फिर रेप किया। इमोशनल ब्लैकमेल और लगातार शोषण से परेशान होकर पीड़िता ने 23 जुलाई को मामला दर्ज कराया। लड़की जब 17 साल की नाबालिग थी, तब पहली बार उससे रेप हुआ। ऐसे में पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की है।

# सिंधू पर जीत दर्ज करने वाली 17 साल की उन्नति को क्वार्टर फाइनल में मिली हार, यामागुची ने किया बाहर

चांग्झू (चीन), 25 जुलाई (एजेंसियां)। भारत की उभरती बैडमिंटन स्टार उन्नति हुड्डा का चाइना ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट में शानदार सफर शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल में जापान की विश्व की चौथे नंबर की खिलाड़ी अकाने यामागुची से सीधे गेम में हार के साथ समाप्त हो गया। भारत की उम्मीद अब सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी पर टिकी है जो क्वार्टर फाइनल में मलेशिया के यू सिन ओंग और ई यी तेओ का सामना करेगी। पिछले दौर में अपनी आदर्श खिलाड़ी और दो बार की



ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू को हराने वाली 17 वर्षीय हुड्डा क्वार्टर फाइनल में जापान की खिलाड़ी से 33 मिनट तक चले मैच में 16-21, 12-21 से हार गईं। उन्नति के बाहर होने के साथ ही टूर्नामेंट में भारत का एकल में अभियान समाप्त हो गया। पहले गेम में हूडा ने यामागुची को बराबर की टक्कर दी लेकिन वह अपनी लय बरकरार नहीं रख पाई और जापान की खिलाड़ी ने लगातार पांच अंक बनाकर यह गेम अपने नाम कर दिया। इस गेम में हुड्डा का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन लगातार तीन अंक लेना था। दूसरे गेम में भी यही कहानी दोहराई गई। भारतीय खिलाड़ी ने बीच में थोड़ी देर के लिए चुनौती पेश की और लगातार चार अंक हासिल किए लेकिन यामागुची ने लगातार छह अंक बनाकर दूसरा गेम 21-12 से अपने नाम करके सेमीफाइनल में जगह बनाई।

## 'अगर बाउंसर नहीं झेल सकते तो टेनिस या गोल्फ खेलो'

मैनचेस्टर, 25 जुलाई (एजेंसियां)। महान सुनील गावस्कर ने हाल ही में टेस्ट क्रिकेट में कन्कशन (सिर में चोट) के कारण होने वाले स्थानापन्न खिलाड़ी के नियम पर तीखा प्रहार किया है।

उनका कहना है कि यह नियम अब खिलाड़ियों की सुरक्षा से ज्यादा उनकी अक्षमता को छिपाने का जरिया बन गया है। सुनील गावस्कर ने एक चैनल से बातचीत में कहा, 'अगर आप शॉर्ट पिच गेंदें (बाउंसर) नहीं झेल सकते तो टेस्ट क्रिकेट मत खेलिए, टेनिस या गोल्फ जैसे खेलों की ओर रुख कीजिए।'

# इंजरी के बावजूद अर्धशतक लगाने वाले ऋषभ पंत की सचिन तेंदुलकर ने की प्रशंसा

मैनचेस्टर, 25 जुलाई (एजेंसियां)। दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने ओल्ड ट्रैफर्ड में खेले जा रहे एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के चौथे टेस्ट में इंजर्ड पैर के साथ बल्लेबाजी करते हुए अर्धशतक बनाने वाले ऋषभ पंत की सराहना की।




सचिन तेंदुलकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "दर्द के बावजूद खेलना और उससे उबरना ही ताकत है। पंत ने चोट के बावजूद मैच में वापसी करके और ऐसा प्रदर्शन करके जबरदस्त जज्बा दिखाया। उनका अर्धशतक अपने देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए जरूरी धैर्य और दृढ़ संकल्प की एक जबरदस्त याद दिलाता है। एक बहादुर प्रयास, और ऐसा प्रयास, जिसे लंबे समय तक याद रखा जाएगा। शाबाश, ऋषभ।" भारतीय टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज वसीम जाफर ने भी ऋषभ पंत की बहादुरी की तारीफ की। उन्होंने एक्स पर लिखा, बेहतरीन टीम मैन का बहुत बहादुर प्रयास। शाबाश ऋषभ पंत।

परिस्थितियों को देखते हुए भारत ने अच्छा स्कोर बनाया है।" ऋषभ पंत ओल्ड ट्रैफर्ड टेस्ट के पहले दिन 68वें ओवर में क्रिस वोक्स की गेंद पर रिवर्स स्वीप खेलने की कोशिश में इंजर्ड हो गए थे। असहनीय दर्द की वजह से उन्हें रिटायर हर्ट होना पड़ा। उस समय पंत 48 गेंद पर 37 रन बना चुके थे। उनके फिर से बल्लेबाजी करने की संभावना नहीं थी। लेकिन, शार्दुल ठाकुर का विकेट गिरने के बाद पंत लंगड़ाते हुए बल्लेबाजी के लिए क्रीज पर पहुंच गए। उनके साहस और हिम्मत की मैच देखने आए दर्शकों ने खड़े होकर और ताली बजाकर प्रशंसा की। पंत ने 54 रन की पारी खेली। उनकी इस पारी के दम पर भारतीय टीम 358 रन तक पहुंच सकी। वह विकेटकीपिंग नहीं कर पाएंगे। उनकी जगह ध्रुव जुरेल विकेटकीपिंग करेंगे।

पंत पांचवें टेस्ट से भी बाहर हो चुके हैं। उनकी जगह तमिलनाडु के विकेटकीपर बल्लेबाज एन जगदीसन को मौका मिलने की उम्मीद है। जानकारी के मुताबिक, बीसीसीआई की तरफ से ईशान किशन से भी संपर्क किया गया था। लेकिन, वह इंजर्ड हैं और पांचवें टेस्ट की शुरुआत तक उनके फिट होने की संभावना नहीं है।

# भारत-पाकिस्तान मैच सितंबर में हो सकता है

## एक ही ग्रुप में होने की संभावना; एशिया कप 2025 भारत की मेजबानी में यूएई में खेला जाएगा

ढाका, 25 जुलाई (एजेंसियां)। भारत और पाकिस्तान के बीच क्रिकेट मुकाबला फिर देखने को मिल सकता है। ये मैच एशिया कप 2025 में खेले जाएंगे। एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) ने एशिया कप 2025 की मेजबानी भारत को सौंपी है। टूर्नामेंट सितंबर में यूएई में खेला जाएगा।

यह फैसला गुरुवार को ढाका में आयोजित एसीसी की बैठक में लिया गया, जिसमें सभी 25 सदस्य देशों ने हिस्सा लिया। बीसीसीआई की ओर से उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला वर्चुअली जुड़े। बीसीसीआई के एक अफसर ने बताया कि भारत अपने सभी मैच दुबई में खेलेगा। भारत और पाक ने आपसी सहमति से 2027 तक सभी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट्स में न्यूट्रल वेन्यू पर खेलने का फैसला किया है। ब्रॉडकास्टर्स व स्पॉन्सर्स की मांग को देखते हुए भारत-पाकिस्तान को एक ही ग्रुप में रखा जा सकता है। इससे 3 मैच होने की संभावना है। पहला लीग




स्टेज में, फिर सुपर सिक्स में भी कम से कम एक मुकाबला हो सकता है। यदि दोनों टीमें फाइनल में पहुंचती हैं, तो तीसरा मुकाबला भी संभव है।

**भारत का एशिया कप में दबदबा**

एशिया कप की शुरुआत 1984 में हुई थी और अब तक यह 16 बार हो चुका है। भारत ने सबसे अधिक 8 बार खिताब जीता है, जबकि श्रीलंका ने 6 और पाकिस्तान ने 2 बार यह ट्रॉफी अपने नाम की है।

चैंपियंस ट्रॉफी में टीम इंडिया के मैच न्यूट्रल वेन्यू पर खेले गए थे

इस साल फरवरी में हुई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम इंडिया पाकिस्तान नहीं गई थी। भारत के सभी मैच यूएई में कराए गए थे, यही नहीं एक सेमीफाइनल और फाइनल भी यूएई में ही हुआ था। भारत ने फाइनल में न्यूजीलैंड को हरा कर खिताब अपने नाम किया था।

**विमेंस वनडे वर्ल्ड कप हाइब्रिड मॉडल पर**

अक्टूबर में भारत में होने वाला विमेंस वनडे वर्ल्ड कप हाइब्रिड मॉडल पर खेला जा रहा है। पाकिस्तान के सभी मैच श्रीलंका में होंगे। इस टूर्नामेंट में भारत-पाक की विमेंस टीम लीग में आमने-सामने होंगी। वहीं, 2026 में इंग्लैंड में होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप में भारतीय विमेंस और पाकिस्तान विमेंस टीम लीग के दौरान भिड़ेंगी।

**मुंबई हमले के बाद से द्विपक्षीय सीरीज बंद**

2008 के मुंबई हमले के बाद से भारत-पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय सीरीज बंद हैं। अब दोनों टीमें केवल आईसीसी और एसीसी टूर्नामेंट में एक-दूसरे का सामना करती हैं। ऐसे में जब भी भारत-पाकिस्तान मैच होता है तो दुनियाभर के क्रिकेट फैंस की नजरें इस मुकाबले पर टिकी होती हैं। ऐसे में आयोजक और ब्रॉडकास्टर भारत-पाकिस्तान मैच से ज्यादा से ज्यादा कमाई करते हैं।

# मैनचेस्टर टेस्ट-क्रॉले और डकेट का अर्धशतक, दूसरे दिन की समाप्ति पर इंग्लैंड का स्कोर 225/2

मैनचेस्टर, 25 जुलाई (एजेंसियां)। ओल्ड ट्रैफर्ड में खेले जा रहे 'एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी' के चौथे टेस्ट में इंग्लैंड ने तेज-तर्रार शुरुआत की है। भारत के 358 रनों के जवाब में दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक इंग्लैंड ने 2 विकेट के नुकसान पर 225 रन बना लिए हैं। ओली पोप 20 और जो रूट 11 रन बनाकर नाबाद हैं।


इंग्लैंड भारत से मात्र 133 रन पीछे है। इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाजों जैक क्रॉले और बेन डकेट के बीच पहले विकेट के लिए 166 रनों की साझेदारी हुई। दोनों जब बल्लेबाजी कर रहे थे तो ऐसा लग रहा था कि टेस्ट नहीं, वनडे खेला जा रहा है। दोनों ने 32 ओवर में 166 रन जोड़े। क्रॉले 113 गेंद पर 84 रन बनाकर पहले विकेट के रूप में आउट हुए। यह साझेदारी रवींद्र जडेजा ने तोड़ी। इसके बाद 197 के स्कोर पर बेन डकेट 94 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें अपना पहला टेस्ट खेल रहे अंशुल कंबोज ने आउट किया। इससे पहले




भारत की पहली पारी 358 रनों पर समाप्त हुई थी। भारतीय पारी में तीन अर्धशतक लगे। साई सुदर्शन ने 61, यशस्वी जायसवाल ने 58 और ऋषभ पंत ने 54 रन की पारी खेली। इसके अलावा, ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर ने अहम 41 रन बनाए। ऋषभ पंत पहले दिन चोट लगने की वजह से 37 के स्कोर पर रिटायर्ड हर्ट हो गए थे, लेकिन जब टीम इंडिया को जरूरत पड़ी तो बल्लेबाजी के लिए उतरे और अहम 54 रनों की पारी खेली।

# वीनस विलियम्स दूसरे दौर में हारीं, नीरज-नदीम का मैच में आमना-सामना असंभव





नई दिल्ली, 25 जुलाई (एजेंसियां)। वीनस विलियम्स की डीसी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में हार के साथ ही 2019 के बाद लगातार दूसरा मैच जीतने की उम्मीद टूट गई। पिछले एक साल से भी अधिक समय में किसी टूर्नामेंट में भाग ले रही वीनस को दूसरे दौर के मैच में विश्व की 24वीं रैंकिंग के खिलाड़ी मैग्डेलेना फ्रेच ने 6-2, 6-2 से पराजित किया। सात बार की ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन वीनस ने मैच के बाद कहा, 'मैंने यहां खेलने का पूरा आनंद उठाया। निश्चित रूप से परिणाम मेरे अनुकूल नहीं रहा लेकिन मुझे यहां काफी कुछ सीखने को मिला। खेल और जीवन की खास बात यह है कि आप कभी सीखना बंद नहीं करते।' वीनस ने पिछली बार अगस्त 2019 में सिनसिनाटी ओपन में कम से कम दो मैच जीते थे। उन्होंने तब क्वार्टर फाइनल में मैडिसन कीज़ से हारने से पहले लगातार तीन जीत हासिल की थीं। इस बीच शीर्ष वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला 2021 की अमेरिकी ओपन की उपविजेता लेयला फर्नांडीज से 6-3, 1-6, 7-5 से हार गईं जबकि एम्मा राडुकानू ने नाओमी ओसाका को 6-4, 6-2 से हराया।

**'पोलैंड में चोपड़ा-नदीम का आमना-सामना असंभव'**

पोलैंड में डायमंड लीग में दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा और मौजूदा चैंपियन अरशद नदीम के बीच बहुप्रतीक्षित मुकाबले पर अनिश्चितता बनी हुई है क्योंकि पाकिस्तानी भाला फेंक खिलाड़ी की हाल में इंग्लैंड में पिंडली की मांसपेशियों की सर्जरी हुई है।

चोपड़ा और नदीम 2024 पेरिस ओलंपिक में पुरुषों की भाला फेंक प्रतियोगिता के एक साल बाद अगले महीने पहली बार आमने-सामने होने वाले थे। पाकिस्तानी एथलीट ने पेरिस ओलंपिक में 92.97 मीटर के शानदार थ्रो से स्वर्ण पदक जीता था। टोक्यो ओलंपिक 2021 में स्वर्ण पदक जीतने वाले 27 वर्षीय चोपड़ा को पेरिस में 89.45 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

## भारत को मिलेगी 2036 ओलंपिक की मेजबानी?

# आईओए के सीईओ अय्यर ने कहा-कुछ भी कहना जल्दबाजी

नई दिल्ली, 25 जुलाई (एजेंसियां)। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) 2036 ओलंपिक की मेजबानी के अधिकार मिलने को लेकर बहुत सकारात्मक है, लेकिन उसे लगता है कि अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी क्योंकि और भी देश इस दौड़ में शामिल हो रहे हैं। कतर नवीनतम देश है जिसने खुलासा किया है कि उसने 2036 खेलों की मेजबानी के अधिकारों के लिए अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के भविष्य मेजबान आयोग के साथ बातचीत प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह मेजबान देश के चयन से पहले की लंबी प्रक्रिया का पहला कदम है।



आईओए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) रघुराम अय्यर ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'हम यह मानना चाहेंगे कि हम बहुत सकारात्मक हैं, लेकिन फिर भी यह कहना जल्दबाजी होगी कि किसे मेजबानी के अधिकार मिलेंगे, क्योंकि अब भी कई देश इसमें शामिल हो रहे हैं।' भारत ने पिछले साल ओलंपिक की मेजबानी के लिए रुचि पत्र प्रस्तुत किया था और वह आईओसी के भविष्य मेजबान आयोग (एफएचसी) के साथ निरंतर संवाद प्रक्रिया में एक कदम आगे है। अगला कदम लक्षित संवाद प्रक्रिया है जिसके बाद ही एफएचसी आईओसी कांग्रेस को पसंदीदा मेजबान देश की सिफारिश करेगा। उन्होंने कहा कि 2036 ओलंपिक के लिए मेजबान देश का नाम दो साल बाद ही पता चलने की संभावना है क्योंकि आईओसी ने खुद पूरी प्रक्रिया पर 'रोक' लगाने की घोषणा की है। अय्यर ने कहा, 'हम इस समय आईओसी के साथ निरंतर बातचीत के दौर में हैं। आईओसी के लिए अभी ठहरकर सोचने का समय है क्योंकि उसे अभी नया अध्यक्ष मिला है जो आईओसी में कुछ बदलाव ला रहा है। अगले कुछ वर्षों में हमें पता चल जाएगा कि यह किस दिशा में बढ़ रहा है।'

वहीं आईओए के कार्यकारी सदस्य हरपाल सिंह ने 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की बोली के फैसले पर कहा, 'यह प्रक्रिया चल रही है। राष्ट्रमंडल खेल प्रतिनिधि, टीम प्रबंधन और खेल प्रबंधन पहले सभी संभावित मेजबानों से बातचीत करेंगे जिसके बाद नवंबर के आखिरी हफ्ते में ग्लास्गो में होने वाली आमसभा में मेजबान को चुना जाएगा।' कनाडा के बोली की दौड़ से हटने के बाद भारत की 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी पाने की संभावनाएं बढ़ गई हैं। उन्होंने कहा, 'हमें पूरी उम्मीद है कि 2030 के खेल भारत में आयोजित होंगे।' आईओए एथलीट आयोग के उपाध्यक्ष शरत कमल ने 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस पर इंडिया प्लेज कार्यक्रम शुरू करने की घोषणा की जिसका उद्देश्य 10 करोड़ लोगों को किसी विशेष खेल या किसी गतिविधि में भाग लेने के लिए प्रेरित करना है। पूर्व टेबल टेनिस खिलाड़ी शरत ने कहा, 'हम स्पष्ट रूप से देख सकते हैं कि भारत एथलीट-केंद्रित कार्यक्रमों बनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।'

## डॉ. आर. गोपालकृष्णन ने डीआरएम का पदभार संभाला



हैदराबाद, 25 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। वर्ष 1998 बैच के भारतीय रेल यातायात सेवा (आईआरटीएस) अधिकारी डॉ. आर. गोपालकृष्णन ने 24 जुलाई 2025 को सिकंदराबाद मंडल, दक्षिण मध्य रेलवे के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) का पदभार ग्रहण किया है। इस पदस्थापना से पहले, वे सिकंदराबाद मंडल के अतिरिक्त मंडल रेल प्रबंधक के पद पर कार्यरत थे।

डॉ. गोपालकृष्णन ने आईआईटी दिल्ली से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में बी.टेक, दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रबंधन अध्ययन संकाय (एफएमएस) से एमबीए और सिंगापुर प्रौद्योगिकी एवं डिजाइन विश्वविद्यालय (एसयूटीडी) से इंजीनियरिंग सिस्टम एवं डिजाइन में पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है। उनकी व्यावसायिक और शैक्षणिक पृष्ठभूमि तकनीकी विशेषज्ञता, रणनीतिक सोच और नेतृत्व के एक मजबूत मिश्रण को दर्शाती है।

अपने करियर के दौरान, डॉ. गोपालकृष्णन ने कई महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाई हैं। उन्होंने अत्यधिक जटिल मुंबई उपनगरीय रेलवे प्रणाली में परिचालन और वाणिज्यिक कार्यों का प्रबंधन किया है और रेलवे बोर्ड में राष्ट्रीय पेट्रोलियम लॉजिस्टिक्स का नेतृत्व किया है। उनके करियर का एक प्रमुख मील का पत्थर भारतीय रेलवे की डेटा एनालिटिक्स इकाई की स्थापना थी, जिसका उन्होंने पाँच वर्षों तक नेतृत्व किया। उनके नेतृत्व में, इकाई ने भारतीय रेलवे के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा रणनीति विकसित की और यात्री सेवाओं, माल ढुलाई संचालन, चालक दल अनुकूलन, बुनियादी ढाँचा नियोजन, सामग्री प्रबंधन और ट्रैक रखरखाव सहित विविध क्षेत्रों में कई नवीन उपयोग-मामलों को लागू किया। इन पहलों ने रेलवे संचालन के मूल में डेटा-संचालित निर्णय लेने को शामिल करने में मदद की।

उन्होंने भारत के राज्यों में 480,000 से अधिक घरों में भारत के पहले राष्ट्रीय घरेलू यात्रा सर्वेक्षण (एनएचटीएस) की अवधारणा में भी केंद्रीय भूमिका निभाई, जिसे अब राष्ट्रीय सर्वेक्षण संगठन द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है। उन्होंने शीर्ष-स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं में कई शोधपत्र प्रकाशित किए हैं और भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी), बैंगलोर में परिवहन मांग मॉडलिंग पर डॉक्टरेट स्तर के पाठ्यक्रम पढ़ाए हैं। सिंगापुर-एमआईटी स्कॉलर के रूप में, उन्होंने एमआईटी-यूएसए स्थित इंटेलिजेंट ट्रांसपोर्टेशन सिस्टम्स लैब और आईआईएससी के इंफ्रास्ट्रक्चर, सस्टेनेबल ट्रांसपोर्टेशन एंड अर्बन प्लानिंग सेंटर (सीआईएसटीयूपी) में अतिथि शोध पदों पर कार्य किया है।

## ई-गवर्नेंस और डिजिटल हेल्थ रिकॉर्ड्स में तेलंगाना और एस्टोनिया के बीच सहयोग: मंत्री श्रीधर बाबू



हैदराबाद, 25 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना सरकार ई-गवर्नेंस और सार्वजनिक सेवाओं के डिजिटलीकरण को मजबूत करने के लिए एस्टोनिया के साथ सहयोग करेगी। एस्टोनिया को डिजिटल गवर्नेंस और हेल्थकेयर डिजिटलीकरण के क्षेत्र में वैश्विक अग्रणी के रूप में मान्यता प्राप्त है। राज्य के आईटी और उद्योग मंत्री दुद्दिल्ला श्रीधर बाबू ने शुक्रवार को सचिवालय में भारत में एस्टोनिया की राजदूत श्रीमती मार्जे लूप और उनके नेतृत्व में आए उच्च स्तरीय व्यापार प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के बाद यह घोषणा की।

श्रीधर बाबू ने एस्टोनिया द्वारा स्वास्थ्य रिकॉर्ड्स के 100% डिजिटलीकरण और उन्नत डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए उसकी सराहना की और कहा कि तेलंगाना इस अनुभव और तकनीकी विशेषज्ञता से लाभ उठाना चाहता है। उन्होंने कहा, ई-गवर्नेंस और डिजिटल हेल्थ के क्षेत्र में एस्टोनिया की सफलता वास्तव में प्रेरणादायक है। तेलंगाना अभी स्वास्थ्य डेटा डिजिटलीकरण के प्रारंभिक चरण में है और हम एस्टोनिया की तकनीकी मदद से इस प्रक्रिया को तेज करना चाहते हैं। प्रतिनिधिमंडल में सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (ICT), आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI), रोबोटिक्स और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों के विशेषज्ञ शामिल थे। दोनों पक्षों ने उभरती तकनीकों और सार्वजनिक सेवा सुधारों में साझेदारी की संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया।

श्रीधर बाबू ने कहा, ई-गवर्नेंस पारदर्शी और कुशल सार्वजनिक सेवाएं प्रदान करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस दिशा में एस्टोनिया का सहयोग हमारे सिस्टम को बेहतर बनाने में अहम भूमिका निभा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि जैसे-जैसे सेवाएं डिजिटल हो रही हैं, उन्हें सुरक्षित बनाना भी उतना ही जरूरी है। साइबर सुरक्षा एक ऐसा क्षेत्र है जिसमें आपसी सहयोग जरूरी है। राज्य की तकनीकी क्षमताओं पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि ड्रोन तकनीक में तेलंगाना ने उल्लेखनीय प्रगति की है। हैदराबाद में निर्मित ड्रोन हाल ही में पाकिस्तान के साथ संघर्ष में प्रभावी ढंग से इस्तेमाल किए गए और उन्होंने शत्रु पक्ष को भारी नुकसान पहुँचाया। भविष्य के युद्ध ड्रोन और साइबर हमलों पर आधारित होंगे।,

मंत्री ने यह भी बताया कि तेलंगाना फूड प्रोसेसिंग और प्रीमियम ब्रांडेड शराब निर्माण में अग्रणी है और इन क्षेत्रों में भी एस्टोनिया के साथ साझेदारी की संभावनाएं तलाशी जाएंगी। राजदूत मार्जे लूप के सितंबर में एस्टोनिया आमंत्रण पर सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए श्रीधर बाबू ने पुष्टि की कि राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल एस्टोनिया का दौरा करेगा। उन्होंने कहा, हमारी टीम शिक्षा, ई-गवर्नेंस, एआई और रोबोटिक्स जैसे क्षेत्रों में सहयोग के विषय पर विस्तृत चर्चा करेगी। इस बैठक में आईटी और उद्योग विभाग के विशेष मुख्य सचिव संजय कुमार, इलेक्ट्रॉनिक सेवा वितरण (मी सेवा) के आयुक्त रविकिरण और उद्योग आयुक्त निखिल चक्रवर्ती सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## तेलंगाना कैबिनेट की बैठक 28 जुलाई तक स्थगित

हैदराबाद, 25 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना राज्य कैबिनेट की बैठक (जो शुक्रवार को होनी थी) अब 28 जुलाई के लिए पुनर्निर्धारित कर दी गई है। अब यह सोमवार, 28 जुलाई को दोपहर 2 बजे हैदराबाद स्थित डॉ.बी.आर. अंबेडकर सचिवालय में होगी। शुरूआत में शुक्रवार शाम 4 बजे होने वाली यह बैठक मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी और कई महत्वपूर्ण मंत्रियों की अनुपस्थिति के कारण स्थगित कर दी गई, जो इस समय नई दिल्ली में हैं। मंत्री पोन्नम प्रभाकर, कोंडा सुरेखा और वक्ति श्रीहरि राजधानी में आयोजित कांग्रेस ओबीसी नेतृत्व भागीदारी न्याय महासम्मेलन में भाग ले रहे हैं। उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क और सिंचाई मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी भी दिल्ली दौरे पर हैं। रेवंत रेड्डी, जिन्होंने पिछले दो दिन राष्ट्रीय राजधानी में बिताए हैं, हैदराबाद लौट आए हैं। परिणामस्वरूप, कैबिनेट बैठक में पूर्ण भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए, मुख्यमंत्री ने 28 जुलाई को एक बार फिर बैठक निर्धारित की है। कैबिनेट बैठक में किसानों, मानसून कृषि, बिजली आपूर्ति, नई नीतियों, भूमि सर्वेक्षण और ऋण माफी आदि से संबंधित मामलों सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होने की उम्मीद है।

## आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में परिसीमन नहीं होगा : सुप्रीम कोर्ट में याचिका खारिज

हैदराबाद, 25 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में विधानसभा सीटों के परिसीमन की मांग करने वाली याचिका को खारिज कर दी। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि संविधान के अनुच्छेद 170(3) के तहत 2026 के बाद की जनगणना तक परिसीमन की अनुमति नहीं है।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन. कोटेश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम की धारा 26 परिसीमन से संबंधित संवैधानिक प्रावधान (अनुच्छेद 170) के अधीन है। जिसके अनुसार परिसीमन 2026 की जनगणना के बाद ही किया जा सकता है। न्यायालय ने माना कि अनुच्छेद 170(3) परिसीमन की याचिका पर विचार करने में एक संवैधानिक बाधा है। ऐसी याचिका को स्वीकार करने से अन्य राज्यों के लिए मुकदमेबाजी के दरवाजे खुल जाएंगे।

कोर्ट ने जम्मू-कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश के संदर्भ में भेदभाव के तर्क को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि राज्यों में परिसीमन से संबंधित प्रावधान केंद्र शासित प्रदेशों की तुलना में अलग हैं। कोर्ट ने माना कि जम्मू-कश्मीर के लिए जारी परिसीमन अधिसूचना से आंध्र प्रदेश और तेलंगाना को बाहर रखना न तो मनमाना है और न ही भेदभावपूर्ण।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा, संविधान में केंद्र शासित प्रदेशों और राज्यों के बीच संवैधानिक भेद हैं। जम्मू-कश्मीर को एक केंद्र शासित प्रदेश के रूप में पुनर्गठित किया गया है। वह संविधान के भाग 7 के अध्याय 3 के प्रावधानों द्वारा शासित नहीं होता है। केंद्र शासित प्रदेश संसद द्वारा बनाए गए कानूनों द्वारा शासित होते हैं। इस तर्क में कोई दम नहीं है कि आंध्र प्रदेश और तेलंगाना को बाहर रखना भेदभावपूर्ण या मनमाना है।

**याचिका में कई गई थी यह मांग**

बता दें कि प्रोफेसर के. पुरुषोत्तम रेड्डी द्वारा दायर की गई रिट याचिका में केंद्र सरकार को आंध्र प्रदेश में पुनर्गठन अधिनियम की धारा 26 को लागू करने के निर्देश देने की मांग की गई थी। याचिका में यह तर्क दिया गया कि केवल नवगठित केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की विधानसभा और लोकसभा सीटों का परिसीमन करना, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना को इससे बाहर रखना एक अनुचित वर्गीकरण उत्पन्न करता है इसलिए, यह असंवैधानिक है।

## टीटीडी ट्रस्ट को हैदराबाद के दानदाताओं से मिला 5.6 करोड़ रुपये का दान

तिरुपति, 25 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) को हैदराबाद के दो दानदाताओं, एक दिवंगत आईआरएस अधिकारी और एक निजी कंपनी से कुल 5.6 करोड़ रुपये का दान प्राप्त हुआ। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, दिवंगत आईआरएस अधिकारी वाईवीएसएस भास्कर राव ने मंदिर ट्रस्ट को 3.66 करोड़ रुपये की संपत्ति दान की थी। दान में 3 करोड़ रुपये मूल्य की एक आवासीय संपत्ति और 66 लाख रुपये नकद शामिल थे। यह योगदान औपचारिक रूप से टीटीडी अधिकारियों को सौंप दिया गया।

66 लाख रुपये नकद विभिन्न टीटीडी ट्रस्टों के बीच वितरित किए जाने हैं, जिसमें श्री वेंकटेश्वर अन्नप्रसादम ट्रस्ट को 36 लाख रुपये और श्री वेंकटेश्वर सर्व श्रेयस ट्रस्ट, वेद परिरक्षण ट्रस्ट, गो संरक्षण ट्रस्ट, विद्यादान ट्रस्ट और श्रीवानी ट्रस्ट को 6 लाख रुपये शामिल हैं। बयान में कहा गया है कि राव के तीन ट्रस्टियों ने संपत्ति के दस्तावेज और दान के चेक टीटीडी के अतिरिक्त कार्यकारी अधिकारी वेंकैया चौधरी को सौंपे। ट्रिनिटी कंबाइन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने मंदिर निकाय के श्री वेंकटेश्वर अन्नप्रसादम ट्रस्ट को कई चेकों के माध्यम से 2 करोड़ रुपये का योगदान दिया। विज्ञप्ति में कहा गया है कि कंपनी के प्रतिनिधियों ने तिरुमाला के रंगनायकुला मंडपम में चौधरी को दान सौंपा।

## पुलिस, वन अधिकारियों पर हमला करने के आरोप में 29 गिरफ्तार

आदिलाबाद, 25 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। 19 जुलाई को इकोडा मंडल के केशवपटनम गांव में वन विभाग द्वारा चलाए गए वृक्षारोपण अभियान के दौरान पुलिसकर्मियों और वन अधिकारियों पर पथराव करने और हमला करने के आरोप में अब तक 29 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार, सात पुलिसकर्मियों और कई वन अधिकारियों पर हमले में शामिल होने के आरोप में 29 ग्रामीणों को गिरफ्तार किया गया है। 30 लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया है। मुख्य आरोपी अल्ताफ फरार है। पुलिस ने कहा कि और गिरफ्तारियाँ होने की संभावना है, क्योंकि 21 जुलाई को आठ लोगों को पहले ही हिरासत में लिया जा चुका है।

सूत्रों ने बताया कि हिंसक घटना के बाद शुरुआत में 30 से 40 ग्रामीणों को हिरासत में लिया गया था। अधिकारी इस हमले को गंभीरता से ले रहे हैं, क्योंकि इलाके में अराजकता की प्रवृत्ति बढ़ रही है। पुलिस ने कहा कि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए कड़ी कार्रवाई की जाएगी। रविवार को उस समय ताज़ा तनाव फैल गया जब महिलाओं समेत स्थानीय लोगों ने पुलिस के साथ आए वन कर्मचारियों पर कथित तौर पर पथराव किया।

## बाल सुधार गृह से पांच लड़के फरार

हैदराबाद, 25 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। सैदाबाद स्थित सरकारी बाल गृह से पांच लड़के कथित तौर पर भाग गए। यद्यपि यह घटना 21 जुलाई को घटी थी, लेकिन इसका खुलासा तब हुआ जब किशोर सुधार गृह के अधिकारियों ने पुलिस से संपर्क कर गुरुवार को शिकायत दर्ज कराई। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, 16 से 17 साल की उम्र के इन लड़कों ने इमारत के भूतल पर स्थित डाइनिंग सेक्शन में अन्य कैदियों के साथ खाना खाया। इसके बाद वे पहली मंजिल पर गए, जहां से उन्होंने ग्रिल के दरवाजे का ताला तोड़ा और भाग निकले।

भागने वालों में से तीन कथित तौर पर तेलंगाना के और दो आंध्र प्रदेश के थे। जब उनके साथी कैदियों को पता चला कि वे लापता हैं, तो उन्होंने अधिकारियों को सूचित किया। पुलिस को संदेह है कि यह एक सुनियोजित पलायन था, जिसमें उनके दोस्तों और किशोर सुधार गृह के अन्य कैदियों का सहयोग था। सभी संभावित स्थानों पर उनकी तलाश करने के बाद अधिकारियों ने पुलिस को सूचित किया। किशोर सुधार गृह के अधिकारियों द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर सैदाबाद पुलिस जांच कर रही है। लापता बच्चों का पता लगाने के लिए विशेष टीमें काम कर रही हैं।

## भारत ने ड्रोन से दागी गाइडेड मिसाइल

### डीआरडीओ के परीक्षण में सफल रही यूएलपीजीएम-वी3, सैन्य क्षमता होगी मजबूत

कुर्नूल, 25 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। भारत ने यूएवी लॉन्च्ड प्रिसिजन गाइडेड मिसाइल-वी3 का सफल परीक्षण किया है। यह परीक्षण आंध्र प्रदेश के कुर्नूल जिले में स्थित नेशनल ओपन एरिया रेंज परीक्षण स्थल पर किया गया। इस शानदार उपलब्धि की जानकारी रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को एक्स के जरिए साझा की।

सफल परीक्षण को लेकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लिखा, भारत की रक्षा क्षमताओं को बढ़ावा देते हुए डीआरडीओ ने आंध्र प्रदेश के कर्नूल में स्थित परीक्षण रेंज नेशनल ओपन एरिया रेंज (एनओएआर) में यूएवी लॉन्च्ड प्रिसिजन गाइडेड मिसाइल (यूएलपीजीएम)-वी3 का सफलतापूर्वक उड़ान परीक्षण किया है। यूएलपीजीएम-वी3 प्रणाली के विकास और सफल परीक्षणों के लिए डीआरडीओ और इंडस्ट्री पार्टनर्स, एमएसएमई और स्टार्ट-अप को बधाई। यह सफलता साबित करती है कि भारतीय उद्योग अब महत्वपूर्ण रक्षा प्रौद्योगिकियों को आत्मसात करने और उत्पादन करने के लिए तैयार है।


इससे पहले मई में भारतीय सेना ने पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज, बबीना फील्ड फायरिंग रेंज और जोशीमठ सहित देशभर के प्रमुख स्थानों पर व्यापक क्षमता का प्रदर्शन किया था। 31 मई को जारी एक आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार ये क्षेत्र परीक्षण लगभग युद्ध जैसी परिस्थितियों में किए गए थे। जिसमें अत्याधुनिक रक्षा प्रणालियों के प्रदर्शन का गहन मूल्यांकन करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक युद्ध सिमुलेशन को एकीकृत किया गया था। 27 मई को थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने बबीना फायरिंग रेंज का दौरा किया और चल रहे प्रदर्शनों की समीक्षा की तथा सभी हितधारकों से बातचीत की।

यूएवी लॉन्च्ड प्रिसिजन गाइडेड मिसाइल (यूएलपीजीएम)-वी3 भारत की रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा विकसित एक उन्नत हथियार प्रणाली है।

## जिला कलेक्टर ने शमशाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया



हैदराबाद, 25 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। रंगारेड्डी जिला कलेक्टर सी. नारायण रेड्डी ने शुक्रवार को शमशाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया गया। इस मौके पर जिला कलेक्टर ने कहा कि अस्पताल के आसपास का वातावरण साफ-सुथरा रखा जाना चाहिए, साफ-सफाई की व्यवस्था की जानी चाहिए। मरीजों को आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जानी चाहिए। जिला कलेक्टर अस्पताल में मरीजों को चिकित्सा सुविधा उपलब्धता के बारे में जानकारी लेते हुए अस्पताल में पर्याप्त चिकित्सा कर्मचारियों की संख्या आदि के बारे में विस्तार से जानकारी ली। पूरा स्टाफ ड्यूटी पर था या नहीं, इसकी जांच की गई। सीएचसी के माध्यम से प्रदान की जा रही गई चिकित्सा सेवाओं के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए चिकित्सा अधिकारी से पूछा। उन्होंने कहा कि सभी प्रकार की दवाइयां पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बीमारियों पर नियंत्रण के लिए सावधानियां बरती जानी चाहिए। प्रतिदिन कितने बाह्य रोगी और कितने अंतः रोगी अस्पताल में आते हैं? डॉक्टर से पूछताछ की गई। अस्पताल के सभी वार्डों का दौरा किया गया।






Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.